वार्षिक प्रतिवेदन
2019 - 2020

ANNUAL REPORT
2019 - 2020



प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

INSTITUTE FOR **PLASMA RESEARCH**

Bhat, Gandhinagar - 382428.



आदित्य अपग्रेड पर लगाया गया इंडक्टिव पेलेट इंजेक्टर (आईपीआई)

Inductive Pellet Injector (IPI) mounted on ADITYA-U

आईपीआर में एसएसटी-1 का मुआयना करते हुए अध्यक्ष, पऊआ एवं सचिव, पऊवि श्री के. एन. व्यास

Chairman, AEC & Secretary, DAE Shri K. N. Vyas visiting SST-1 at IPR

आईपीआर के एचपीसी क्लस्टर ANTYA पर सिमुलेशन प्रदर्शन द्वारा प्राप्त आवर्ती टेलर-ग्रीन (टीजी) प्रवाह

Recurring Taylor-Green (TG) Flow obtained by performing a simulation on IPR HPC cluster ANTYA



वार्षिक प्रतिवेदन
2019-2020

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
Institute for **Plasma Research**

भाट, गांधीनगर - 382428

प्रबंध परिषद

1) श्री के.एन. व्यास	अध्यक्ष
2) डॉ.ए.के.मोहंती	सदस्य
3) डॉ.अमित रॉय	सदस्य
4) श्री तपन मिश्रा	सदस्य
5) डॉ.सिराज हसन	सदस्य
6) डॉ.मंजीत सिंह	सदस्य
7) डॉ.एस.चतुर्वेदी	सह-अध्यक्ष
8) श्री ए.आर. सुले	सदस्य
9) श्रीमती ऋचा बागला	सदस्य
10) श्रीमती अंजु शर्मा	सदस्य
11) डॉ.पी.के.आत्रेय	सदस्य
12) श्री एन.वैष्णव	गैर-सदस्य सचिव

कार्यकारी सारांश

नाभिकीय संलयन कार्यक्रम

"डिस्रप्शन" नामक प्रक्रिया के दौरान टोकामॅक, प्लाज़्मा के तीव्र विनाश के प्रति अति संवेदनशील होते हैं - मशीन की संभावित क्षति के कारण, इटर जैसे रिएक्टर-स्केल की युक्तियों में यह एक प्रमुख चिंता का विषय है। विकिरण के माध्यम से संग्रहीत ऊर्जा का धीरे-धीरे निस्सरण होना वांछनीय है। दुनिया में पहली बार, एक विद्युत चुम्बकीय उच्च गति की पेलेट इंजेक्टर को आदित्य--अपग्रेड टोकामॅक पर लगाया गया है। इंजेक्ट किये गये लिथियम टाइटनेट और लिथियम कार्बोनेट पेलेट, कुछ मिली सेकेंड में गर्म प्लाज़्मा कोर तक पहुंचते हैं और अपनी थर्मल ऊर्जा को विकरित करते हैं, जिससे प्लाज़्मा करंट, तापमान और घनत्व में तेजी से कमी आती है। आईपीआर और बीएआरसी विशाखापट्टनम के बीच यह एक सहयोगात्मक प्रयास है। आदित्य-अपग्रेड की दीवार के बेहतर अनुकूलन और लिथियमीकरण से ~330 मिलीसेकंड की पल्स लंबाई के साथ ~150 kA के प्लाज़्मा करंट डिस्चार्ज की पुनरावृत्ति हुई है।

स्थिर-अवस्था अतिचालक टोकामॅक (एसएसटी -1) में, प्रायोगिक अभियान को 15 दिनों की रिकॉर्ड अवधि तक बढ़ाते हुए 650 मिलीसेकंड तक के प्लाज़्मा पल्स अवधि के साथ 300 प्लाज़्मा शॉट्स लिये गये हैं, जो अब तक प्राप्त सबसे बेहतर शॉट्स से 30% अधिक है, और प्लाज़्मा पैरामीटरों की पुनःउत्पदान क्षमता बेहतर है। निर्वात पात्र के अंदर प्रारंभिक शून्य चुंबकीय क्षेत्र में सुधार के कारण यह संभव हो पाया, जो उच्च गैस भरण दबाव से 42 गीगाहट्र्ज पर इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन हीटिंग के सीमित पल्स से प्लाज़्मा का निर्माण होने देता है। बेहतर प्लाज़्मा घनत्व, 3.7 गीगाहट्र्ज़ पर अंतःक्षेपित शक्ति के उपयोग से करंट ड्राइव लंबी अवधि तक होने देता है, जो वेव लांचर के समीप कम गुणवत्ता वाले प्लाज़्मा के कारण अब तक संभव नहीं था। इसके अलावा प्लाज़्मा हीटिंग के लिए इस्तेमाल की जाने वाली तीन आवृत्ति रेंज (दसियों मेगाहट्र्ज, कुछ गीगाहट्र्ज, दसियों गीगाहट्र्ज) को एसएसटी-1 में पहली बार एक साथ प्रयुक्त किया गया है। क्रायो-इन्सुलेशन में सुधार करने से क्रायो-संयंत्र द्वारा कॉइल शीतलन के अलावा द्रव हीलियम के उत्पादन में मदद मिली है, जिससे अब करंट लीड को शीतलित किया जा सकेगा।

इटर परियोजना में भारत की ओर से महत्वपूर्ण योगदान में मुख्य भाग क्रायोस्टेट है- जो दुनिया का सबसे बड़ा (निर्वात पात्र) वैक्यूम वेसल है, जिसका वज़न 3800 टन, व्यास 30 मीटर और ऊँचाई 30 मीटर है। क्रायोस्टेट बेस सेक्शन की सब-असेंबली, जिसका वजन 1250 टन है, को सफलतापूर्वक पूरा किया गया और इटर संगठन को सौंप दिया गया है। इस स्तर और परिमाण के प्रथम घटक के निर्माण कार्य को पूर्ण सटिकता के साथ संपन्न किया गया। 23 जुलाई 2019 को इसका एक सुपुर्दगी समारोह आयोजित किया गया, जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व डॉ. अनिल काकोडकर और भारतीय राजदूत ने फ्रांस में किया। इटली के पडुआ में स्पाइडर परीक्षण सुविधा एक अन्य उपलब्धि है, जिसने 96 kV, 75 A त्वरण ग्रिड शक्ति आपूर्ति का उपयोग करके पहले स्पाइडर हाइड्रोजन बीम का उत्पादन किया है। इसे भारत में विकसित किया गया था और वस्तु रूप में योगदान के रूप में इटर को सप्लाई किया गया है। कूलिंग वॉटर के पाइपिंग नेटवर्क और उपकरण (चिलर्स, पंप, इलेक्ट्रिकल पैनल आदि) का प्रमुख हिस्सा इटर-भारत द्वारा सप्लाई किया गया है। इटर की मुख्य सहायक प्रणालियाँ (क्रायोजेनिक संयंत्र, पावर कन्वर्टर्स, आदि), इस प्रणाली से ठंडा पानी प्राप्त करती हैं। वैक्यूम वेसल के भीतरी दीवार के परिरक्षण और क्रायोजेनिक प्रणाली के लिए मल्टी-प्रोसेस ट्रांसफर लाइनों से संबंधित सुपुर्दगियों में भी काफी प्रगति हुई है।

संलयन प्रौद्योगिकियों के स्वदेशी विकास में अच्छी प्रगति हुई है। आईपीआर की हाई हीट फ्लक्स टेस्ट फैसिलिटी (एचएचएफटीएफ) का उपयोग एक धनात्मक आयन न्यूट्रल बीम इंजेक्टर (पीआईएनआई) के स्वदेशीय विकसित वॉटर-कूल्ड बैक-प्लेट पर 2.5 MW/m^2 तक हीट लोड परीक्षण करने के लिए किया गया है। स्वदेशीय क्रायोप्लांट के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए उद्योग-स्तर के एक एयर कंप्रेसर को सफलतापूर्वक हीलियम कंप्रेसर में रूपांतरित किया गया है और इसे 60 g/s के हीलियम प्रवाह दर और 14.5 bar के डिलीवरी प्रेशर के साथ 24 घंटे के लिए लगातार बंद लूप में संचालित किया गया है। संलयन मशीन में अति-उच्च निर्वात (यूएचवी) प्रणाली के साथ प्लाज़्मा में उच्च स्तरीय माइक्रोवेव पावर (कुछ गीगाहट्र्ज, सैकड़ों किलोवाट) के युग्मन की आवश्यकता होती है। इसके लिए एक "विंडो" की आवश्यकता होती है जो एक तरफ यूएचवी वातावरण के साथ

संगत होती है और उसके दूसरी तरफ 3 bar दबाव होता है। ऐसी विंडो अब तक आयात की जाती थी। एक आरएफ पिल बॉक्स प्रकार की वैक्यूम विंडो को 1 सेकंड की अवधि के साथ 125 kW के लिए 3.7 GHz पर संचालित करने के लिए स्वदेश में डिज़ाइन और विकसित किया गया है। धातु (तांबा) से सिरेमिक (एल्यूमिना) की वैक्यूम ब्रेज़िंग को संस्थापित और अनुकूलन करना एक बड़ी चुनौती थी, जिसमें ब्रेज़िंग सेट-अप, इसके फिक्सचर, सटीक मशीनिंग और ब्रेज़िंग प्रक्रिया शामिल है। उच्च तापमान पर एक वैक्यूम ब्रेजिंग चक्र में तीन भिन्न-भिन्न धातुओं (तांबा, स्टेनलेस स्टील और एल्यूमिना) की वैक्यूम ब्रेज़िंग की भी आवश्यकता होती है।

ANTYA नाम की एक नई हाई परफॉरमेन्स कम्प्यूटिंग (एचपीसी) सुविधा को आईपीआर में कमीशन किया गया है और यह सुविधा चौबिसों घंटे परिचालन में है। इसमें लगभग 1 पेटाफ्लॉप का सैद्धांतिक शीर्ष प्रदर्शन और लगभग 0.65 पेटाफ्लॉप निरंतर प्रदर्शन है। मशीन की पूरी क्षमताओं का उपयोग करके ओपन-सोर्स कोड (LAMMPS और PLUTO) के व्यापक स्केलिंग अध्ययन पूरे किए गए हैं। इन उच्च स्केलेबल ओपन-सोर्स कोड के लिए 10,000 कोर तक के स्केलिंग का प्रदर्शन किया गया है। ANTYA पर वितरित वातावरण में चलाने के लिए इन-हाउस विकसित कोड के साथ सहभागिता-आधारित कोड सफलतापूर्वक स्थापित किए गए हैं। मूलभूत अध्ययन हेतु विभिन्न प्लाज़्मा/संलयन प्रणालियों के अनुकरण के लिए आवश्यक गहन कंप्यूटेशन और सामाजिक उपयोगों जैसे प्लाज़्मा पाइरोलिसिस-आधारित अपशिष्ट निपटान प्रणालियों के डिज़ाइन को ANTYA की सहायता से बहुत सुविधाजनक बनाया जा रहा है। वास्तव में, इससे पूर्ण-स्तरीय अध्ययनों में मदद मिली है जो पहले संभव नहीं था।

प्लाज़्मा के सामाजिक और औद्योगिक उपयोगों के विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। आईपीआर ने भूमि भराव लाइनिंग(परत) के लिए बहुपरत भू-झिल्लियों के कार्य-निष्पादन को बेहतर बनाने के लिए इनलाइन प्लाज़्मा-आधारित बहुलक(पॉलिमर) सतह सक्रियण प्रणाली को डिज़ाइन और विकसित किया है। प्लाज़्मा उपचार से उच्च-घनत्व पॉलिथिलीन (एचडीपीई) परतों के बीच आसंजन में सुधार होने की उम्मीद है, जिससे पानी की उपस्थिति में जीवनकाल में वृद्धि होती है, और प्रदूषणकारी गैसों का उत्सर्जन समाप्त हो जाता है। सीआईपीईटी में इस प्रणाली का मूल्यांकन किया जा रहा है। एक स्वदेशीय विकसित प्रोटोटाइप हेलिकोन प्लाज़्मा थ्रस्टर प्रणाली को 10 मिली न्यूटन थ्रस्ट पर 1500 W के इनपुट आरएफ पावर लेवल के साथ संचालित किया गया है। कम ऊर्जा आयन बीम किरणन द्वारा एक वॉटर-रिप्पेलेंट सुपर-हाइड्रोफोबिक टेफ्लॉन सतह का उत्पादन किया गया है। इस तरह की सतहों का उपयोग कई अनुप्रयोगों के लिए किया जा सकता है, जैसे कि स्व-सफाई, एंटी-स्क्रैच, एंटी-आइसिंग, एंटी-जंग एवं फॉग हार्वेस्टिंग। कैंसर के इलाज के लिए, इन-विट्रो के साथ-साथ इन-विवो अध्ययनों के आधार पर, आईपीआर में विकसित प्लाज़्मा-जेट के उपयोग की जाँच करने के लिए कई चिकित्सा अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोग किया जा रहा है। परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों में उपयोग किए जाने वाले जिरकोनियम मिश्र धातु ट्यूबों पर बहुपरत(TiN, TiAlN) कोटिंग्स के विकास की जाँच, शीतलक पानी द्वारा पानी की ओर के क्षरण को कम करने के लिए की जा रही है।

निदेशक,
आईपीआर

वार्षिक प्रतिवेदन

अप्रैल 2019 से मार्च 2020 तक

वर्ष 1986 से यह संस्थान प्लाज़्मा भौतिकी अनुसंधान में द्रुत गति से बढ़ रही सुविधाओं, प्रशिक्षित मानव संसाधन एवं कई फलित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सहयोगों के साथ प्रगति कर रहा है। एक छोटे टोकामॅक प्रयोग एवं मौलिक प्लाज़्मा प्रयोग से प्रारम्भ करके यह संस्थान नियंत्रित तापनाभिकीय संलयन के लिए आवश्यक सभी उपयुक्त वैज्ञानिक तथा तकनीकी आवश्यकताओं में विशेषज्ञता प्राप्त कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय तापनाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर (इटर) परियोजना में देश की प्रतिभागिता के माध्यम से विकसित प्रौद्योगिकियों का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षण किया जा रहा है। इसके अलावा इस प्रकार विकसित प्रौद्योगिकियाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं और कई अन्य सामाजिक समस्याओं के लिए उपयोग में लायी जा रही हैं, जिससे देश लाभान्वित हो रहा है।

अध्याय

A. वैज्ञानिक तथा तकनीकी कार्यक्रमों का सारांश........................01

B. इटर-भारत की गतिविधियाँ...37

C. शैक्षिक कार्यक्रम...46

D. तकनीकी सेवाएँ..47

E. प्रकाशन एवं प्रस्तुति...49

F. अन्य गतिविधियाँ 103

अध्याय A

वैज्ञानिक तथा तकनीकी कार्यक्रमों का सारांश

A.1 प्लाज़्मा आधारित प्रौद्योगिकियाँ एवं उपयोग 02

A.2 मूलभूत प्लाज़्मा भौतिकी 07

A.3 टोकामॅक प्लाज़्मा प्रयोग 16

A.4 संलयन एवं संबंधित प्रौद्योगिकियाँ 22

A.5 सैद्धांतिक, मॉडलिंग एवं कंप्यूटेशनल
प्लाज़्मा भौतिकी 27

A.1 प्लाज़्मा आधारित प्रौद्योगिकियाँ एवं उपयोग

आईपीआर, विभिन्न सामाजिक उपयोगों जैसे अपशिष्ट प्रबंधन, चिकित्सा/स्वास्थ्य, कृषि, कपड़ा, औद्योगिक, अंतरिक्ष और रक्षा हेतु प्लाज़्मा प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए दीर्घकालिक, केन्द्रित कार्यक्रम पर कार्य कर रहा है। ये समय-बद्ध परियोजनाएं हैं, जिनमें उद्योग सहित विभिन्न लक्ष्य-उपयोगकर्ता के साथ सहभागिता सहित निश्चित सुपुर्दगियाँ शामिल है।

A.1.1 प्लाज़्मा सतह इंजीनियरिंग के उपयोग 02
A.1.2. वायुमण्डलीय प्लाज़्मा के उपयोग 03
A.1.3. प्लाज़्मा थ्रस्टर्स 05
A.1.4. बाहरी परियोजनाएँ 05

A.1.1 प्लाज़्मा सतह इंजीनियरिंग के उपयोग

निम्न ऊर्जा आयन बीम विकिरण द्वारा उत्पादित जल विकर्षक सुपर हाइड्रोफोबिक पीटीएफई सतह: बेहतर पानी-विकर्षक अनुप्रयोगों, जैसे कि स्व-सफाई, एंटी-स्क्रैच, एंटी-आइसिंग, जंग रोधक और कोहरा उत्पन्न करने की क्षमता के कारण सुपर हाइड्रोफोबिक सतहें एक रुचिकर विषय हैं। निम्न सतह ऊर्जा के साथ एक बड़ा संपर्क कोण ($\theta > 150^0$) होने से सुपर हाइड्रोफोबिसिटी प्राप्त होती है। सतह के गुणों को या तो सतह संरचना द्वारा या फिर सतह रसायन विज्ञान को बदलकर संशोधित किया जाता है। उच्च गर्मी प्रतिरोध, उत्कृष्ट विद्युत इन्सुलेशन और बायो संगतता के कारण टेफलॉन और टेफलॉन जैसी कोटिंग्स का ऑटोमोबाइल, नॉन-स्टिक कुकवेयर और मेडिकल अनुप्रयोगों में कई अनुप्रयोग हैं। हाइड्रोफोबिक प्रकृति के कारण पीटीएफई में सतह की संरचनाओं को संशोधित करके इसकी आर्द्र होने की क्षमता को बदलने के लिए कई अन्वेषण किये गए हैं। नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट में हाल ही में प्रकाशित हमारे अध्ययन में, 300 ev की कम ऊर्जा पर Ar+ आयन बीम विकिरण के कुछ सेकंड के बाद ही हमने पीटीएफई की हाइड्रोफोबिसिटी में उल्लेखनीय वृद्धि पायी है। हमने यह भी पाया कि निम्न ऊर्जा पर (300 eV-800 eV) Ar+ बीम विकिरण से पीटीएफई सतह सुपर हाइड्रोफोबिक हो जाती है। इसके अलावा, तिरछे आपतन विकिरण की मदद से, बहुत कम प्रवाह और ऊर्जा पर बिना किसी अतिरिक्त गैस और उच्च ऊर्जा आयन बीम के, सतह सुपरहाइड्रोफोबिक बन सकती है। एक तकनीकी दृष्टिकोण से, यह तकनीक छोटी अवधि के विकिरण के साथ थोक सुपरहाइड्रोफोबिक पीटीएफई शीट्स को विकसित करने के लिए सहायक होगी; इसके अलावा सतह के कुछ हिस्सों को मास्किंग या आयन बीम लेखन का उपयोग करके सुपरहाइड्रोफोबिक बनाया जा सकता है।



चित्र A.1.1. हाईड्रोफोबिक पीटीएफई सतह उत्पादित

मुंह की कैंसर कोशिकाओं के लिए प्लाज़्मा जेट का उपयोग करके इन-विट्रो और इन-विवो अध्ययन: आईपीआर, ACTREC के साथ मिलकर मुंह की कैंसर कोशिकाओं के साथ प्लाज़्मा जेट की परस्पर अंतर्क्रिया का अध्ययन कर रहा है। प्रारंभ में, प्लाज़्मा जेट मापदंडों को वोल्टेज और उपचार की अवधि के मामले में इन-विट्रो स्थिति के लिए अनुकूलित किया गया। इस अध्ययन में, जैविक आमापन का उपयोग करके मुंह के कैंसर, स्तन कैंसर और HEK293 सेल लाइन पर प्लाज़्मा जेट उपचार किया गया। हमारे इन-विट्रो निष्कर्षों के आधार पर हैम्स्टर बुक्कल पाउच (एचबीपी) मॉडल में उत्पन्न ट्यूमर पर प्रारंभिक इन- विवो अध्ययन शुरू किए गए। परस्पर अंतर्क्रिया के तंत्र को समझने के लिए आगे का अध्ययन प्रगति पर है।

जिरकोनियम मिश्र धातु ट्यूब पर बहुपरतीय (TiN, TiAlN) लेप का विकास: जिरकोनियम आधारित मिश्र धातु ट्यूब जो परमाणु ऊर्जा रिएक्टरों में उपयोग की जाती हैं, शीतलक पानी द्वारा सामान्य परिचालन स्थिति के तहत पानी के क्षरण से गुजरती हैं। इसके अलावा, शीतलक की स्थिति के क्षय के मामले में, तापमान बढ़ सकता है जिससे जंग प्रतिक्रियाओं और इससे संबंधित हाइड्रोजन उत्पादन का त्वरण हो सकता है। इस समस्या को कम करने के लिए TiN और TiAlN के बहुपरतीय लेपों का व्यापक रूप से अध्ययन किया गया है क्योंकि उनके पास उच्च तापमान पर बेहतर संक्षारण प्रतिरोध है। ऐसे कोटिंग्स के विकास की संभावना का पता लगाने के लिए विचार-विमर्श बैठकें आयोजित की गई और बेलनाकार मैग्नेट्रॉन स्पटरिंग का उपयोग करके इस तरह के कोटिंग्स को करने का निर्णय लिया गया है। तदनुसार आईपीआर में मौजूदा बेलनाकार मैग्नेट्रॉन स्पटरिंग प्रणाली को संशोधित किया गया। निर्वात प्रणाली में सब्स्ट्रेट रोटेशन असेम्ब्ली के साथ पानी द्वारा ठंडे किये टाइटेनियम (Ti) और एल्यूमीनियम (Al) बेलनाकार लक्ष्य शामिल किए गए थे। अलग-अलग और बहुपरत के रूप में TiN और TiAlN के जमाव के लिए प्रारंभिक प्रयोग किए गए। बेलनाकार स्टेनलेस स्टील ट्यूब के बाहरी तरफ TiN और TiAlN के जमाव के लिए प्रक्रिया को अनुकूलित किया गया है। भविष्य में जिरकोनियम मिश्र धातु ट्यूब पर समान कोटिंग विकसित की जाएगी और संक्षारण अध्ययन किया जाएगा।

चित्र A.1.3 सीआईपीईटी में संस्थापित वायु-प्लाज़्मा उपचार प्रणाली

A.1.2 वायुमंडलीय प्लाज़्मा के उपयोग

जिओ-मेम्ब्रेन में उपयोग आनेवाली एचडीपीई फिल्म की सतह संशोधन के लिए इनलाइन वायुमंडलीय दाब वायु प्लाज़्मा प्रणाली का विकास एवं आपूर्ति:- एचडीपीई (उच्च घनत्व पॉलीथीन) फिल्म की इनलाइन सतह संशोधन के लिए एक वायुमंडलीय दाब वायु प्लाज़्मा प्रणाली को एपीडी (वायुमंडलीय दाब प्लाज़्मा प्रभाग), आईपीआर द्वारा विकासित किया गया और मार्च 2020 में सीआईपीईटी(प्लास्टिक एवं इंजीनियरिंग केन्द्रीय संस्थान), अहमदाबाद में कमीशन किया गया है। इस प्रणाली में इलेक्ट्रॉड के 6 जोड़े शामिल है और यह हवा में 1.5 मीटर की चौड़ाई का एक समान ग्लो डिस्चार्ज प्लाज़्मा उत्पन्न करता है। इस परियोजना का उद्देश्य बेहतर विशेषताओं से युक्त एक मजबूत और शुद्ध जिओ-मेम्ब्रेन विकसित करना है। एचडीपीई फिल्म का प्लाज़्मा सतह संशोधन करने से नैनो-पैमाने की सतह का खुरदुरापन प्रेरित होता है और इसकी सतह ऊर्जा बढ़ती है, जिससे जिओ-मेम्ब्रेन में इस्तेमाल की जाने वाली एचडीपीई की विभिन्न परतों के बीच जुड़ाव में सुधार कर सकता है। प्लाज़्मा संशोधित एचडीपीई फिल्म से जिओमेम्ब्रेन विकसित करने के लिए सीआईपीईटी द्वारा विस्तृत प्रयोग किये जाएंगे।

सीईबीएस-पऊवि, मुंबई विश्वविद्यालय के लिए मूलभूत प्लाज़्मा

चित्र A.1.4 मु.वि-पऊवि सीईबीएस में संस्थापित आयन-ध्वनिक तरंग एवं लैंगम्यूर प्रोब प्रणाली

भौतिकी प्रायोगिक सेटअप का विकास: एक कॉम्पैक्ट आयन-ध्वनिक और लैंगम्यूर प्रोब प्रणाली को मुंबई विश्वविद्यालय परिसर में स्थित पऊवि के एक मूलभूत विज्ञान केंद्र में स्थापित और कमिशन किया गया था। प्लाज़्मा विज्ञान की बढ़ती लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए इस प्रणाली को डिज़ाइन किया गया है और यह प्रणाली एम.एससी. भौतिकी विज्ञान के छात्रों को प्रायोगिक प्लाज़्मा भौतिकी विज्ञान में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में सक्षम करेगी। यह उन्हें प्लाज़्मा भौतिकी के क्षेत्र में अपने कैरियर को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रेरित करेगा। इससे पहले, पासचेन ब्रेकडाउन का प्रदर्शन करने वाली एक प्रणाली को इसी प्रयोगशाला में विकसित और स्थापित किया गया था और इसने छात्रों में बहुत उत्साह पैदा किया। नई प्रणाली में एक वैक्यूम चैम्बर, पावर सप्लाई, डायग्नॉस्टिक प्रोब, फिलामेंट केज और एक्साइटर ग्रिड शामिल हैं। वैक्यूम चैंबर पूरी तरह से पुनः विन्यास करने योग्य है तथा कम और उच्च दोनों दाब प्रयोगों का समर्थन कर सकता है। लैंगम्यूर प्रोब, रैम्प जनरेटर बिजली की आपूर्ति के साथ कम और उच्च दोनों दाब पर प्लाज़्मा के लक्षण वर्णन की सुविधा प्रदान करता है। प्लाज़्मा पर अधिक विस्तृत अध्ययन करने के लिए ऑप्टिकल प्रोब, चैम्बर के अंदर फाइबर ऑप्टिक केबल, कैमरा और लेज़र बीम डालने की अनुमति देता है।

जीवाणु को चिपकने से रोकने के लिए सिलिकॉन कैथेटर के सतह संशोधन पर परियोजना: जीवाणु को चिपकने से रोकने के लिए और साथ ही जैवपरत (बायोफिल्म) के गठन को रोकने के लिए सिलिकॉन कैथेटर के सतह संशोधन की परियोजना के तहत प्रारंभिक प्रायोगिक परीक्षण किये गये हैं। इन परीक्षणों में यह देखा गया कि प्लाज़्मा सतह



चित्र A.1.4 बायोफिल्म का गठन (a) जीवाणु कोशिकाओं की वृद्धि (b) अन उपचारित सिलिकॉन कैथेटर सतह पर
(c)प्लाज़्मा उपचारित सिलिकॉन कैथेटर सतह के साथ (d) जीवाणु आसंजन और वृद्धि बहुत ही कम



सक्रियण प्रक्रिया के परिणामस्वरूप सिलिकॉन कैथेटर सतह पर भौतिक-रासायनिक परिवर्तन होते हैं, जिसमें कार्यात्मक ऑक्सिजन समूह वाले जुड़े है और नैनोपैमाने का खुरदुरापन होना शामिल है। इस सतह के कारण मुक्त ऊर्जा काफी बढ़ जाती है। काल प्रभावन के अध्ययन के 6 दिनों में, कुल सतह ऊर्जा का ध्रुवीय हिस्सा क्षय हो जाता है और नियंत्रण नमूने के तुलनीय मान तक पहुंच जाता है, जबकि फैलने वाला हिस्सा बढ़ते समय की अवधि में बहुत अधिक परिवर्तित नहीं होता। प्लाज़्मा के प्रभाव से हो रहे भौतिक-रासायनिक परिवर्तन के कारण कैथेटर सतह पर जीवाणु का चिपकाव एवं वृद्धि में कमी होती हैं। चित्र A 1.4 a एवं b अनउपचारित सिलिकॉन कैथेटर सतह की स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप छवियों को दर्शाता है और चित्र A.1.4c एवं 2d प्लाज़्मा उपचारित छवियों को दर्शाता है। ये दोनों नमूनें सूक्ष्मजीवविज्ञानी परीक्षण के लिए अहमदाबाद विश्वविद्यालय के जैविक एवं जीवन विज्ञान प्रभाग में जाँचे गये। ये प्रारंभिक परिणाम है और इस पर विस्तृत अध्ययन किया जा रहा है।



चित्र A.1.5 हेलिकॉन प्लाज़्मा थ्रस्टर के प्रयोगों का प्रचालन





A.1.3 प्लाज़्मा थ्रस्टर्स

हेलिकॉन प्लाज़्मा थ्रस्टर का विकास: हेलिकॉन प्लाज़्मा थ्रस्टर्स अंतरिक्ष में लंबी अवधि, कम-थ्रस्ट अनुप्रयोगों के लिए अन्य प्रकार के थ्रस्टर्स की तुलना में उच्च विशिष्ट संवेग और लंबी जीवनकाल की आशा देते हैं। आईपीआर में हेलिकॉन-वेव चालित प्लाज़्मा के साथ मूलभूत अनुसंधान अनुभव पर निर्मित, एक प्रयोगशाला-पैमाने पर हेलिकॉन प्लाज़्मा थ्रस्टर प्रणाली का डिज़ाइन, निर्माण और संचालन किया गया है। 1500 W RF शक्ति के साथ 10 mN का एक थ्रस्ट प्राप्त किया गया है, जो क्रमशः एक विशिष्ट आवेग और 250-500 सेकंड और 6% की थ्रस्ट दक्षता के अनुरूप है। आने वाले महीनों में और अधिक अनुकूलन और थ्रस्ट में वृद्धि की उम्मीद है।

A.1.4 बाहरी परियोजनाएँ

निम्नलिखित तालिका में बाहरी परियोजनाओं के बारे में संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत है:

A) पूर्ण की गई परियोजनाएँ				
क्र. सं	संगठान	विवरण	सुपुर्दगियाँ	स्थिति
01	आनंद कृषि विश्वविद्यालय, आनंद	बीजों के प्लाज़्मा उपचार के लिए वैक्यूम प्रणाली का डिज़ाइन एवं स्थापन	वायुमंडलीय दाब प्लाज़्मा बिजली की आपूर्ति के साथ एक वैक्यूम प्रणाली एकीकृत।	प्रणाली को आनंद कृषि विश्वविद्यालय प्रयोगशाला में पहुंचाया गया एवं स्थापित किया गया।
02	इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मसी, निरमा यूनिवर्सिटी	प्लाज़्मा जेट प्रणाली की आपूर्ति	प्लाज़्मा जेट प्रणाली	इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मसी, निरमा यूनिवर्सिटी को प्रणाली सुपुर्द की गई।
03	सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, राजकोट	प्रयोगशाला के लिए प्लाज़्मा प्रायोगिक सेटअप	प्लाज़्मा प्रायोगिक सेटअप की आपूर्ति एवं स्थापन	दिसंबर 2019 में प्रणाली को स्थापित एवं प्रदर्शित किया गया।
04	डीएसटी एवं सीएसएमसीआरआई भावनगर	थर्मल प्लाज़्मा तकनीक का उपयोग करके उद्योग में प्रयुक्त विलायक द्रव्यों और रासायनिक कचरे के सुरक्षित निपटान के लिए व्यवहार्यता अध्ययन	ऊर्जा पुन:प्राप्ति डाटा सहित व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट	सीएसएमसीआरआई में स्थापित आईपीआर की प्लाज़्मा पायरोलिसिस प्रणाली का इस्तेमाल करके विलायक कचरे के प्लाज़्मा गैसीकरण पर प्रयोग पूरे किये गये।
05	डीएसटी एवं मंत्रा, सूरत	मध्यम गति पर कपड़ा के इन-लाइन उपचार के लिए पर्यावरण के अनुकूल प्लाज़्मा प्रणाली	प्रणाली का डिज़ाइन एवं विकास, तथा मंत्रा, सूरत को इसकी सुपुर्दगी।	मंत्रा, सूरत में प्रणाली स्थापित की गई।
06	भारी पानी संयंत्र, मनुगुरु	ऑप्टिकल पाइरोमीटर का अंशांकन	अंशांकन	कार्य पूर्ण किया गया एवं भा.पा.सं. को रिपोर्ट भेजी गई।

B) शुरू की गई परियोजनाएँ				
क्र. सं	संगठान	विवरण	सुपुर्दगियाँ	स्थिति
01	यू.आर. राव उपग्रह केन्द्र-इसरो	SPIX-III के लिए SPIX-II परियोजना का अपग्रेडेशन	अंतरिक्ष प्लाज़्मा और सौर पैनलों के बीच अंतर्क्रिया के अध्ययन पर रिपोर्ट	SPIX-II सुविधा को SPIX-III में अपग्रेड करने के लिए घटकों की खरीद का काम चल रहा है।
02	विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केन्द्र (वीएसएसटी) - इसरो	एनोड लाइनर सामग्री का प्लाज़्मा अपरदन लक्षण वर्णन	प्लाज़्मा अपरदन लक्षण वर्णन के परीक्षण रिपोर्ट	पहली तकनीकी रिपोर्ट वीएसएससी को सौंपी गई। मौजूदा सुविधा को अपग्रेड करने के लिए घटकों की खरीद का काम चल रहा है।
03	नेचुरल स्टोरेज सोल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटड (एनएसएसपीएल), गुजरात	नींबू की सतह से फंगस हटाने के लिए प्लाज़्मा सक्रिय पानी और प्लाज़्मा जेट के उपयोग का व्यवहार्यता अध्ययन	व्यवहार्यता अध्ययन रिपोर्ट	प्लाज़्मा सक्रिय पानी और प्लाज़्मा जेट के साथ प्रयोग किए गए। प्रारंभिक परिणाम आशाजनक पाए गए।
04	भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन	बोरॉन नाइट्राइड नैनोस्ट्रक्चर का संश्लेषण और लक्षण वर्णन	1. वीएसएससी-इसरो को बोरसन नाइट्राइड नैनो पाउडर (~ 500 ग्राम) 2. बोरान नाइट्राइड नैनो पाउडर के संश्लेषण और लक्षण वर्णन पर रिपोर्ट	वीएसएससी-इसरो को बोरॉन नाइट्राइड नैनो पॉउडर (~500gm)

A.2 मूलभूत प्लाज़्मा भौतिकी

प्लाज़्मा को विभिन्न स्थितियों में निर्मित और लक्षण-वर्णन किया जा रहा है ताकि इसके मूलभूत गुणों का पता लगाया जा सके, जिसका बाद में अनुप्रयोगों के लिए इस्तेमाल किया जा सकें। यहाँ इसका अध्ययन बहुत छोटे पैमाने पर प्रयोगशाला प्रयोगों में करने के साथ, सामान्य रूप से बड़े आकार के विशाल आयतन प्लाज़्मा युक्ति में भी किया जा रहा है।

A.2.1 मूलभूत प्रयोग
टॉरॉयडल असेंबली (बीईटीए) में मूलभूत प्रयोग 07
विशाल आयतन प्लाज़्मा युक्ति (एलवीपीडी)..........07
नॉन-न्यूट्रल प्लाज़्मा उपकरण 09
डस्टी प्लाज़्मा प्रयोग 09
मल्टी-कस्प प्लाज़्मा डिवाइस..........10
चुम्बकीय रैखिक प्लाज़्मा डिवाइस 10
ऋणात्मक आयन स्रोत हेतु हेलिकन प्लाज़्मा..........12
जड़त्वीय विद्युतस्थैतिक परिरोध संलयन (IECF) डिवाइस..........13
अन्य उपकरण *14*

A.2.1 मूलभूत प्रयोग

टोरोइडल संयोजन में मूलभूत प्रयोग (बीटा)

एक करंट रहित टोरोइडल प्लाज़्मा में टोरोइडल ध्वनिक मोड का अवलोकनः लगभग कम टकराव, चुंबकीय करंट रहित टोरोइडल प्लाज़्मा में टोरोइडल ध्वनिक मोड (टिएएम) की उपस्थिति प्रयोगात्मक रूप से दर्शाई गई है। यह मोड एक अलग, वैश्विक, अक्षीय मोड के साथ मापी गई आवृत्ति $\sqrt{2}C_s/(2\pi R)$ का लगभग तीन गुण पाया गया, जहाँ $C_s=(T_e/M_i)^{1/2}$, Te स्थानीय इलेक्ट्रॉन तापमान है और Mi आयन का वजन है। मापी गई आवृत्ति का युक्ति के त्रिज्य स्थान से कोई संबंध नहीं है। मोड को अपने साथ एक परिमित आवृत्ति-ध्वनिक जैसी मोड के अरेखीय अंतर्क्रिया द्वारा संचालित होना पाया गया है। TAM एक अलग, वैश्विक मोड है और यह घनत्व में उतार-चढ़ाव के लिए ($m = 1$, $n = 0$) सममितता और विभव उतार-चढ़ाव में ($m \geq 0$, $n=0$) प्रदर्शित करता है, जहां m और n पोलोइडल और टोरोइडल मोड संख्या है। यह पाया गया है कि टिएएम मोड बैकग्राउंड प्लाज़्मा के उतार-चढ़ाव के साथ अंतर्क्रिया करता है। टिएएम मोड और ड्राइवर मोड दोनों की देखी गई आवृत्ति, जहाँ $Mi^{-1/2}$ आयन भार है, के साथ रैखिक रूप से संबंधित है, लेकिन यह दोनों मोड के ढलान 2 के कारक से अलग है। इस मोड की विशेषताओं को अक्सर टोकामॅक में पाए जाने वाले जियोडेसिक ध्वनिक मोड के साथ समान पाया गया है।

विशाल आयतन प्लाज़्मा युक्ति (एलवीपीडी)

इलेक्ट्रॉन तापमान ढाल विक्षोभ प्रेरित उर्जा प्रवाहः विशाल आयतन प्लाज़्मा युक्ति (एलवीपीडी) में इलेक्ट्रॉन तापमान ढाल (ईटीजी) प्रेरित विक्षोभ को उच्च प्लाज़्मा बीटा ($\beta \sim 0.06$ - 0.4) की स्थिति में सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया है। जहाँ ईटीजी विक्षोम के दहलीज़ की स्थिति उसके घनत्व एवं तापमान स्केल लंबाई के अनुपात 2/3 से अधिक होनी चाहिये। यह मोड का तरंग वेक्टर स्केलिंग और आवृत्ति क्रम $k_\perp \rho_e \leq 1 \ll k_\perp \rho_i$, $\Omega_i < \omega \ll \Omega_e$, का पालन करता है। जहां $k_\perp$ लंबवत तरंग वेक्टर, ρ_e, ρ_i इलेक्ट्रॉन और आयन का लर्मोर त्रिज्या है, और Ω_i, Ω_e, ω क्रमशः आयन, इलेक्ट्रॉन का घूर्णन आवृत्तियों और मोड आवृत्ति हैं। इलेक्ट्रॉन तापमान, (10 - 30)%, प्लाज़्मा घनत्व (5 - 12)%, और विभव ~ (1–10)% का उतार-चढ़ाव माप में एक साथ प्राप्त किया गया है। प्लाज़्मा घनत्व और विभव एवं तापमान और विभव उतार-चढ़ाव के बीच सहसंबंध गुणांक मजबूत और नकारात्मक है और यह क्रमशः ~ -0.8, और ~ -0.9 पाया गया है। ये सहसंबंधित घनत्व, तापमान, और विभव में उतार-चढ़ाव से, विक्षोम प्रेरित अशांत ऊष्मा प्रवाह की उत्पति होती हैं। प्रयोग में मापी गई ऊष्मा प्रवाह की तुलना ETG मॉडल समीकरणों से सैद्धांतिक रूप से अनुमानित ऊष्मा प्रवाह के साथ की गयी है। प्रयोगात्मक परिणामों से यह पता चला है कि कुल ऊष्मा प्रवाह त्रिज्या रूप से बाहर की ओर निर्देशित है।

बड़ी प्लाज़्मा प्रयोगशाला में ETG प्रेरित विद्युतचुंबकीय उतार चढ़ाव से कणों के परिवहन का अवलोकनः विशाल आयतन प्लाज़्मा युक्ति (LVPD), एक बेलनाकार आयाम का रैखिक प्लाज़्मा डिवाइस (ϕ=2m,L=3m) जिसको इलेक्ट्रॉन तापमान ढाल (ई टी जी) विक्षोभ

का सफलतापूर्वक प्रदर्शन करने के लिए उपयोग में लिया गया है। इलेक्ट्रॉन तापमान ढाल (ETG) विक्षोभ के घूर्णन की आवृत्ति 25 से 90 किलो-रेडियल प्रति सेकंड पाया गया है जहाँ उसकी महत्वपूर्ण शक्ति है इसी तरंगों का तरंग नंबर/लहर संख्या ~ (0.1 - 0.2) इलेक्ट्रॉन लारमोर त्रिज्या के अनुपात से पता चलता है। पाई गई आवृत्ति और लहर संख्या व्हिसलर-ईटीजी मोड के अनुरूप सैद्धांतिक अनुमानों के साथ अच्छी तरह से मेल खाती है। हमने एलवीपीडी में ईटीजी मोड के साथ उच्च बीटा (~ 0.01 - 0.4) प्लाज़्मा में विद्युत चुम्बकीय (ईएम) उतार-चढ़ाव प्रेरित प्लाज़्मा परिवहन की जांच की है। त्रिज्या विद्युत चुम्बकीय (ईएम) इलेक्ट्रॉन (आयन) प्रवाह को मुख्य रूप से समानांतर इलेक्ट्रॉन धारा और त्रिज्या चुंबकीय क्षेत्र के उतार-चढ़ाव के बीच सहसंबंध से उत्पन्न होता है। ईएम कण प्रवाह इलेक्ट्रोस्टैटिक कण प्रवाह की तुलना में बहुत छोटा पाया गया है। ईएम प्रवाह मात्रा में कम है, लेकिन परिमित है और पारंपरिक स्लैब ईटीजी मॉडल के विपरीत पाया गया है। समानंतर चुंबकीय क्षेत्र ज्यामिति में ईएम कण प्रवाह के लिए एक सैद्धांतिक मॉडल विकसित किया गया है। मॉडल के अनुमानों को प्रायोगिक अवलोकनों के साथ तुलनीय पाया गया है। सुस्त समानांतर आयन प्रतिक्रिया, प्रमुख तंत्र के रूप में कम और परिमित ईएम फ्लक्स के जनरेशन के लिए पहचानी गई है।

एक डबल प्लाज़्मा प्रयोगशाला युक्ति में इलेक्ट्रॉन तापमान ढाल का त्रिज्य प्रकारान्तर: खंड ग्रिड बायसिंग का उपयोग करके एक डबल प्लाज़्मा युक्ति (चित्र A.2.1) में इलेक्ट्रॉन तापमान ढाल के त्रिज्य नियंत्रण का प्रदर्शन किया गया है। स्रोत क्षेत्र में उत्पादित प्लाज़्मा को एक ग्रिड के साथ-साथ कई ग्रिड असेंबली के कैसेट के माध्यम से लक्षित क्षेत्र में अलग-अलग ग्रिड बायसिंग के माध्यम से भेजा जाता है। लक्ष्य क्षेत्र में एक त्रिज्य स्थान पर इलेक्ट्रॉन तापमान में ऊष्णता और शीतलता को एक ही ग्रिड का उपयोग करके देखा गया है। इलेक्ट्रॉन तापमान को 5.1 eV से 3.3 eV तक ठंडा किया गया है जब ग्रिड बायसिंग को -25V से 0 V तक बढाया जाता है। इसी तरह, हीटिंग प्रक्रिया के दौरान, इलेक्ट्रॉन का तापमान 4.8 eV से 7.3 eV तक बढ़ जाता है जब ग्रिड बायसिंग 0V से +20V के बीच बढाया जाता है। ग्रिड की दो अलग-





चित्र A.2.1.a दोहरे प्लाज़्मा डिवाइस (डीपीडी) का योजनाबद्ध स्रोत और लक्ष्य क्षेत्र एक पर्स्पेक्स रिंग "I" द्वारा पृथक दर्शाए गए हैं। फिलामेंट (A-A') और बहु-ग्रिड व्यवस्था (B-B') का क्रॉस-सेक्शनल दृश्य क्रमशः 'b' और 'c' में दिखाया गया है।

अलग पारदर्शिता, 45% पारदर्शिता (मेश-माप़, m = 0.8 mm λ_{De}) और 75% पारदर्शिता (मेश-माप, m = 2.4 मिमी > λ_{De}) का उपयोग किया जाता है, जहाँ λ_{De} का मान mm 0.8 मिमी है। प्राप्त इलेक्ट्रॉन ऊर्जा वितरण फलन बताता है कि इलेक्ट्रॉनों को ठंडा करने में कम पारदर्शिता वाला एक ग्रिड अधिक प्रभावी है। क्योंकि ग्रिड के निकटवर्ती क्षेत्र में स्रोत से लक्ष्य क्षेत्र में कम ऊर्जावान इलेक्ट्रॉन- न्युट्रल टकराव के कारण केवल उच्च ऊर्जावान इलेक्ट्रॉनों को इसके माध्यम से गुजरने की अनुमति मिलती है। दूसरी ओर, उच्च पारदर्शी ग्रिड, इलेक्ट्रॉन हीटिंग को बढावा देता है क्योंकि यह कम थर्मलीकरण के कारण प्लाज़्मा को लक्ष्य क्षेत्र में भेजने लिए त्वरित उच्च ऊर्जा इलेक्ट्रॉनों के मुक्त प्रवाह पर एक नगण्य प्रभाव डालती है। हमने इस अवधारणा का विस्तार किया और, नवीनता के लिए, इलेक्ट्रान तापमान पर एक त्रिज्य नियंत्रण को देखने के लिये अलग-अलग प्लाज़्मा क्षेत्रों को प्रभावी ढंग से चार्ज करने के लिए, इसे विद्युत रूप से पृथक ग्रिड के त्रिज्य खण्डित ग्रिड संयोजन पर लागू किया गया है। प्राप्त परिणाम बताते हैं कि लक्ष्य प्लाज़्मा क्षेत्र में $LTe \sim 10$ cm पैमाने लंबाई के साथ एक विशिष्ट तापमान ढाल प्राप्त किया गया है। इस अध्ययन के परिणाम, प्लाज़्मा प्रसंस्करण अनुप्रयोगों में और अचुम्बकिय प्लाज़्मा में प्लाज़्मा विक्षोभ का अध्ययन करने के लिए उपयोगी हो सकते हैं।

गैर- अनावेशी प्लाज़्मा प्रयोग

डायोकोट्रॉन मोड की अवधि का विस्तार: दी गई डायोकोट्रॉन मोड आवृत्ति के विकास को 40 सेकंड तक चलने वाले फंसे टॉरॉयडल इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा में छोटे पक्ष अनुपात आंशिक टॉरॉयडल प्रयोग SMARTEX-C (SMall Aspect Ratio Toroidal Electron plasma eXperiment in C) में देखा गया है। 100 - 300 गॉस की श्रेणी के लिए संग्रहीत आवेश की घातांकीय क्षय दर 250 eV वी के फिलामेंट अंत:क्षेपित ऊर्जा में बी-फील्ड से स्वतंत्र पाया गया । मौजूदा अनावेशी गैस के आयनीकरण के कारण जुड़े हुए नए इलेक्ट्रॉनों द्वारा इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा का संदूषण कम किया गया। उच्च अवरोध वाला लैंगम्यूर प्रोब निदान का उपयोग कर इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा की प्लवमान विभव का त्रिज्य प्रालेख देखने का प्रयास किया गया। इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा तापमान का अप्रत्यक्ष रूप से अनुमान लगाने के लिए, विभिन्न गैसों की निश्चित मात्रा में गैस पफ करते हुए समय-समय पर डायोकोट्रॉन मोड लॉन्च करके जांच की गई। प्लाज़्मा के साथ परस्पर क्रिया के समय और गैस के दबाव के फलन के रूप में N_2 और आर्गन जैसे भारी गैस अणुओं के प्रभाव की विस्तार से जांच की गई है। बेहतर सटीकता के साथ आंकड़ों का अनुमान लगाने के लिए डायोकोट्रॉन लॉन्च तकनीक का तरंग लॉन्च मापदंडों के साथ अभिलक्षणन किया गया।

विकासात्मक और तकनीकी कार्य: SMARTEX-C में वांछित समय पर निश्चित मात्रा में गैस को पफ़ करने के लिए प्रायोगिक व्यवस्था [सेटअप] तैयार की गई है। TF कॉइल की कई अवधारणाओं का पता लगाया गया, जिसमें से वातानुकूलित, 24 घूर्णन वाली Cu बस-बार आधारित पिक्चर फ्रेम TF कॉइल को डिज़ाइन किया गया। बी--क्षेत्र , उसकी तरंग और जोड़ों के तनाव विश्लेषण के लिए बल की COMSOL आधारित मॉडलिंग की गयी। गैर-बाष्पीकरणीय गेटर (एन ई जी) पंप को टंगस्टन फिलामेंट हीटिंग का उपयोग करके बाहरी रूप से फिर से उत्पन्न किया गया और आईआर कैमरे का उपयोग करके एन ई जी कारतूस के तापमान की निगरानी की गई। SMARTEX-C पंपिंग प्रणाली के मुँह पर 2 x 10^{-10} मिली बार का बेस दाब प्राप्त किया और संपाशित क्षेत्र में 6-8 x 10^{-10} मिली बार का वैक्यूम प्राप्त किया। आवेश संग्रह / डम्प प्रयोगों को अंजाम दिया गया और यह पाया गया कि डंप पथ में मुमकिन परिमित प्रतिरोध के कारण प्लाज़्मा को पूरी तरह से नष्ट नहीं कर पा रहे थे। 4-चैनल I से V कनवर्टर सर्किट को प्रयोगात्मक प्रणाली पर लागू किया गया है। SMARTEX-C प्लाज़्मा शॉट्स के प्रयोगात्मक मापदंडों का प्रश्नोत्तरी आधारित खोज योग्य डेटा-बेस एन एन पी- सर्वर पर तैयार और स्थापित किया गया। चित्रण नैदानिकी के लिए जाँच व्यवस्था को अभिकल्पित अथवा उसका निर्माण किया गया और उसका संस्थापन प्रगति पर है।

डस्टी प्लाज़्मा प्रयोग (DPEx)

एक सीमित द्विविमीय जटिल प्लाज़्मा क्रिस्टल में परीक्षण कण से उत्प्रेरित सूक्ष्म-संरचनात्मक परिवर्तनों की प्रायोगिक जांच: द्विविमीय जटिल प्लाज़्मा क्रिस्टल के नीचे उपस्थापित एक कण के आघूर्ण गति से प्रेरित सूक्ष्म-संरचनात्मक परिवर्तनों की प्रयोगात्मक रूप से जांच के लिए एक डीसी ग्लो डिस्चार्ज का उपयोग किया गया हैं। प्लाज़्मा की पृष्ठभूमि में एकल - विक्षेपण वाले मेलामाइन फॉर्मल्डेहाइड कणों से युक्त एक परिमित एकल परत क्रिस्टल बनता है। क्रिस्टल के गठन अक्सर एक या एक से अधिक थोड़े भारी कणों की मौजूदगी के साथ पाया जाता है जो मोनोलेयर से थोड़ा नीचे लटके होते हैं। क्रिस्टल के साथ एक परीक्षण कण की इस तरह की परस्पर क्रिया की जांच दो अलग-अलग मामलों के लिए की जाती है- (i) जब क्रिस्टल के नीचे जगह में सीमित (फंसा) रहता है और (ii) जब क्रिस्टल के साथ थोड़े समय के लिए पारस्परिक क्रिया करता है और फिर वहाँ से निकल जाता है। फँसा हुआ कण कक्षा सूक्ष्म-दरार के रूप में क्रिस्टल में स्थायी संरचनात्मक परिवर्तनों को प्रेरित करता है, और इन परिवर्तनों को विभिन्न प्रकार के नैदानिक विश्लेषणों का उपयोग करके पता लगाया जाता है। दरार को एक लेज़र की मदद से परीक्षण कण को सक्रिय करके बढ़ाया जा सकता है। दूसरी ओर, गुज़रने वाला कण, क्रिस्टल में केवल क्षणिक परिवर्तन को प्रेरित करता है, जिसमें यह एक मजबूत युग्मित प्रणाली के श्यान प्रत्यास्थ गुण के स्पष्ट प्रदर्शन में अपने प्रारंभिक अवस्था में पुनर्प्राप्त करने और

वापस जाने में सक्षम दिखाई पड़ता है।

पूर्ववर्ती सोलिटोन के प्रसार लक्षणों पर एक चलती आवेशित वस्तु के माप और आकार का प्रभाव: प्रायोगिक अवलोकनों में वस्तु जिस पर डस्ट द्रव बहता है, के अलग-अलग माप और आकार के कारण अग्रगामी सोलिटनों के प्रसार विशेषताओं में संशोधन दिखाई देते हैं। प्रयोगों को पी (P) आकार के डस्टी प्लाज़्मा प्रायोगिक उपकरण में किया गया है, जहां काओलिन कणों का उपयोग करके एक डीसी ग्लो डिस्चार्ज आर्गन प्लाज़्मा में डस्टी प्लाज़्मा बनाया जाता है। कैथोड पर त्रिज्य रूप से स्थापित एक प्लवमान तांबे का तार प्लाज़्मा वातावरण में आवेशित वस्तु के रूप में कार्य करता है। डस्ट के तरल पदार्थ पर प्रवाह को आरंभ करने के लिये ग्राउण्डेड विभव से आवेशित वस्तु की विभव को अचानक से कम करके प्लवमान विभव के करीब किया गया है। विभव टीले का माप (ऊंचाई और चौड़ाई) एक चर प्रतिरोध के माध्यम से तार से विद्युत् खींचकर परिवर्तित किया जाता है। विभव टीले की ऊंचाई में कमी के साथ, आयाम, वेग, और उत्तेजित अग्रदूत सोलिटनों की संख्या में कमी पाई जाती है, जबकि सोलिटनों की चौड़ाई में वृद्धि देखी गयी है। यह पाया गया है कि एक प्रभावसीमा के नीचे, ये सोलिटन तरंगें उत्तेजित नहीं होती हैं, और डस्ट का द्रव बस टीले पर बहता है। विभव प्रोफाइल के आकार के कारण प्रभाव की जांच करने के लिए, तार को एक त्रिकोणीय वस्तु से बदल दिया गया है। केवल अनुगामी सक्रिय तरंगों को उत्तेजित होते हुए देखा गया है जब डस्ट द्रव विभव प्रोफाइल के रैखिक रूप से बढ़ती ढलान का सामना करता है, जबकि दोनों सॉलिटोन और वेक उत्तेजित हो जाते हैं जब वस्तु को तेज धार के साथ रखा जाता है जो प्रवाह का सामना कर रहा है। सभी प्रयोगात्मक निष्कर्ष गुणात्मक रूप से फॉरसड -कोर्त्यूगे-डे व्रेज मॉडल समीकरण में विभिन्न स्रोत शर्तों के साथ प्राप्त संख्यात्मक हल से सहमत हैं।

बहु- नोक प्लाज़्मा युक्ति (एम पी डी)

परिवर्तनीय बहु - ध्रुव रेखा नोक पे चुम्बकीय क्षेत्र विन्यास में आर्गन प्लाज़्मा के अभिलक्षणन: एक बड़े बेलनाकार आयतन (1 मिटर अक्षीय लंबाई और 40 से मी व्यास) पर बहु - ध्रुव रेखा नोक चुंबकीय क्षेत्र (एम एम एफ) द्वारा परिसीमित आर्गन प्लाज़्मा का एक विस्तृत अभिलक्षणन वर्णन किया गया है। विभिन्न चुंबकीय विद्युत् परिदृश्यों के साथ विभिन्न चुंबकीय क्षेत्र विन्यास वैक्यूम में चुंबकीय क्षेत्र अनुकरण से प्राप्त किए गए हैं। प्रयोगात्मक परिणामों से, यह देखा गया है कि इस तरह के क्षेत्र विन्यास के लिए प्राथमिक इलेक्ट्रॉनों की परिसीमन बढ़ जाती है और चुंबकीय क्षेत्र में वृद्धि के साथ प्लाज़्मा की रिसाव चौड़ाई (नोक से रिसता हुआ प्लाज़्मा) कम हो जाती है। इसके परिणामस्वरूप औसत घनत्व, कण का परिसीमन समय और प्लाज़्मा की स्थिरता चुंबकीय क्षेत्र के मूल्यों में वृद्धि के साथ बढ़ जाती है। इसके अतिरिक्त, चुंबकीय क्षेत्र में प्लाज़्मा घनत्व की त्रिज्य एकरूपता MMF के चुंबकीय क्षेत्र मूल्यों



चित्र A.2.2 बहु नोक प्लाज़्मा युक्ति के विन्यास (a) बारह ध्रुव छह मैग्नेट और (b) छह ध्रुव छह चुंबक विन्यास

पर आधारित स्पष्ट रूप से देखी गयी है। इसके अलावा, एक शांत -आर्गन प्लाज़्मा में अशांति की प्रकृति की पहचान की गई है।

आंशिक रूप से आयनित प्लाज़्मा में आयन-ध्वनिक तरंग संवेग को ले जाने वाले अनावेशी के साक्ष्य: आयन ध्वनिक (आई ए) तरंग प्रसार का एक प्रयोगात्मक अध्ययन जो कि एक गैर-चुंबकीय रैखिक प्लाज़्मा युक्ति में आर्गन प्लाज़्मा के लिए अनावेशी घनत्व के प्रभाव की जांच करने के लिए किया गया है। अनावेशी दबाव को बदलकर अनावेशी घनत्व बदल जाता है, जो बदले में, आयन - अनावेशी और इलेक्ट्रॉन-अनावेशी के मध्य टक्कर के बीच की दूरी में बदलाव लाता है। अनावेशी के साथ प्लाज़्मा प्रजातियों के टकराव से आई ए तरंग की विशेषताए जैसे कि तरंग का आयाम, वेग और प्रसार की लंबाई को संशोधित करते हुए पाए गए हैं। पहले बताए गए काम के विपरित, जहां अनावेशी आई ए तरंग को भारी रूप से कम कर देती थी, वर्तमान अध्ययन से पता चलता है कि आयन- अनावेशी टक्कर तरंगों को लंबी दूरी तय करने में समर्थन करती है, जैसे जैसे अनावेशी दबाव बढ़ता है। यह तब होता है जब आयन-अनावेशी टकराव के बीच तय की गयी दूरी तरंगदैर्ध्य के बराबर होती है। एक साधारण विश्लेषणात्मक मॉडल प्रायोगिक निष्कर्षों का गुणात्मक समर्थन करने के लिए दिखाया गया है। यह अध्ययन एक बारह ध्रुव छह मैग्नेट (टीपीएसएम) विन्यास (A.2.2a) पर किया गया था जिसमें पाया गया है कि छह ध्रुव छह चुंबक (एसपीएसएम) विन्यास की तुलना में टीपीएसएम में बेहतर परिसीमन गुण हैं। मल्टी कस्प प्लाज़्मा युक्ति में उपयुक्त धाराओं को विद्युतचुम्बकों में पारित करने से यह दो विन्यास प्राप्त किए जा सकते हैं।

चुंबकित रैखिक प्लाज़्मा युक्ति

चुंबकित धारिता युग्मित निस्सरण में स्थानिक तापमान चित्रण : 13.56 MHz समानांतर प्लेट धारिता युग्मित प्लाज़्मा में स्थानिक इलेक्ट्रॉन तापमान (Te) का चित्रण प्राप्त करने के लिए एक प्लवमान उत्सर्जक

जांच का उपयोग किया गया है। इलेक्ट्रॉन तापमान प्रालेख पर एक बाहरी अनुप्रस्थ चुंबकीय क्षेत्र और दबाव के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। गैर-चुंबकीय स्थिति में प्लाज़्मा के अधिकतम क्षेत्र में एक समान Te होता है। चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थित पर, Te का प्रालेख गैर-समान और तिरछा हो जाता है। दबाव में वृद्धि के साथ, इलेक्ट्रॉन तापमान में व्यापक रूप से कमी होती है। इलेक्ट्रोड से सटे क्षेत्रों में दोनों मामलों के लिए थोक से अधिक तापमान देखा गया है। गैर-चुंबकीय स्थिति में पार्टिकल--इन-सेल सिमुलेशन परिणामों के साथ उत्सर्जक जांच परिणामों की तुलना की गई है। प्रायोगिक तौर पर प्राप्त Te, पी आई सी परिणामों का उपयोग करके प्राप्त मूल्य से दोगुना है। हालाँकि प्रयोगात्मक और पी आई सी दोनों परिणामों के रुझान काफी अच्छे से मेल खाते हैं और RF निस्सरण में उत्सर्जक प्रोब की उपयोगिता को मान्य करने का कार्य करते हैं।

आंशिक रूप से चुंबकित प्लाज़्मा कॉलम में चुंबकीय क्षेत्र में पॉज़िटिव आयन अवरोध: एक गर्म कैथोड फिलामेंट द्वारा निर्मित आंशिक रूप से चुंबकित प्लाज़्मा स्तंभ का त्रिज्य अभिलक्षणन किया गया है। यह पाया गया है कि चुंबकीय क्षेत्र की अनुपस्थिति में, प्लाज़्मा विभव और घनत्व प्रोफाइल बोल्ट्जमैन वितरण का पालन करते हैं। हालांकि जब चुंबकीय क्षेत्र पुनः स्थापित किया जाता है, तो बोल्ट्जमैन वितरण से एक स्पष्ट विचलन देखा गया है क्योंकि केंद्र में प्लाज़्मा घनत्व अधिक स्पष्ट दिखता है, जबकि प्लाज़्मा विभव में एक संबंधित न्यूनतम देखा गया है। विभव का यह त्रिज्य प्रालेख भूमि के किनारे की दिवार की ओर धनात्मक आयनों के त्रिज्य प्रसार को बाधित करता है। शॉर्ट- सर्किटिंग प्रभाव पर आधारित एक घटना-क्रिया मॉडल विकसित किया गया है, जो इस विपरीत व्यवहार को काफी स्पष्ट करता है।

अनुप्रवाह चुंबकित प्लाज़्मा स्तंभ के त्रिज्य अभिलक्षणों पर शीत खोखले कैथोड ज्यामिति का प्रभाव: एक अनुप्रवाह प्लाज़्मा स्तंभ के त्रिज्य अभिलक्षणों पर कैथोड ज्यामिति के प्रभाव का अध्ययन शीत कैथोड प्रकार के खोखले कैथोड (HC) प्रणाली के लिए किया गया है। यह देखा गया है कि जब एक अक्षीय चुंबकीय क्षेत्र को एक बेलनाकार कैथोड पर लागू किया जाता है, तो अनुप्रवाह प्लाज़्मा, प्लाज़्मा घनत्व में एक केन्द्र से हटकर शीर्ष को प्रदर्शित करता है। हालांकि, जैसे ही चुंबकीय क्षेत्र बढ़ता है, बेलनाकार कैथोड सतह से द्वितीयक इलेक्ट्रॉन उत्सर्जन में दमन के कारण, निस्सरण एक क्रांतिक संख्या के ऊपर नष्ट होने लगता है। दूसरी ओर, रिक्त बेलनाकार को शंकु के आकार के कैथोड से बदलकर अक्षीय चुंबकीय क्षेत्र के संबंध में एक तिरछी आच्छद बनती है। यह विन्यास बेलनाकार मामले की तुलना में दो गुना चुंबकीय क्षेत्र में निस्सरण को बनाए रखने में मदद करता है। यह भी पाया गया है कि अनुप्रवाह प्लाज़्मा शंक्वाकार कैथोड के मामले के लिए केंद्र में एक शीर्ष प्लाज़्मा घनत्व प्रदर्शित करता है। प्रत्येक एच सी सेटअप के लिए उपर्युक्त प्रयोगात्मक टिप्पणियों को समझाने वाला एक घटनात्मक मॉडल विकसित किया गया है जो घटना को गुणात्मक रूप से समझने में मदद करता है।

भूमिगत प्रोब संदर्भ के साथ आंशिक संपर्क में एक चुंबकित प्लाज़्मा स्तंभ के लैंगम्यूर प्रोब के लक्षण समझना: चुंबकित प्लाज़्मा स्तंभ में लैंगम्यूर प्रोब माप पर एक प्रयोगात्मक जांच की गई है जो दो-तापमान इलेक्ट्रॉन समूह का प्रदर्शन करती है। यह तथ्य ज्ञात है कि प्रोब I (U) के निशान सामान्य घातीय सिद्धांत का पालन करते हैं यदि माप, प्लाज़्मा के साथ अच्छे संपर्क में एक संदर्भ इलेक्ट्रोड के साथ किए जाते हैं; जो आमतौर पर एक भूमिगत निस्सरण इलेक्ट्रोड है। हालांकि वर्तमान मामले में, जहा कि भूमिगत प्रोब संदर्भ निस्सरण सर्किट का एक हिस्सा नहीं है, जिसके परिणामस्वरूप I (U) विश्लेषण सरल नहीं है। यह पाया गया है कि थोक प्लाज़्मा और प्रोब संदर्भ के बीच उच्च प्रतिबाधा के कारण, प्रोब माप के परिणामस्वरूप आदर्श परिणाम की तुलना में इलेक्ट्रॉन संतृप्ति वर्तमान में कम मूल्यों में पाया गया है। एक उपयुक्त सुधार के लिए, एक सरल विश्लेषण तकनीक प्रस्तावित की गयी है ताकि ऐसे चुंबकीय -प्लाज़्मा उपकरणों से प्रोब में प्राप्त I (U) निशान की व्याख्या की जा सके, जहां जांच का संदर्भ थोक प्लाज़्मा के साथ आंशिक / खराब संपर्क में है। यह सुधार संतोषजनक पाया गया है।

दाब -खिंचाव से चालित बेलनाकार इलेक्ट्रोड का उपयोग करके एक धारिता निस्सरण के अवरोध की विशेषताओं पर चुंबकत्व का प्रभाव: 13.56 MHz धारिता चालित, सममितिक चुंबकीय निस्सरण की अवरोध विशेषताओं, बेलनाकार इलेक्ट्रोड की सरणी का उपयोग करके आर्गन और हीलियम में किया गया है। यह पाया गया है कि आर्गन में उत्पन्न होने वाला निस्सरण काफी हद तक धारिता श्रेणी मे होता है, जबकि यह प्रेरकत्व बन जाता है जब अक्षीय चुंबकीय क्षेत्र की ताकत बढ़ने लगती है। हालांकि, हीलियम निस्सरण के मामले में एक विरोधी प्रवृत्ति देखी गयी है। दूसरी ओर, प्रभावी प्रतिरोध में हीलियम और आर्गन दोनों के लिए निरंतर घटती देखी गयी है। निस्सरण इलेक्ट्रोड के बीच बनने वाले प्लाज़्मा घनत्व में रेडियो फ्रीक्वेंसी (RF) शक्ति स्तर बढ़ने का प्रभाव मामूली रूप से देखा गया है, जबकि चुंबकीय क्षेत्र में वृद्धि के साथ घनत्व में वृद्धि काफी महत्वपूर्ण है। इस व्यवहार को निस्सरण के अंदर आयन से इलेक्ट्रॉन हीटिंग शक्ति मोड ट्रांज़िशन के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

एक डीसी बायस्ड हेयरपिन प्रोब के शीथ के अभिलक्षणों में से प्लाज़्मा प्राचल (पैरामीटर्स) का निष्कर्ष निकाला: आर्गन और ऑक्सीजन निर्वहन के दौरान विभिन्न प्लाज़्मा पैरामीटर्स का निष्कर्ष निकालने के लिए हेयरपिन को डीसी विभव (पोटेन्शियल) देकर, हेयरपिन अनुनादित (रेज़ोनेटर) प्रोब के आसपास के बेलनाकार शीथ को बदला जा सकता

है। जैसे ही निगेटिव बायस के कारण शीथ की चौड़ाई बढ़ती है, हेयरपिन की अनुनाद आवृत्ति कम मूल्य की ओर बढ़ती है। प्रोब पर लागू वोल्टेज के फलन रूप का परिवर्तन शिथ की चौड़ाई का अनुमान लगाने के लिए द्रव अनुमान पर आधारित एक विश्लेषणात्मक मॉडल विकसित किया गया है। विश्लेषणात्मक परिणाम की तुलना सुप्रसिद्ध कैपेसिटेंस मॉडल से की जाती है, जिसमें माना जाता है की चारों ओर संयुग्मित परावैद्युत क्षेत्र के अंदर बेलनाकार शीथो की जोड़ी से निहित हेयरपिन और प्लाज़्मा है। इस पद्धति का उपयोग करते हुए, इलेक्ट्रोनेगेटिव ऑक्सीजन डिस्चार्ज में इलेक्ट्रॉन तापमान, प्लाज़्मा विभव और इलेक्ट्रोनेगेटिविटी प्राचल सहित प्लाज़्मा प्राचल की एक विस्तृत श्रृंखला प्राप्त की गई है। इस पद्धति को पारंपरिक फ्लोटिंग हेयरपिन अनुनादित प्रोब से अधिक लाभप्रद पाया गया है।

एक 13.56 मेगाहट्र्ज समानांतर प्लेट कैपेसिटिव डिस्चार्ज में स्थानिक इलेक्ट्रॉन तापमान वितरण पर अनुप्रस्थ चुंबकीय क्षेत्र का प्रभाव: 13.56 मेगाहट्र्ज पर पुश-पुल विन्यास में प्रचालित कैपेसिटिवली संचालित आयताकार डिस्चार्ज प्लेटों के केंद्र को जोड़ती रेखा के बराबर स्थानिक इलेक्ट्रॉन तापमान Te के वितरण पर अनुप्रस्थ चुंबकीय क्षेत्र के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। यह पाया गया है कि कम ऑपरेटिंग दबाव (1 Pa) पर इलेक्ट्रॉन तापमान वितरण लगभग समान है। हालांकि, जैसे--जैसे पृष्ठभूमि दबाव बढ़ता है, डिस्चार्ज प्लेटों के पास का इलेक्ट्रॉन तापमान शीर्ष पर पहुंच जाता है। समग्र परिमाण का पार्श्व दबाव बढ़ने के कारण Te की कुल मात्रा में वृद्धि पायी जाती है। इस प्रयोगात्मक अवलोकन को गुणात्मक रूप से COMSOL मल्टीफिज़िक्स के द्रव सिमुलेशन द्वारा दर्शाया गया है। डिस्चार्ज प्लेटों के पास उच्च इलेक्ट्रॉन तापमान शीर्ष के अवलोकन का कारण तेजी से हिलती आरएफ शीथ्स की बदौलत स्टोकेस्टिक इलेक्ट्रॉन हीटिंग समझा जाता है।

एक ऋणात्मक आयन उत्सर्जक इलेक्ट्रोड की प्लाज़्मा-शीथ सीमा में धनात्मक (पॉज़िटिव) आयन की गति: एक टकराव रहित, गैर--चुम्बकीयकृत इलेक्ट्रोनेगेटिव प्लाज़्मा से आवृत ऋणात्मक आयन--उत्सर्जक इलेक्ट्रोड सतह के प्लेनर शीथ के लिए एक-आयामी द्रव मॉडल विकसित किया गया है। यह पाया गया कि प्लाज़्मा- शीथ सीमा (PSB) पर धनात्मक आयन की गति, इलेक्ट्रोड से ऋणात्मक आयन उत्सर्जन के साथ रैखिक रूप से बढ़ती जाती है, लेकिन इलेक्ट्रोड सतह के पास एक आभासी कैथोड बनते ही एक संतृप्ति मूल्य प्राप्त करती है। प्री-शीथ क्षेत्र पर ऋणात्मक आयन उत्सर्जन का प्रभाव बताता है की, PSB में धनात्मक आयन की गति में वृद्धि के अनुसार प्री-शीथ में विभवपात बढ़ जाता है। वर्तमान मॉडल का उपयोग करके प्राप्त शीथ की चौड़ाई चाइल्ड-लैंगम्यूर लॉ के समान झुकाव को दर्शाती है, लेकिन गैर-उत्सर्जक इलेक्ट्रोड की तुलना में इसकी मात्रा लगातार अधिक पायी गई है।

प्लाज़्मा मापदंडों पर शंकु के आकार के खोखले कैथोड के एपेक्स कोण की भूमिका: शंकाकार और बेलनाकार खोखले कैथोड के अंदर प्लाज़्मा मापदंडों को निर्धारित करने के लिए कण और ऊर्जा संरक्षण समीकरणों पर आधारित एक विश्लेषणात्मक मॉडल विकसित किया है। इस मॉडल का उपयोग करते हुए, प्रभावी प्लाज़्मा आकार और कैथोड के शीर्ष कोण पर इसकी निर्भरता तैयार की गई है। अध्ययन से पता चलता है कि प्लाज़्मा घनत्व एक रूप से गिरता है, जबकि इलेक्ट्रॉन तापमान शंकु के शीर्ष कोण के रूप में बढ़ जाता है। यह शंकाकार कैथोड के अंदर प्रभावी प्लाज़्मा आकार में संकुचन के



चित्र A.2.3 सिमुलेटड प्लाज़्मा घनत्व (a) शंक्वाकार एवं (b)बेलनाकार हॉलो कैथोड आकार में

कारण होता है। शंकाकार और बेलनाकार कैथोड के अंदर प्रयोगात्मक माप से प्राप्त मापदंड मॉडल के साथ गुणात्मक रूप से मेल खाते है।

ऋणात्मक आयन स्रोत के लिए हेलिकोन प्लाज़्मा

स्पंदित रिंग डाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी का उपयोग करके स्थायी चुंबक आधारित हेलिकॉन आयन स्रोत (HELEN) में परमाणु हाइड्रोजन ऋणायनों के घनत्व का परिमाणन: एक स्थायी चुंबक-आधारित हेलिकॉन प्लाज़्मा स्रोत (HELEN) को एक ऋणात्मक आयन स्रोत के रूप में अभिलक्षित किया गया है। HELEN में लाइन-एकीकृत ऋणात्मक हाइड्रोजन आयन (H-) के घनत्व को मापने के लिए कैविटी रिंग डाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी (CRDS) पर आधारित एक नॉन इनवेसिव नैदानिक तकनीक विकसित की गई है। प्रायोगिक ऋणात्मक हाइड्रोजन आयन घनत्व को विभिन्न चुंबकीय क्षेत्र, दबाव और RF(13.56 MHz) पावर विन्यास में मापा गया है। यह देखा गया है कि उच्च पावर रेंज (800-850 W) में, स्रोत $\sim 10^{18}$ m^{-3} के पृष्ठभूमि प्लाज़्मा घनत्व और $\sim$2 eV के इलेक्ट्रॉन तापमान के साथ हेलिकॉन वेव हीटिंग मोड में चल रहा है। ऋणात्मक हाइड्रोजन आयन घनत्व को CRDS विधि एवम ऑप्टिकल उत्सर्जन स्पेक्ट्रोस्कोपिक तकनीक द्वारा मापा गया है। मापा गया ऋणात्मक आयन घनत्व, वॉल्यूम मोड परिचालन अवस्था के तहत $\sim 10^{16}$ m^{-3} की श्रेणी में है, जबकि डाउनस्ट्रीम क्षेत्र में मानक चुंबकीय फिल्टर या सीज़ियम सीडिंग में से किसी का भी उपयोग नहीं कीया हे। ऋणात्मक आयन घनत्व के उत्पादन पर दबाव परिवर्तन (दबाव रेंज 4×10^{-3} mbar से 4×10^{-2} mbar तक) का कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं है, सिवाय विशेष अक्षीय चुंबकीय क्षेत्र विन्यास (55 G) और 8×10^{-3} mbar दबाव, जहां $\sim$34% वृद्धि देखी गई है।



चित्र A.2.4 हेलिकल डिस्चार्ज से उत्पादित ऑक्सिजन प्लाज़्मा



चित्र A.2.5 बेलनाकार आईईसीएफ उपकरण में प्लाज़्मा डिस्चार्ज का उत्पादन

स्रोत और विस्तार चैम्बर्स में हेलिकॉन ऑक्सीजन प्लाज़्मा के निस्सरण गुण: O_2 गैस के साथ, 13.56 MHz आवृत्ति और 0-1500W के बीच पावर तथा 3×10^{-3} से 8×10^{-3} mbar के बीच दबाव में संचालित एक हेलिकॉन निस्सरण का अध्ययन किया गया है। प्लाज़्मा उत्पादन चैम्बर के साथ-साथ डाउनस्ट्रीम विस्तार चैम्बर(कोष्ठ) में प्लाज़्मा प्राचलों के मापन किए गए है। स्रोत कक्ष में, E से H और अंत में W मोड में परिवर्तन निविष्ट रेडियो आवृत्ति (RF) पावर को बढ़ाकर प्रकट होता है। हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार, यह ऑक्सीजन निस्सरण में हेलिकॉन मोड परिवर्तन की पहली विस्तृत रिपोर्ट है। त्रिज्य घनत्व प्रालेख का अध्ययन करके और बाहरी मेचिंग सर्किट प्राचल मापन द्वारा मोड परिवर्तन की अधिक पुष्टि की जाती है। स्रोत और विस्तार चैम्बर्स में लगे लैंगम्यूर प्रोब I-V का मापन और इलेक्ट्रॉन एनर्जि डिस्ट्रिब्यूशन फंकशन (EEDF) की तुलना ऋणात्मक आयनों के गठन की पुष्टि करता है। विस्तार चैम्बर(कोष्ठ) में दो प्रोब विधि का उपयोग करके ऋणात्मक आयन अंश को मापा गया है और आवेशित कणों (इलेक्ट्रॉनों, धनात्मक और ऋणात्मक आयनों) के घनत्व की गणना मानक लैंगम्यूर प्रोब सिद्धांत और अर्ध-तटस्थता अवस्था का उपयोग करके की गई है।

इनर्शियल इलेक्ट्रोस्टैटिक फ्यूज़न (IECF) डिवाइस (जड़त्वीय स्थिरवैद्युत संलयन उपकरण)

एक बेलनाकार जड़त्वीय स्थिरवैद्युत परिसीमन संलयन उपकरण में आभासी इलेक्ट्रोड और आयन शीथ के अभिलक्षणों का अध्ययन:

एक बेलनाकार जड़त्वीय स्थिरवैद्युत परिसीमन संलयन उपकरण के अंदर निर्मित एक गर्म कैथोड निस्सरण प्लाज़्मा में बन रहे आभासी इलेक्ट्रोड और आयन शीथ के अभिलक्षणों पर एक प्रयोग किया गया है। इलेक्ट्रॉन तापमान और प्लाज़्मा घनत्व जैसे प्लाज़्मा प्राचल का मूल्यांकन लैंगम्यूर प्रोब का उपयोग करके किया गया है। जब कैथोड पर लगाए गए अभिनति (बायस) वोल्टेज को -1000 से बढ़ाकर -5000 V तक ले जाया जाता है तब एकल विभव कूप से बहुविभव कूपों में परिवर्तन यानी की कैथोड ग्रिड के अंदर आभासी इलेक्ट्रोड्स देखें जाते है। पारंपरिक लैंगम्यूर प्रोब की तुलना में इमिसिव प्रोब की अधिक सटीकता के कारण प्लाज़्मा विभव के मापन के लिए इमिसिव प्रोब का उपयोग किया गया है। अलग-अलग कैथोड विभवों के लिए आयन शीथ विभव संरचनाओं एवं प्रि-शीथ अभिलक्षणों की जांच इमिसिव प्रोब का उपयोग करते हुए की गई है, जो कि डेबी शीथ मॉडल के अनुरूप पाए गए हैं।

अन्य उपकरण

कम चुंबकीय क्षेत्र वाले हेलिकॉन डिस्चार्ज में प्लाज़्मा उत्पादन पर असमांगी चुंबकीय क्षेत्र का प्रभाव: ऐन्टिना केंद्र के पास एक असमान चुंबकीय क्षेत्र में हेलिकॉन तरंग (वेव) के द्वारा कुशलतापूर्वक प्लाज़्मा का उत्पादन करने के लिए एक विधि का पता लगाया गया है। एंटीना के केंद्र में चुंबकीय क्षेत्र को <100 G रखके एंटीना के आस पास के चुंबकीय क्षेत्र की विभिन्न असमानताओं के साथ प्रयोग किए गए हैं । प्लाज़्मा के साथ और बिना, युग्मन क्षमताओं का अध्ययन ऐन्टिना करंट के मापने के द्वारा किया गया है। प्लाज़्मा उत्पादन क्षमता का अनुमान सभी विभिन्न चुंबकीय क्षेत्र टोपोलॉजी में भी किया गया है। यह देखा गया है कि चुंबकीय क्षेत्र की असमानताओं के साथ युग्मन क्षमता बढ़ जाती है। अक्षीय तरंग चुंबकीय क्षेत्र की अक्षीय विविधता में बीट तरंग का अवलोकन विभिन्न रेडियल तरंग मोड की उपस्थिति का संकेत देता है। त्रिज्य वेवनंबर के अनुमान के साथ-साथ अक्षीय वेवनंबर का मापन दर्शाता है की अनुनाद शंकु के पास तरंग प्रसार, अधिक अवशोषण का कारण बनाता हैं। यह पाया है कि असमान चुंबकीय क्षेत्र को दाखिल करने से प्राप्त घनत्व, पारंपरिक हेलिकॉन की तुलना में उच्च घनत्व है। अंत में, एंटीना के केंद्र में चुंबकीय क्षेत्र को 25 G और 50 G पर रख कर ऐन्टिना के पास असमान चुंबकीय क्षेत्र के लिए तरंगदैर्ध्य को मापा गया है। 25 G की स्थिति के लिए मापा गया अक्षीय तरंगदैर्ध्य एंटीना की लंबाई से दोगुना पाया गया है। इससे पता चलता है कि आधा तरंगदैर्ध्य एंटीना, पूर्ण तरंगदैर्ध्य हेलिकॉन तरंग को उत्तेजित करता है। हालांकि, 50 G की स्थिति में मापा गया तरंगदैर्ध्य एंटीना की लंबाई के लगभग बराबर रहता है ।

चित्र A.2.6 व्हिस्लर तरंगों के अध्ययन हेतु प्रायोगिक उपकरण

व्हिसलर तरंग का प्रसार और इलेक्ट्रॉन जड़ता एवं लारमोर त्रिज्य प्रभावों के बीच परस्पर प्रक्रिया: व्हिसलर तरंगों के प्रसार पर लारमोर त्रिज्या के प्रभावों की प्रयोगशाला प्लाज़्मा में प्रयोगात्मक रूप से जांच की गई है। इलेक्ट्रॉन स्किन डेप्थ से कम व्यास वाले लूप एंटीना का उपयोग करके तरंगों को उत्तेजित किया जाता हैं,जो इस क्षेत्र में सहज स्तर की लंबाई है। यह देखा गया था की पहले के प्रयोग में, इस तरह की तरंगें स्किन डेप्थ के क्रम के लंबवत आयामों के साथ एक दीर्घीभूत आकृति हैं ऐसा पुर्वानुमान करते थे। वर्तमान कार्य में, हम दिखाते हैं की बाहरी मार्गदर्शक चुंबकीय क्षेत्र में कमी होने पर तरंग प्रसार में काफी बदलाव होता है। इलेक्ट्रॉन जड़ता प्रभावों के कारण दीर्घीभूत व्हिसलर के रूप में शुरू होने के बावजूद यह तरंग लंबवत दिशा में फैलती है। निकट क्षेत्र में, नल पॉइंट बनने पर भी एंटीना क्षेत्र प्रभावी हो जाता है, भौतिक प्रक्रियाएँ आकार लेती हैं और फिर भी निवल पृष्ठभूमि चुंबकीय क्षेत्र द्वारा तरंग निर्देशित किये जाते है। हालांकि, एंटीना से दूर के क्षेत्र में, कमजोर बाहरी चुंबकीय क्षेत्र तरंग को कहीं भी आगे निर्देशित करने में असमर्थ है और तरंग फैल जाती है। एक बड़ी करंट पल्स के बावजूद, तरंग रैखिक ($\Delta B/B0 \leq 1$) बनी रहती है। देखे गए परिणामों के लिए इलेक्ट्रॉन जड़ता और परिमित लारमोर त्रिज्या के प्रभावों के बीच की परस्पर क्रिया को जिम्मेदार माना गया है और एक संशोधित भौतिक मॉडल के संदर्भ में समझाया गया है।

पोस्ट-कैथोड और प्रतिलोमित बेलनाकार मैग्नेट्रोन स्पटरिंग के लिए निस्सरण अभिलक्षण और संबंधी फिल्म विकास का तुलनात्मक अध्ययन: इस अध्ययन में, पोस्ट-कैथोड (यानी प्रत्यक्ष) और खोखले--कैथोड (यानी प्रतिलोमित) विन्यास में आर्गन गैस के लिए एक डीसी बेलनाकार मैग्नेट्रॉन निस्सरण की प्रायोगिक जांच कि गई है। अलग-अलग बाहरी अनुप्रयुक्त चुंबकीय क्षेत्रों और परिचालन दबावों पर निस्सरण गुणों का मापन किया गया है और दोनों विन्यासों के लिए तुलना की गई है। डिस्चार्ज करंट (I)- वोल्टेज़ (V) अभिलक्षण $I \propto V^n$ का पालन करते है, जहाँ n का मान 3-8 की सीमा में है। पोस्ट-कैथोड विन्यास में चुंबकीय क्षेत्र के साथ निस्सरण करंट रैखिक रूप से बढ़ता है, जबकि यह प्रतिलोमित विन्यास की स्थिति में उच्च चुंबकीय क्षेत्रों पर संतृप्त होता है। प्लाज़्मा विभव के मापन ने प्रतिलोमित मैग्नेट्रॉन विन्यास में काफी एनोड गिरावट को दर्शाया है, जबकि पोस्ट-कैथोड विन्यास की स्थिति में नगण्य एनोड गिरावट और काफी ज्यादा कैथोड गिरावट देखी गई है। प्लाज़्मा घनत्व और इलेक्ट्रॉन तापमान डबल लैंगम्यूर प्रोब का उपयोग करके मापा जाता है, जो प्रतिलोमित मैग्नेट्रॉन विन्यास में अधिक पाये गए हैं। प्लाज़्मा घनत्व दोनों विन्यासों में संबंधित आंतरिक इलेक्ट्रोड से लगभग 3-4 सेमी दूरी पर अधिकतम पाया गया है। प्रतिलोमित मैग्नेट्रॉन विन्यास की स्थिति में तांबे की पतली फिल्म की सतह आकारिकी (मोर्फ़ोलोजी) में एक स्पष्ट परिवर्तन देखा गया था, जो एनोड गिरावट के कारण एनोड के पास अतिरिक्त आयनीकरण के कारण हो सकता है।

लेज़र से तप्त उत्सर्जक प्रोब (लेज़र-हीटेड एमिसिव प्रोब) में शून्य बायस उत्सर्जन करंट और प्रोब-टिप के पदार्थ की उचित पसंद: उत्सर्जक प्रोब को कम तापमान वाले प्लाज़्मा सिस्टम में प्लाज़्मा विभव के प्रत्यक्ष मापन के लिए सर्वश्रेष्ठ नैदानिक उपकरणों में से एक माना जाता है। अपने लंबे जीवनकाल के कारण, लेज़र-हीटेड एमिसिव प्रोब (LHEPs), उनके करंट तप्त पारंपरिक समकक्षों की तुलना में अधिक लोकप्रिय हो रहे हैं। ग्रेफाइट CO_2 लेज़र तरंगदैर्ध्य पर इसके उच्च अवशोषण गुणांक के कारण और LaB6 इसके कम वर्क फंक्शन के कारण आम तौर पर लेज़र से तप्त उत्सर्जक प्रोब के लिए प्रोब पदार्थ के रूप में उपयोग किया जाता है। ग्रेफाइट पदार्थ से बने एक प्रोब-टिप के साथ प्रयोगों से पता चला है कि पदार्थ को लेज़र से तप्त करने पर थर्मोआयनिक उत्सर्जन के अलावा अन्य उत्सर्जन प्रक्रियाएं भी होती हैं, जो प्लाज़्मा विभव के मापन को प्रभावित कर सकती हैं और LHEP के I-V अभिलक्षणों को बदल सकती हैं। ग्रेफाइट-टिप के उपर लेज़र विकिरणन के कारण होता यह अतिरिक्त उत्सर्जन, प्लाज़्मा विभव के कम मूल्यों के मापन का प्रतिपादन करता है और साथ ही हीटिंग के कारण थर्मोआयनिक उत्सर्जन करंट की वृद्धि के साथ-साथ इलेक्ट्रॉन संतृप्ति करंट में वृद्धि के अवलोकन का वर्णन करता है। ग्रेफाइट-टिप से थर्मिआयनिक उत्सर्जन के अलावा ऋणात्मक प्रभारित-उत्सर्जन के लिए संभावित प्रक्रिया को प्लाज़्मा की अनुपस्थिति में अच्छी तरह से अभिलक्षीत किया गया है। उपरोक्त बताया गया अतिरिक्त उत्सर्जन LaB6 से बनी प्रोब-टिप में नहीं देखा गया है, और इसलिए एक पारंपरिक फिलामेंट उत्सर्जक प्रोब के साथ I-V अभिलक्षणों की एक अच्छी तुलना की जा सकती है।

-!!-

A.3 टोकामॅक प्लाज़्मा के प्रयोग

आदित्य अपग्रेड और एसएसटी-1, इन दो टोकामॅकों पर निरंतर प्रगति हेतु प्रयोग जारी हैं। आदित्य अपग्रेड पर किये गये प्रयोगों में मुख्य रूप से डिज़ाइन वैल्यू के करीब प्लाज़्मा मापदंडों की प्राप्ति, पहली बार नई विद्युतचुंबकीय हाई-स्पीड पेलेट इंजेक्टरों का नियोजन, रनअवे इलेक्ट्रॉन के उत्पादन और ह्रास से संबंधित प्रायोगिक अध्ययन, टॉरॉइडल घूर्णन अध्ययन और मॉड्यूलेशन ड्रिफ्ट एमएचडी टियरिंग मोड शामिल हैं। एसएसटी-1 पर प्रौद्योगिकी में निरंतर प्रगति हुई है। पहली बार 650 ms की अधिकतम ओमिक स्पंद विद्युत धारा अवधि से 15 दिनों का प्लाज़्मा प्रचालन का रिकार्ड बनाया गया, जो पिछले वर्ष प्राप्त अवधि की तुलना में 200 ms अधिक है। उपरोक्त का विवरण इस भाग के निम्नलिखित उप-भागों में दिया गया हैं।

A.3.1 आदित्य-अपग्रेड टोकामॅक..*16*
A.3.2 स्थिर अवस्था अतिचालक टोकामॅक-1..*19*

A.3.1 आदित्य-अपग्रेड टोकामॅक

आदित्य-अपग्रेड का प्रचालन मुख्य रूप से सीमक विन्यास में गोलाकार प्लाज़्मा के डिज़ाइन पैरामीटरों के करीब प्लाज़्मा पैरामीटरों को प्राप्त करने और साथ ही आकार वाले प्लाज़्मा प्रचालन को आरंभ करने की तैयारी पर भी केंद्रित है। आदित्य अपग्रेड में रनवे इलेक्ट्रॉनों (REs) पर नये प्रयोग और विघटन नियंत्रण को प्रमुखता दी गई। इसके अलावा, Ne, Ar गैस इंजेक्शन का उपयोग करते हुए विकिरण-सुधारित मोड, MHD मोड के मॉड्यूलेशन और समय-समय पर ईंधन गैस-पफ का उपयोग करके एड्ज टर्बुलेंस, प्लाज़्मा टोरोइडल रोटेशन रिवर्सल की घनत्व निर्भरता, एवं 42 GHz ईसीआर समर्थित कम लूप वोल्टेज स्टार्ट-अप और तापन प्रयोग किए गए हैं।

आदित्य-अपग्रेड में डिस्चार्ज पैरामीटर्स में सुधार: पिछले एक साल के दौरान, निर्वात पात्र को 135° C तक बेक करने के पुनःचक्रण के बाद लिथियम कोटिंग के साथ नवीन स्पंद-जीडीसी (ग्लो डिस्चार्ज क्लीनिंग) का उपयोग करते हुए दीवार का विस्तृत अनुकूलन किया गया, जिसके परिणामस्वरूप ~ 6 x 10^{-9} m-Torr लोअर बेस वैक्यूम प्राप्त हुआ और डिस्चार्ज पैरामीटर्स में पर्याप्त सुधार हुआ। नवीन स्पंदित-जीडीसी दीवार पर हाइड्रोजन की लोडिंग को कम करता है, जिससे बेहतर घनत्व नियंत्रण प्राप्त किया जा सके। वास्तविक समय क्षैतिज प्लाज़्मा स्थिति नियंत्रण के साथ-साथ नेगेटिव कनवर्टर प्रचालन का उपयोग, I_p ~ 150



चित्र A.3.1.1 आदित्य-अपग्रेड टोकामॅक प्रचालनों में डिस्चार्ज प्रदर्शन में सुधार

kA के दोहराए गए डिस्चार्ज में हाइड्रोजन-प्लाज़्मा स्पंद लंबाई को 330ms से अधिक बढ़ाता है, पहली बार बिना किसी पूर्व-आयनीकरण के, जैसा कि चित्र A.3.1.1 में दिखाया गया है। विभिन्न लीथियम दीवार अनुकूलन तकनीकों को विकसित किया गया है, जैसे (a) H_2-GDC में गर्म लिथियम छड़ों की प्रविष्टि (b) विकसित वाष्पीकरण प्रणाली द्वारा लिथियम ईंधन भरना (c) लिथियम ईंधन और H_2-GDC का संयोजन (d) लिथियम कोटिंग को बेहतर बनाने के लिए लिथियम ईंधन भरने और H_2-GDC के बाद Ar-H_2 मिश्रण GDC का संयोजन। लिथियम के लिए अनुकूलतम तकनीक प्राप्त करने के लिए विभिन्न तकनीकों के परिणामों की तुलना की गई है। नवंबर में आईसीआरएच एंटीना और अन्य डायग्नोस्टिक्स की स्थापना के लिए मेजर वेसल ओपनिंग की गई और फरवरी -2020 से प्लाज़्मा प्रचालन फिर से शुरू किया गया है। इसके अलावा, पूरे ड्यूटेरियम डिस्चार्ज के लिए ड्यूटेरियम गैस पफ प्रयोग किए गए हैं, जिसमें हाइड्रोजन के डिस्चार्ज शुरू किए गए हैं और प्लाज़्मा धारा के फ्लैट-टॉप क्षेत्र के दौरान प्लाज़्मा के घनत्व को बनाए रखने के लिए ड्यूटेरियम गैस पफ की जाती है। प्लाज़्मा करंट प्लेटो के दौरान डायवर्टर कॉइल्स को चार्ज करके प्लाज़्मा को आकार देने से संबंधित प्रारंभिक प्रयोग, आयन साइक्लोट्रॉन अनुनाद (आईसीआरएच) के समर्थित तापन के साथ परिसीमन सुधार सहायक तापन एवं ड्यूटेरियम इंजेक्शन जारी है।

आदित्य अपग्रेड टोकामॅक में प्रयोग

आदित्य अपग्रेड टोकामॅक में विद्युतचंबकीय पेलेट इंजेक्शन: टोकामॅक फ्यूज़न डिवाइस अतिसंवेदनशील होते हैं, जिसमें "डिस्रप्शन" नामक प्रक्रिया में प्लाज़्मा का तेजी से विनाश होता है। वैक्यूम वेसल और चुंबकों के संभावित नुकसान के कारण यह इटर जैसे रिएक्टर-स्केल उपकरणों में एक प्रमुख चिंता का विषय है।



चित्र A.3.1.2- आदित्य-अपग्रेड टोकामॅक में एकीकृत विद्युतचुंबकीय पेलेट इंजेक्टर

पहली बार, आदित्य-अपग्रेड टोकामॅक पर एक विद्युतचुंबकीय उच्च गति वाला पेलेट इंजेक्टर लगाया गया है। इंजेक्टेड लीथियम टाइटनेट और लिथियम कार्बोनेट पेलेट कुछ मिलीसेकंड में गर्म प्लाज़्मा कोर तक पहुंच जाते हैं और इसकी थर्मल ऊर्जा को विकिरणित करते हैं, जिससे प्लाज़्मा धारा तीव्रता से क्वेंच होती है। यह प्रयोग आईपीआर और बीएआरसी, विशाखापट्टनम के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है। विद्युत चुम्बकीय इंजेक्टर प्रणाली को कम्प्यूटेशनल विश्लेषण प्रभाग, बीएआरसी, विशाखापट्टनम द्वारा विकसित और स्थापित किया गया है। इस पर एक अंतर्राष्ट्रीय पेटेंट आवेदन का मसौदा तैयार किया जा रहा है। पहली बार, आदित्य-अपग्रेड ने विघटन को कम करने पर अध्ययन के लिए टोकामॅक प्लाज़्मा में पेलेट को फायर करने के लिए प्रयोगात्मक रूप से विद्युत चुम्बकीय पेलेट इंजेक्शन के उपयोग का प्रदर्शन किया है। यह विघटन नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण विकास है जो इटर सहित भविष्य के टोकामॅक में विघटन को कम करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा कर सकता है। इन प्रयोगों में, लगभग 50 - 200 mg वजन वाले एक विकिरण पेलोड के साथ एक प्रक्षेप्य, ऊपर चित्र में दिखाए अनुसार एक रैखिक कॉइल गन एक्सिलरेटर का उपयोग करके 200-220 m/s की गति से प्लाज़्मा के कोर की ओर त्वरित होता है। प्रक्षेप्य माइक्रोन के आकार की धूल को प्लाज़्मा कोर में रख सकता है और कुछ मिलीसेकंड के भीतर प्लाज़्मा में संग्रहीत ऊर्जा को विकिरणित कर सकता है। इन प्रयोगों में 50 - 80 माइक्रोन के लिथियम टाइटेनेट (Li_2TiO_3) और लिथियम कार्बोनेट (Li_2CO_3) कणों का उपयोग किया गया है। इन प्रयोगों के लिए 100 -120 ms अवधि के IP ~120 kA के मानक संदर्भ डिस्चार्ज स्थापित किए गए है। बाद में लिथियम टाइटनेट (Li_2TiO_3) अशुद्ध कणों के पेलेट को लगभग 51.6 ms प्लाज़्मा करंट फ्लैट-टॉप के दौरान प्लाज़्मा में इंजेक्ट किया गया।



चित्र A.3.1.3. काल विकास (a) प्लाज़्मा धारा एवं पेलेट ट्रिगर स्पंद (b) इलेक्ट्रॉन घनत्व (c) इलेक्ट्रॉन तापमान एवं पेलेट के साथ(#33317, काला वक्र) और बिना पेलेट के (#33318, लाल वक्र) कुल विकिरणित शक्ति

अशुद्ध कण लगभग 1.25 ms के भीतर कोर प्लाज़्मा तक पहुंच गए और प्लाज़्मा धारा को तेजी से समाप्त करने का कारण बने। लगातार दो डिस्चार्ज, कण इंजेक्शन के साथ काला वक्र (# 33317) और बिना पेलेट इंजेक्शन के लाल वक्र (# 33318) का काल विकास चित्र A.3.1.3 में दिखाया गया है, जो डिस्चार्ज में प्लाज़्मा संग्रहीत ऊर्जा के विकिरण क्षय का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें कण इंजेक्ट किए गए हैं। कॉर्ड का औसत इलेक्ट्रॉन घनत्व और इलेक्ट्रॉन तापमान, अशुद्ध कणों के इंजेक्शन के बाद प्लाज़्मा विकिरण (चित्र (d)) की वृद्धि के कारण बहुत तेज़ी से समाप्त होता है(चित्र A.3.1.3(b) एवं (c) क्रमशः)।

रनवे इलेक्ट्रॉन (आरई) का उत्पादन एवं अल्पीकरण: चूंकि रनवे इलेक्ट्रॉन की गतिकी, संलयन अनुसंधान के अग्रिम क्षेत्रों में से एक है, इसलिए रनवे इलेक्ट्रॉन का उत्पादन और हानि पर कई प्रयोग किए गए हैं। प्रायोगिक अवलोकन रनवे इलेक्ट्रॉन की हानि में प्लाज़्मा एड्ज और स्क्रेप ऑफ लेयर क्षेत्रों में प्रक्षुब्ध उतार-चढ़ाव की संभावित भूमिका का संकेत देता है। आवधिक गैस पफ का उपयोग करके नियंत्रित प्रयोगों से पता चला है कि एड्ज क्षेत्र में मौजूद प्रक्षुब्ध उतार-चढ़ाव रनवे इलेक्ट्रॉन की हानि दर में भूमिका निभाते हैं। जब प्लाज़्मा धारा फ्लैट-टॉप के दौरान कई गैस-पफ स्पंदों को प्रयुक्त किया जाता है, तो एचएक्सआर की तीव्रता का अस्थायी विकास भी आयाम में होता है जो आधे मैक्सिमा (एफडब्ल्यूएचएम) ~ 2 ms में एक पूरी चौड़ाई के साथ प्रमुख शीर्ष को प्रदर्शित करता है, जिसमें उतार-चढ़ाव के साथ-साथ प्रत्येक गैस पफ होता है। एचएक्सआर तीव्रता का शमन और पुनर्प्राप्ति अध्ययन किए गए सभी डिस्चार्ज में प्रक्षुब्ध एड्ज के उतार-चढ़ाव के शमन और पुनर्प्राप्ति के साथ दृढ़ता से मेल खाता है, जो रनवे इलेक्ट्रॉन पर एड्ज के उतार-चढ़ाव की एक महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है जैसा कि चित्र 3.1.4 में दिखाया गया है। रनवे इलेक्ट्रॉन के गुजरने से इलेक्ट्रोस्टैटिक उतार-चढ़ाव के सहसंबद्ध प्रभाव का यह अवलोकन रनवे इलेक्ट्रॉन की हानि की नई क्रियाविधि पर प्रकाश डालता है और रनवे इलेक्ट्रॉन अल्पीकरण की नई विधियों को डिज़ाइन करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। रनवे इलेक्ट्रॉन के गठन की क्रियाविधि की खोज करने के लिए प्लाज़्मा घनत्व को कम करके और ऊर्ध्वाधर चुंबकीय क्षेत्र को समायोजित करके नियंत्रित रनवे इलेक्ट्रॉन के उत्पादन पर प्रयोग किये गये हैं। एक तेजी से दृश्यमान इमेजिंग वीडियो कैमरा, जिसका उपयोग 2 डी स्पर्शरेखा देखने के लिए किया जाता है, उससे छवियाँ ली गई है जो रनवे इलेक्ट्रॉन बीम गठन की विशेषताओं को उच्च स्थानिक और कालिक विभेदन के साथ दिखाता है जैसा कि चित्र A.3.1.4a में दिखाया गया है। ये परिणाम रनवे इलेक्ट्रॉन बीम परिसीमन में ऊर्ध्वाधर क्षेत्रों की भूमिका को इंगित करते हैं। टोकामॅक में रनवे इलेक्ट्रॉन के उत्पादन से व्यवधान को कम करने के लिए इन्हें संशोधित किया जा सकता है। SMBI प्रयोगों के दौरान रनवे इलेक्ट्रॉन परिसीमन भी संशोधित किया गया है और इसके परिणाम, SMBI के कारण गठित बड़े MHD आइलैंड में रनवे इलेक्ट्रॉन के फंसने का संकेत देते हैं।

टोरोइडल घूर्णन के अध्ययन: आदित्य-अपग्रेड पर टोरोइडल प्लाज़्मा घूर्णन वेग 529 nm पर C^{5+} स्पेक्ट्रल लाइन के निष्क्रिय आवेश विनियम लाइन उत्सर्जन स्पेक्ट्रोस्कोपी का उपयोग करके मापा गया है। एक चार्ज कप्ल्ड डिवाइस (सीसीडी) डिटेक्टर के साथ युग्मित 1 मीटर मल्टी-ट्रैक स्पेक्ट्रोमीटर से युक्त स्पेस-रिज़ॉल्वड विज़िबल स्पेक्ट्रोस्कोपी डायग्नॉस्टिक का उपयोग करके लाइन की निगरानी की गई है। संचालन के दौरान, मशीन के ऊपर से देखे जाने पर प्लाज़्मा का प्रवाह दक्षिणावर्त दिशा में होता है। केंद्रीय कॉर्ड-औसत इलेक्ट्रॉन घनत्व $\sim 2.5 \times 10^{19}$ m^{-3} के साथ परंपरागत ओमीय रूप से गर्म लिमिटर डिस्चार्ज में, प्लाज़्मा कोर पर अधिकतम टोरोइडल घूर्णन वेग वर्तमान दिशा के विपरित में ~20 km s^{-1} पाया जाता है। केंद्रीय कॉर्ड-औसत घनत्व ~5 × 10^{19} m^{-3} के साथ उच्च इलेक्ट्रॉन घनत्व डिस्चार्ज को-करंट दिशा के विपरित प्लाज़्मा टोरोइडल घूर्णन देखा गया है। दिलचस्प बात यह है कि $\lesssim 2.5 \times 10^{19}$ m^{-3} के केंद्रीय कॉर्ड--औसत इलेक्ट्रॉन घनत्व के डिस्चार्ज में, जहां प्लाज़्मा करंट फ्लैट-टॉप में नियॉन गैस इंजेक्ट किया जाता है, गैस पफ के बाद, टोरोइडल घूर्णन उल्टा देखा गया है। प्रतिलोम के बाद प्लाज़्मा धारा की विपरित-धारा दिशा में प्राप्त अधिकतम टारोइडल घूर्णन वेग 24 km/s है और कोर में आयन तापमान ~ 150 eV है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि टोरोइडल कोर प्लाज़्मा घूर्णन की दिशा नियॉन गैस पफ का उपयोग



चित्र A.3.1.4 (a) रनअवे इलेक्ट्रॉन बीम के साथ आदित्य अपग्रेड प्लाज़्मा का दो-आयामी स्पर्श रेखा दृश्य, (b) गैस-पफ के दौरान घनत्व में उतार-चढ़ाव के साथ हार्ड एक्स-रे का सहसंबंध

करने के दौरान और बाद में विपरित-धारा से सह-धारा दिशा के रूप में उलट जाती है। टोरोइडल घूर्णन का व्युत्क्रम, आदित्य अपग्रेड में रैखिक ओमीय परिसीमन से संतृप्त ओमीय परिरोधन के डिस्चार्ज के ट्रांज़िशन से संबंधित हो सकता है। क्योंकि Ne पफिंग को विकिरण प्रक्रियाओं के माध्यम से परिसीमन में सुधार के लिए जाना जाता है।

ड्रिफ्ट-टियरिंग MHD मोड का मॉड्यूलेशन: एक टोरोईडल स्थान पर ईंधन गैस (हाइड्रोजन) के लगभग 10^{17} - 10^{18} अणुओं को इंजेक्ट करने वाले शॉर्ट गैस पफ, इंजेक्शन की अवधि के दौरान ड्रिफ्ट-टियरिंग मोड घूर्णन आवृत्ति और मोड आयाम को समन्वित रूप से कम करते हुए और फिर गैस स्पंद खत्म होने पर अपने प्रारंभिक मान पर वापस लौटते हुए पाया गया है। इससे घूर्णन आवृत्ति की एक आवधिक मॉड्यूलेशन और ड्रिफ्ट-टियरिंग मोड का आयाम होता है, जो गैस स्पंद इंजेक्शन की आवधिकता के साथ सहसंबद्ध है। मोड की विशेषता में इस परिवर्तन के लिए अंतर्निहित क्रियाविधि एड्ज क्षेत्र में प्लाज़्मा दाब के रेडियल प्रोफाइल में गैस पफ प्रेरित परिवर्तन से संबंधित प्रतीत होता है जो कि प्रतिचुंबकीय ड्रिफ्ट आवृत्ति में कमी लाता है। विस्तृत प्रायोगिक माप और BOUT ++ कोड सिमुलेशन प्रतिचुंबकीय ड्रिफ्ट आवृत्ति में इस तरह की कमी का समर्थन करते हैं। ये परिणाम एक टोकामॅक में एड्ज गतिशीलता और कोर MHD परिघटना के बीच एक करीबी अंतर्क्रिया को प्रकट करते हैं जो हमें चुंबकीय आइलैंड के घूर्णन की गतिशीलता और आयाम के स्पंदनों को बेहतर ढंग से समझने में मदद कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन अनुनाद तापन (ईसीआरएच) प्रणाली

ईसीआरएच समर्थित ब्रेकडाउनः आदित्य-अपग्रेड पर 42 GHz ईसीआरएच की सहायता से लो-लूप वोल्टेज प्लाज़्मा स्टार्ट-अप और हीटिंग प्रयोग किए गए हैं। इन प्रयोगों में, टोकामॅक को 1.26-1.4 T के टॉरॉयडल चुंबकीय क्षेत्र में संचालित किया जाता है और आधारभूत O-मोड में ईसीआरएच पावर को टोकामॅक के निचले क्षेत्र की ओर से लॉन्च किया जाता है। ब्रेकडाउन के लिए ईसीआरएच पावर और अवधि 75-150 kW से और 50-100 ms तक क्रमशः भिन्न-भिन्न होती है। पूर्व-आयनीकरण प्राप्त करने के लिए ईसीआरएच इनपुट को लूप वोल्टेज से लगभग 25 ms पहले शुरू किया जाता है। आदित्य--अपग्रेड टोकामॅक में, सामान्य प्लाज़्मा डिस्चार्ज ~ 20 V के शीर्ष लूप-वोल्टेज के साथ प्राप्त किए गए हैं। EC की सहायता से डिस्चार्ज से शीर्ष लूप वोल्टेज 30-35% से ~ 13V तक कम हो जाता है और लो--लूप वोल्टेज पर सामान्य प्लाज़्मा डिस्चार्ज सफलता से प्राप्त होते हैं।

ईसीआर तापन: 42 GHz ईसीआरएच प्रणाली का उपयोग करके आदित्य-अपग्रेड में प्लाज़्मा तापन प्रयोग किए गए हैं। प्रारूपी प्लाज़्मा करंट 100-115 kA की रेंज में और डिस्चार्ज अवधि ~ 250 ms है। लूप वोल्टेज को शुरू करने के बाद प्लाज़्मा धारा के फ्लैट-टॉप पर ईसी पावर को लगभग 50 ms के लिए लॉन्च किया जाता है। सॉफ्ट एक्स-रे सिग्नल में वृद्धि प्लाज़्मा के गरम होने का संकेत देती है। विभिन्न प्रयोगों में, ईसी पावर 150 kW से 250 kW तक भिन्न होता है और ईसी स्पंद की अवधि भी 50 ms से 150 ms तक भिन्न होती है। ईसी-पावर के साथ वॉल्यूम सॉफ्ट एक्स-रे (एसएक्सआर) सिग्नल में धीरे-धीरे वृद्धि होने से हीटिंग प्रभाव को देखा गया है। उच्च चुंबकीय क्षेत्रों में ईसीआरएच प्रयोग जारी रहेंगे।

A.3.2 स्थिर-अवस्था सुपरकंडक्टिंग टोकामॅक-1 (एसएसटी-1)

स्थिति और संचालन

टोरस के भीतर शून्य चुंबकीय क्षेत्र का अच्छा विन्यास स्थिर प्लाज़्मा स्टार्ट-अप के उत्पादन के लिए पहली आवश्यकता है। सिमुलेशन अध्ययनों से केंद्रीय सॉलोनॉइड के बाहरी सुधार कॉयल में से एक में कुछ संशोधन करने का संकेत मिला है। इस अध्ययन के आधार पर, मौजूदा सुधार कॉइल (टीआर -4) में अतिरिक्त 4 मोड़ घूर्णित थे और बाद में, मापे गये त्रुटि क्षेत्र ने चुंबकीय शून्य विन्यास में एक महत्वपूर्ण सुधार दिखाया और यह एसएसटी-1 टोकामॅक में किए गए दो प्रायोगिक अभियानों में सिद्ध हुआ है: अप्रैल 2019 का अभियान विशेष रूप से शून्य चुंबकीय क्षेत्र के बेहतर प्रभाव को देखने के लिए प्लाज़्मा के ब्रेकडाउन और स्टार्ट-अप के लक्षण-वर्णन को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। ईसीआर पर्वू-आयनीकरण, ओमिक और लोअर हाइब्रिड करंट ड्राइव की सहायता से 1.5T के एक टॉरोइडल क्षेत्र में प्लाज़्मा प्रयोग किए गए, जिसमें इन विषयों पर प्रकाश डाला गया:

1) बेहतर क्रायो-इंसुलेशन और क्रायो प्लांट के अनुकूल संचालन से 50-60 लीटर/घंटा लिक्विड हीलियम (एलएचई) का उत्पादन करने के साथ टीएफ और पीएफ 3 कॉयल को ठंडा किया गया।
2) 9 दिनों से अधिक क्रायोप्लांट प्रणाली के विश्वसनीय संचालन के साथ टीएफ कॉइल को 8 घंटे के लिए 1.5 टेस्ला क्षेत्र का उत्पादन करते हुए एक आवेशित अवस्था में रखा गया था।
3) एसएसटी-1 में पहली बार आरएफ हीटिंग की सभी 3 विधियाँ: आईसीआरएच, एलएचसीडी और ईसीआरएफ, एक ही शॉट में प्लाज़्मा में इंजेक्ट की गई थी।
4) एसएसटी-1 में पहली बार सुपरकंडक्टिंग अवस्था में प्लाज़्मा डिस्चार्ज का उत्पादन आवेशित टीएफ कॉइल के साथ-साथ पीएफ3 कॉइल-सेट के साथ किया गया।
5) एलएचसीडी से एकल दीर्घ-स्पंद और एलएचसीडी से कई लघु-स्पंद दोनों का उपयोग करके लंबे समय तक प्लाज़्मा डिस्चार्ज (~ 645ms) प्राप्त किया गया।

ओमिक करंट ड्राइव के लिए प्रचालन पैरामीटरों को स्कैन करने और सर्वोत्तम संचालन स्थितियों के लिए अनुकूलित करने के उद्देश्य से सितंबर 2019 में एक और अभियान किया गया था। जिसमें इन विषयों पर प्रकाश डाला गया:



चित्र A 3.2.1: लगभग 600 ms की अवधि के साथ एसएसटी-1 प्लाज़्मा, जो पहले प्राप्त अवधि 450 ms से अधिक है। मशीन और इसके संचालन में लोअर हाइब्रिड करंट ड्राइव के साथ किए गए कई अन्य अनुकूलन के कारण यह संभव हुआ है

- टीएफ कॉइल के साथ-साथ पीएफ -3 कॉयल को सुपरकंडक्टिंग स्थिति में रखते हुए, तरल हीलियम को एक साथ 40 l/h की दर से उत्पादित किया गया था।
- एसएसटी-। में पहली बार 15 दिनों के प्लाज़्मा प्रचालन में 650ms की अवधि तक अधिकतम ओमिक प्लाज़्मा करंट का रिकॉर्ड बना, जो 24 वें अभियान में प्राप्त 450 ms की सीमा से काफी अधिक है।
- प्लाज़्मा डिस्चार्ज के दौरान अलग-अलग समय पर कई गैस पफ पैटर्न से हार्ड एक्स-रे के दमन पर उनके प्रभाव का अध्ययन करने की कोशिश की गई। गैस पफ से निस्संदेह हार्ड एक्स-रे को दबाने में मदद मिली, जिसके परिणामस्वरूप प्लाज़्मा घनत्व में वृद्धि हुई, जिसे सॉफ्ट एक्स-रे (एसएक्सआर) सिग्नल सहित कई डायग्नोस्टिक्स में देखा गया।
- सॉटूथ दोलन, टोकामॅक में सफल प्लाज़्मा डिस्चार्ज का एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह कोर प्लाज़्मा घनत्व और तापमान की आवधिक छूट है। इस अभियान में कुछ डिस्चार्ज में भी यह गतिविधि देखी गई।

अक्टूबर 2019 से, एसएसटी -1 मशीन अल्पकालिक उन्नयन के लिए खोली गई है, जिसमें ये संस्थापन कार्य शामिल है (i) मध्यम-आकार के प्लाज़्मा के लिए आवश्यक पीएफ -3 करंट लीड्स का युग्म (ii) वैकल्पिक पूर्व-आयनीकरण और स्टार्टअप प्रयोगों के लिए आरएफ स्पाइरल एंटीना का संयोजन और (iii) डायग्नोस्टिक्स जैसे थॉमसन स्कैटरिंग, लैंगम्यूर प्रोब, चुंबकीय प्रोब अर्रे, एक्स-रे और बोलोमीटर, आदि। जून 2020 में अगले प्लाज़्मा प्रयोगात्मक अभियान की योजना है।

एसएसटी-1 के लिए क्रायोप्लांट प्रचालन का अनुकूलन

अगस्त-सितंबर 2019 के दौरान, एसएसटी-1 क्रायोजेनिक संयंत्र के इष्टतम उपयोग के परिणामस्वरूप निम्नलिखित उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं:

1) वाष्प-शीतलित करंट लीड का उपयोग करके ~ 20,000 सेकंड तक चलने वाला एक फ्लैट-टॉप टोरोइडल फील्ड करंट प्रदर्शित किया गया। इसने प्लाज़्मा प्रयोगों के लिए दो सप्ताह से अधिक लंबी "विंडो" को उपलब्ध कराया, जो एसएसटी -1 के लिए एक रिकॉर्ड है।
2) टीएफ कॉइल, पीएफ कॉइल और केस के एक साथ कूल-डाउन को 15-16 K के तापमान तक सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया है।
3) पीएफ -3 कॉइल जोडे को 24 घंटे से अधिक समय तक के लिए 7-8 K तापमान पर रखा गया था, साथ ही साथ टीएफ कॉइल को भी सुपरकंडक्टिंग अवस्था में रखा गया था।

एसएसटी-1 पीएफ कॉयल के लिए करंट फीडर प्रणाली (CFS)

एसएसटी-1 टोकामॅक में सुपरकंडक्टिंग टीएफ और पीएफ # 3 कॉइल को पावर देने के लिए, 10 kA रेटेड करंट लीड के तीन युग्म आवश्यक हैं। यह एसएसटी-1 में पहली बार आकार वाले प्लाज़्मा प्रचालन को संभव करेगा। करंट फीडर प्रणाली (सीएफएस) इन एससी चुंबकों के बीच 5 K पर सेतु का काम करती है और सामान्य तापमान पर शक्ति की आपूर्ति करती है। एसएसटी-1 में अब तक, केवल टीएफ कॉइल के करंट लीड्स (CL) लगाए गए थे। करंट लीट के 2 युग्म और संबंधित एससी बस बार के एकीकरण का काम चल रहा है।

इसमें निम्नलिखित प्रमुख चरण शामिल हैं:

i) करंट लीड का परीक्षण: एकीकरण से पहले, सभी चार करंट लीड का परीक्षण किया जाता है और हीलियम रिसाव के कसाव और प्रतिरोध मापन के लिए जांचा जाता है। स्थान/एक्सेस की उपलब्धता एक बड़ी बाधा है। उच्च प्रेरक वोल्टेज के कारण करंट लीड का विद्युत इन्सुलेशन भी एक बड़ी चुनौती है।

ii) सीएफएस चैंबर के भीतर पीएफ # 3 कॉइल के लिए वाष्प शीतलित करंट लीड: इसमें उचित संरेखण सुनिश्चित करने के बाद, करंट लीड और कॉइल के बीच कम प्रतिरोध वाले 4 एससी बस-बार जोड़ों का निर्माण शामिल है। ये बस बार Nb-Ti / Cu आधारित CICC (केबल इन-कंड्यूट कंडक्टर) से बने हैं।

iii) क्रायो-कूलिंग: पीएफ # 3 कॉइल के बस बार को ठंडा करने के लिए, दाबित हीलियम क्रायोजेनिक सर्किट को फिर से जोड़ा जाता है और हीलियम रिसाव के कसाव के लिए जांचा जाता है। इसी तरह, करंट लीड को ठंडा करने के लिए, एक तरल हीलियम (LHe) आपूर्ति सर्किट पर विचार किया गया है और जल्द ही इसे लागू किया जाएगा। कम तापमान की अधिकांश सतहों को सुपरिंसुलेशन MLI (मल्टी-लेयर इंसुलेशन) द्वारा कवर किया जाएगा। आवश्यक तापमान संेसर, वोल्टेज नल, प्रेशल ड्रॉप ट्रांसड्यूसर और फ्लो मीटर लगाए जाएंगे।

आयन साइक्लोट्रॉन अनुनाद तापन (ICRH) प्रणाली

एसएसटी -1 आईसीआरएच जनरेटर के चौथें चरण का परीक्षण किया गया है और इसके द्वारा 24.8 MHz पर 0.1 सेकंड की स्पंद अवधि के लिए 588 kW का पावर दिया गया है। तीसरी चरण की शक्ति आपूर्ति के लिए एक द्रुत सुरक्षा प्रणाली की आवश्यकता होती है जो 10 μsec के भीतर काम करती है और टेट्रोड ट्यूब के नुकसान को रोकने के लिए 10 जूल के भीतर त्रुटि ऊर्जा को भी सीमित करती है। एचवीडीसी शक्ति आपूर्ति की ओपन-सर्किटिंग के लिए एक उपयुक्त 15kV, 30A ठोस अवस्था स्विच को स्वदेशीय रूप से विकसित किया गया है। 1.5 MW CWRF टेट्रोड-आधारित आईसीआरएच स्रोत, इटर को सुपुर्द करने के लिए भारतीय अनुसंधान एवं विकास के हिस्से के रूप में विकसित किया गया था। ऐसी एक प्रणाली, जिसे इटर को सुपुर्द करने की आवश्यकता नहीं है, उसको एसएसटी-1 में शिफ्ट करने की प्रक्रिया चल रही है। पहले चरण में एसएसटी-1 की आवश्यकतानुसार स्पंदित संचालन के लिए इसका परीक्षण किया गया है।

निम्न संकर विद्युत धारा (LHCD) प्रणाली

हाल के प्रयोगों से प्रचालन दाब में महत्वपूर्ण सुधार दिखाई देता है, जिससे एलएचसीडी की दक्षता में वृद्धि हुई है। इस कारण ईसीआरएच स्पंद के कई 100 मिली सेकंड के विलंब के बाद अब एलएचसीडी को लॉन्च करना संभव है। यहां तक कि LHCD के कई स्पंद, विद्युत धारा को चलाने में मदद कर सकते हैं। अप्रैल 2019 के अभियान में, एलएचसीडी के एकल दीर्घ-स्पंद और एलएचसीडी के कई लघु-स्पंद दोनों का उपयोग करके लंबी अवधि के प्लाज़्मा डिस्चार्ज (~ 645ms) प्राप्त किए गए हैं। अन्य टोकामॅक्स (उदाहरण के लिए जापानी टोकामॅक TRIAM) से सूचित किया गया है कि लूप वोल्टेज को संशोधित करके, निम्न संकर अवशोषण में सुधार किया जा सकता है। आगामी अभियानों में एसएसटी-1 पर इसका परीक्षण करने के लिए प्रयास चल रहे हैं।

डाटा अधिग्रहण और नियंत्रण

वाणिज्यिक SCADA पैकेज महंगा हैं और प्रति लाइसेंस के आधार पर इसका शुल्क लिया जाता है। साथ ही इसके रखरखाव और अपग्रेड में बार-बार खर्चा लगता है। एसएसटी-1 की उपप्रणालियाँ: क्रायोजेनिक्स, वैक्यूम और चुंबक की निगरानी और नियंत्रण के लिए हमने ओपन सोर्स SCADA पैकेज: प्रायोगिक भौतिकी औद्योगिक नियंत्रण प्रणाली (EPICS) और नियंत्रण प्रणाली स्टूडियो (CSS) के उपयोग की पहल की है। इन उपकरणों का इस्तेमाल करने से एक ही ब्राउजर क्लिक से कहीं से भी किसी भी समय इंट्रानेट पर एसएसटी -1 कूलडाउन स्थिति की निगरानी करना संभव हो गया है। इससे इन वितरित उप-प्रणालियों से डेटा का केंद्रीय संग्रह भी होता है। आईपीआर की अन्य परियोजनाओं पर इन उपकरणों की स्थापना की प्रक्रिया चल रही है।

थॉमसन स्कैटरिंग डायग्नोस्टिक प्रणाली

एक ऊर्ध्वाधर थॉमसन स्कैटरिंग प्रणाली को N^2 गैस से रोटेशनल रमन स्कैटरिंग का उपयोग करके संरेखित और अंशांकित (स्थानिक और तरंग दैर्ध्य) किया गया है। प्रयोगशाला के अंदर एक Nd:YAG लेज़र सिस्टम और लेज़र बीम क्लस्टरिंग की व्यवस्था की गई है। मशीन में बिखरे हुए फोटॉनों को इकट्ठा करने वाली इमेजिंग प्रणाली को मशीन पर संस्थापित किया गया है। वर्णक्रमीय फैलाव और थॉमसन स्कैटरड फोटॉनों के संसूचन के लिए स्वदेशी रूप से विकसित 5 चैनल फ़िल्टर पॉलीक्रोमेटर को भी एकीकृत किया गया है।

--!!--

A.4 संलयन एवं संबंधित प्रौद्योगिकियाँ

संलयन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकियों से संबंधित निरंतर प्रगति करते हुए कई प्रौद्योगिकियों का विकास किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत विकसित प्रौद्योगिकियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी यहाँ दी गई है।

A.4.1 चुंबक प्रौद्योगिकियाँ 22
A.4.2 उच्च तापमान प्रौद्योगिकियाँ 23
A.4.3 संलयन ब्लैंकेट प्रौद्योगिकियाँ:....................24
A.4.4 सुदूर प्रहस्तन और रोबोटिक्स प्रौद्योगिकी....................25
A.4.5 न्यूट्रल बीम तकनीकियाँ 25
A.4.6 विशाल क्रायोजेनिक प्रणालियाँ....................26

A.4.1 चुंबक प्रौद्योगिकियाँ

सघन एचटीएस सोलनॉइड कॉइल का निर्माण और परीक्षण: उच्च तापमान सुपरकंडक्टर्स (एचटीएस) अगली पीढ़ी के उच्च क्षेत्र सघन चुंबक के लिए आशाजनक हैं, क्योंकि उन्हें 4K पर क्रायोजेनिक शीतलन की आवश्यकता नहीं है। एचटीएस टेप आधारित उच्च-क्षेत्र के चुंबक के निर्माण के लिए कॉइल की वाइंडिंग, इंटर-पैनकेक और टर्मिनल को जोड़ना चुनौतीपूर्ण प्रौद्योगिकी है। पहले चरण में, आईपीआर ने एक छोटा बोर (~ 50 मिमी) डबल पैनकेक, तरल नाइट्रोजन बाथ-कूल्ड, 24 फेरे और 21 mm की ऊंचाई के साथ एचटीएस सोलनॉइड कॉइल तैयार किया है। इससे 1.1 टेस्ला के स्पंदित चुंबकीय क्षेत्र को 0.72 मिलीसेकंड की विद्युत धारा स्पंद के साथ और 110 A की विद्युत धारा पर 0.06 टेस्ला के डीसी चुंबकीय क्षेत्र का उत्पादन हुआ है। चित्र A.4.1.1 चुंबकीय क्षेत्रों को मापने के लिए उपयोग किए जाने वाले एचटीएस कॉइल संयोजन को दर्शाता है। अगला कदम व्यावहारिक अनुप्रयोगों के लिए उच्च-क्षेत्र के और बड़े बोर वाले एचटीएस कॉइल विकसित करने होंगे - ये गतिविधियां "फ्यूज़न टेक्नोलॉजीस" नामक एक नई डीपीआर में शामिल हैं, जिसे पीएसी द्वारा मंजूरी दे दी गई है और पऊवि की मंजूरी की प्रतीक्षा है।

हाइब्रिड Nb3Sn और NbTi CICC जोड़ का स्वदेशी विकास: सुपरकंडक्टिंग चुंबक वाली प्रणाली में अक्सर विभिन्न प्रकार के सुपरकंडक्टिंग सामग्रियों के बीच जोड़ों की आवश्यकता होती है। भारत में पहली बार आईपीआर द्वारा Nb3Sn और NbTi केबल--इन-कंडक्ट-कंडक्टर (CICC) को जोड़ने के लिए 120 mm की लंबाई का एक हाइब्रिड ओवरलैप जोड़ विकसित किया गया है। यह

चित्र A.4.1.1 एचटीएस कॉइल संयोजन



चित्र A.4.1.2 *टेस्ट इंसर्ट के साथ एकीकृत हाइब्रिड जोड़*



चित्र A.4.1. 3 (a) एकीकृत चुंबक परीक्षण सुविधा (एमटीएफ) *(b)एमटीएफ के क्रायोस्टेट के निचले भाग की थर्मल शील्ड*

ऊष्मीय रूप से स्थिर जोड़ है, जो 4.5 K तापमान और 10 kA तक की विद्युत धारा पर संचालन करता है। इस जोड़ का व्यावहारिक महत्व है क्योंकि इसे Nb3Sn CICC- आधारित सुपरकंडक्टिंग चुंबक के पास उपलब्ध सीमित स्थान में एकीकृत किया जा सकता है।

एकीकृत चुंबक परीक्षण सुविधाः आईपीआर में एक एकीकृत चुंबक परीक्षण सुविधा (MTF) संस्थापित और कमीशन की गई है। संलयन और अन्य अनुप्रयोगों के लिए यह सुविधा उच्च तापमान (80-4.5 केल्विन) के साथ-साथ कम तापमान (~ 4.5 केल्विन) सुपरकंडक्टिंग चुंबक के परीक्षण के लिए है। इसमें एक बड़ा क्रायोस्टेट है जिसका वजन 21 टन है और एक तरल नाइट्रोजन थर्मल शील्ड के साथ 83 m^3 का आयतन है। यह अधिकतम 5 मीटर ऊंचाई और 4 मीटर व्यास के आकार के सुपरकंडक्टिंग चुंबकों को आवासित करने में सक्षम है। इस क्रायोस्टैट के थर्मल शील्ड्स का वैक्यूम और कूल डाउन प्रदर्शन संतोषजनक पाया गया है।

A.4.2 उच्च तापमान प्रौद्योगिकियाँ

i) उच्च ताप प्रवाह परीक्षण सुविधा (HHFTF) का उपयोग करके एक तरफा ताप के लिए क्रांतिक ताप प्रवाह पर प्रायोगिक अध्ययन करने के लिए 400 mm लंबाई का एक नया कॉपर-मिश्र धातु परीक्षण मॉक-अप विशेष रूप से विकसित किया गया है। प्रयोगों के दौरान अर्ध-स्थिर ताप प्रवाह स्थिति के लिए क्रांतिक ताप प्रवाह देखा गया है। क्षणिक ताप प्रवाह के साथ बाद के प्रयोगों से संकेत मिलता है कि क्रांतिक ताप प्रवाह, अर्ध-स्थिर ताप प्रवाह की तुलना में तेजी से बढ़ते क्षणिक ताप-प्रवाह के लिए कम है।

ii) एचएचएफटीएफ का इस्तेमाल पॉजिटिव आयन न्यूट्रल बीम इंजेक्टर (पीआईएनआई) के बैक-प्लेट से ताप निष्कासन का परीक्षण करने के लिए किया गया है। एचएचएफटीएफ के इलेक्ट्रॉन बीम को बैक--प्लेट की पूरी सतह पर 2.5 MW/m^2 का स्थिर-अवस्था ताप प्रवाह उत्पन्न करने के लिए लगभग 450s के लिए 45 kV त्वरण वोल्टेज पर 200 kW की पूरी शक्ति से संचालित किया गया था। उच्च ताप प्रवाह परीक्षण के दौरान 2 डी तापमान प्रोफ़ाइल उत्पन्न करने के लिए बैक-प्लेट की सतह की अवरक्त मैपिंग की जाती है।

iii) एचएचएफटीएफ का उपयोग करके एआरसीआई द्वारा विकसित तांबे-मिश्र धातु सब्सट्रेट के साथ एक टंगस्टन-लेपित लक्ष्य (450 mm लंबा, 30 mm चौड़ा) को 1000 उष्मीय चक्रों के लिए 500°C सतह के तापमान (3MW / m^2 ताप प्रवाह) पर इसके प्रदर्शन के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। Gleeble प्रणाली का उपयोग कर 100 से 500°C तक 1000 चक्र के लिए तापीय श्रांति परीक्षण के दौरान टंगस्टन लेपित नमूने का भी सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है।

iv) डायवर्टर लक्ष्य के लिए ब्रेज्ड टंगस्टन मोनो-ब्लॉक निर्माण तकनीक का विकास/सुधार जारी है। बेहतर मशीनिंग तकनीकों के परिणामस्वरूप अल्ट्रासाउंड जांच के अनुसार +/- 100 माइक्रोन के भीतर टंगस्टन और कास्टेड तांबे में मशीन से किये छेद में बेहतर समकेंद्रीयता प्राप्त हुई। क्षैतिज संयोजन द्वारा कॉपर-कास्टेड टंगस्टन मोनो-ब्लॉक टाइल से कॉपर-मिश्रधातु ट्यूब की ब्रेजिंग के लिए प्रयास किये गये, जिसमें ब्रेजिंग में मामूली दोष पाए गए हैं।

v) सीधे सेक्शन और Y- सेक्शन वेव-गाइड के विकास के लिए वैक्यूम ब्रेज़िंग का प्रदर्शन किया गया है।

A.4.3 संलयन ब्लैंकेट तकनीकियाँ

एलएलसीबी टीबीएम सेट का तापीय-द्रवीय और संरचनात्मक विश्लेषण: भारतीय लेड-लिथियम शीतलित सिरेमिक ब्रीडर (एलएलसीबी) टेस्ट ब्लेंकेट मॉड्यूल (टीबीएम), ट्रिशियम ब्रिडिंग फ्यूज़न ब्लैंकेट अवधारणाओं में से एक है। टीबीएम की पहली दीवार (एफडब्ल्यू) प्लाज़्मा फेसिंग घटक है जिसे उच्च गर्मी प्रवाह का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। पहली दीवार को शीतलक चैनलों के माध्यम से बहने वाले उच्च दाब, उच्च तापमान हीलियम गैस द्वारा ठंडा किया जाता है। पहली दीवार का विस्तृत तापीय-द्रवीय, ANSYS CFX का उपयोग करते हुए ऊष्मा प्रवाह और न्यूट्रोनिक ऊष्मा उत्पादन के आधार पर किया गया है। मैनिफोल्ड से पहली दीवार के विभिन्न प्रवाह सर्किटों में प्रवाह के वितरण का प्रदर्शन किया गया और सभी सर्किट में प्रवाह वितरण एक समान पाया गया है। पहली दीवार के चैनलों और मैनिफोल्ड के अंदर हीलियम प्रवाह का तापीय-द्रवीय विश्लेषण, तापमान, दाब में गिरावट और ऊष्मा हस्तांतरण गुणांक का अनुमान लगाने पर दस्तावेज़ तैयार किए गए हैं। टीबीएम शील्ड, टीबीएम सेट के पीछे उच्च ऊर्जा न्यूट्रॉन से चुंबकों और अन्य घटकों को परिरक्षण प्रदान करने के लिए टीबीएम के पीछे स्थित है। टीबीएम शील्ड के अंदर समानांतर चैनलों में पानी बहता है, जो संरचना में न्यूट्रॉन द्वारा जमा गर्मी को हटाने के लिए न्यूट्रॉन मध्यस्थ के कार्य के साथ-साथ शीतलक प्रदान करता है। शील्ड के समानांतर चैनलों में प्रवाह दर को विभिन्न व्यास के ऑरिफिस का उपयोग करके विनियमित किया गया है। समानांतर चैनलों के अंदर प्रवाह के वितरण की जांच करने के लिए शील्ड के अंदर CFD प्रवाह विश्लेषण किया गया है। प्राप्त वेगों के आधार पर, ऊष्मा हस्तांतरण गुणांक का मूल्यांकन किया गया है और न्यूट्रोनिक ऊष्मा उत्पादन से थर्मल लोड को ध्यान में रखते हुए टीबीएम शील्ड का ऊष्मीय विश्लेषण किया गया है। एफडब्ल्यू, मैनिफोल्ड और टीबीएम शील्ड के तापीय-द्रवीय विश्लेषण से प्राप्त परिणामों का उपयोग एलएलसीबी टीबीएम सेट के तापीय-संरचनात्मक विश्लेषण के लिए किया गया है जो, इटर के लोड विनिर्देशों के अनुसार लोड संयोजनों पर आधारित है। RCC-MR 2007 कोड का उपयोग संरचनात्मक मूल्यांकन और ptype और s-type की क्षति की रोकथाम के लिए किया गया है। तापमान और तनाव कुछ प्रस्तावित संशोधनों के साथ स्वीकार्य सीमा और सुरक्षा सीमा के भीतर पाए गए हैं।

हेलोका सुविधा में हीलियम शीतलित पहली दीवार के मॉक-अप का प्रदर्शन मूल्यांकन: भारत में लेड-लीथियम सिरेमिक ब्रीडर (एलएलसीबी) टेस्ट ब्लेंकेट मॉड्यूल (टीबीएम) को इटर में परीक्षण करने के लिए विकसित किया जा रहा है, जो विभिन्न विकसित डिज़ाइन इंजीनियरिंग और विनिर्माण प्रौद्योगिकियों को अपनाता है। पहली दीवार(एफडब्ल्यू), जो सीधे आपतित ऊष्मा प्रवाह के संपर्क में है, को उच्च दाब हीलियम प्रवाह, उच्च प्रचालन तापमान (100 bar और 550°C तक) और पर्याप्त ऊष्मीय तनाव और विद्युतचुंबकीय विघटन भार के लिए डिज़ाइन किया गया है। पहली दीवार के ऊष्मीय प्रदर्शन की जांच करने और इसकी संरचनात्मक प्रामाणिकता को सुनिश्चित करने के लिए, भारत में निर्मित एफडब्ल्यू के एक मॉक-अप का केआईटी, जर्मनी में स्थित हेलोका परीक्षण सुविधा में परीक्षण किया गया है। दोनों सामान्य और आकस्मिक परिचालन स्थितियों की जांच इटर सदृश्य सतह ताप प्रवाह के तहत की गई है। इन परिणामों के आधार पर एफडब्ल्यू के थर्मल प्रदर्शन को मान्य किया गया है।

उच्च दाब वाले उच्च तापमान प्रायोगिक हीलियम शीतलन लूप (EHCL) लेआउट की 3 डी मॉडलिंग, पाइप तनाव विश्लेषण और संरचनात्मक प्रतिक्रियाएं: फ्यूज़न ब्लैंकेट तकनीकियों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों के एक भाग के रूप में एक प्रायोगिक हीलियम शीतलन लूप (EHCL) विकसित किया जा रहा है। इस प्रणाली को विभिन्न परमाणु संलयन ब्लैंकेट मॉक-अप का परीक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। टेस्ट सेक्शन मॉड्यूल (TSM) पर 75 kW ऊष्मा भार हटाने के लिए प्राथमिक लूप का डिज़ाइन किया गया है। यह प्रणाली एक उच्च दाब वाला उच्च तापमान वाला लूप है जो पाइपिंग नेटवर्क में महत्वपूर्ण विक्षेप और ऊष्मीय विस्तार का उत्पादन करता है, जो प्रतिक्रिया बलों और क्षणों का कारण बनता है। भूकंप के दौरान, पाइपिंग सिस्टम पर एक अतिरिक्त उच्च त्वरण कार्यरत (सभी दिशाओं में) होता है जो फिर से पाइप विक्षेपण को बढ़ाता है। EHCL उपकरण की व्यवस्था, लूप विन्यास, कार्यप्रणाली और पाइप प्रतिबल विश्लेषण के परिणामों का अध्ययन किया गया है। EHCL उपकरण, DN 50 शिड्यूल 80 प्रमुख पाइप और संबंधित वाल्वों के माध्यम से जुड़े हुए हैं। प्रणाली की संपूर्णता को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर और सामयिक लोड प्रतिक्रियाओं के लिए उच्च तापमान वाले पाइपिंग नेटवर्क का विश्लेषण किया गया है। डीएन 50 शेड्यूल और 80 मुख्य पाइपों और लाइनों द्वारा EHCL उपकरणों को जोड़ा गया है। पाइपिंग प्रतिबल विश्लेषण के लिए प्रक्रिया पाइपिंग कोड ASME B31.3 का उपयोग किया गया है। परिकलित प्रतिबल स्वीकार्य सीमा में हैं। सबसे कम उपलब्ध प्रतिबल सीमा ~ 29% है और संबंधित विस्थापन क्रमशः 9.8 mm, 19.72 mm और 21.76 mm, क्रमश: x, y और z दिशाओं में हीटर आउटलेट से TSM इनलेट लाइन में देखे गए हैं। प्रतिक्रिया बलों और बलाघूर्णों से प्राप्त परिणामों को पाइप के आधार के चयन के लिए एक इनपुट के रूप में उपयोग किया जाएगा। पाइप तनाव विश्लेषण के परिणामों का उपयोग आगे लूप के अनुकूलन में किया जाएगा।

BP-Li तरल-धातु शोधन प्रायोगिक सुविधा के लिए स्वचालित और इंटरलॉक प्रणाली का डिज़ाइन: परमाणु संलयन के क्षेत्र में, परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए ट्रिशियम ब्रीडर, न्यूट्रॉन गुणांक के साथ उच्च तापमान वाले शीतलक के लिए यूटेक्टिक लेड-लिथियम (Pb-Li) का बहुत महत्व है। इस तरह के उच्च तापमान द्रव प्रणालियों के संचालन के माध्यम से अपेक्षित संयंत्र दक्षता प्राप्त करने के लिए, ऑपरेटिंग तरल पदार्थ की संरचना विशेषताओं को नियंत्रित करना आवश्यक है। इसके विपरीत, ऊंचे तापमान और परिचालन क्षेत्र के हिस्से के भीतर स्थित उच्चतर वेगों पर, Pb-Li संरचनात्मक सामग्रियों के लिए एक सक्रिय सहसंयोजक की भूमिका निभाता है, जो Ni, Cr, Mn आदि जैसे कुछ तत्वों के लिए चयनात्मक लीचिंग का प्रदर्शन करता है। ऑक्साइड के साथ इस तरह की तात्विक अशुद्धियाँ प्रणाली के कूलर वर्गों में जमा होती हैं, जिससे शीतलक के प्रवाह को रोक दिया जाता है जिसके परिणामस्वरूप समग्र प्रदर्शन में गिरावट होती है। Pb-Li की शुद्धता बनाए रखने के लिए, अशुद्धियों को ऑनलाइन हटाना आवश्यक है।

इस दृष्टि से, एक ऑनलाइन Pb-Li शोधन सुविधा का निर्माण किया जा रहा है। इस संयंत्र के प्रदर्शन मूल्यांकन को संबंधित प्रक्रिया की शर्तों पर लंबी अवधि के संचालन पर आंका जाएगा। इस संयंत्र को कम से कम मानव-हस्तक्षेप और डाउन टाइम के साथ संचालित करने के लिए, प्रक्रिया मापदंडों की सतत निगरानी और नियंत्रण के लिए लैबव्यू वातावरण का उपयोग करके एक PXI-एक्सप्रेस प्लेटफ़ॉर्म आधारित डेटा-अधिग्रहण और नियंत्रण प्रणाली को डिज़ाइन किया गया है। सॉफ्टवेयर आधारित इंटरलॉक मॉड्यूल का उपयोग करके महत्वपूर्ण लूप घटकों के लिए निवेश की सुरक्षा का पता लगाया गया है। विकसित डाटा-अधिग्रहण प्रणाली के बारे में विवरण, नियंत्रण की स्पष्टता और इंटरलॉक लॉजिक्स, अलार्म प्रबंधन, लूप घटकों का रिमोट से संचालन और संयंत्र को उपयोगकर्ता की सुविधानुसार लंबे समय तक स्वचालित संचालन के लिए मुख्य एकीकृत विशेषताओं का दस्तावेज़ तैयार किए हैं। कवर गैस प्रेशर कंट्रोल सिस्टम और टाइमर-आधारित लैचड कॉन्फ़िगरेशन लिक्विड-मेटल ड्रेन इंटरलॉक के लिए विस्तृत डिज़ाइन और प्रामाणिक प्रदर्शनों का भी अध्ययन किया गया है।

प्रवाहमापी अनुप्रयोगों के लिए एक अनुकूलित चुंबकीय क्षेत्र स्रोत का विकास: एक चुंबकीय प्रवाहमापी की संवेदनशीलता कई कारकों जैसे चुंबकीय क्षेत्र की ताकत, इलेक्ट्रोडों के बीच अंतर, पदार्थ के गुणों, चुंबक तापमान आदि पर निर्भर करती है। किसी दिए गए माप की स्थिति के लिए, एक मजबूत चुंबकीय क्षेत्र स्रोत प्रवाहमापी के लिए उच्चतम संवेदनशीलता का उत्पादन कर सकता है। दी गई चुंबकीय सामग्री की मात्रा से सबसे मजबूत चुंबकीय क्षेत्र का उत्पादन चुंबकीय क्षेत्र स्रोत का एक किफायती डिज़ाइन होगा। इस प्रयोजन के लिए, विभिन्न चुंबक विन्यासों का विश्लेषण एफईएम का उपयोग करके किया जाता है और ऐसे चुंबक विन्यासों का उपयोग करके प्रवाहमापी की संवेदनशीलता की तुलना की जाती है। यह देखा गया है कि हेलबैक फैशन के अनुसार क्रमबद्ध चुंबक, दी गई चुंबकीय सामग्री का उपयोग करके प्रवाहमापी के लिए उच्चतम संवेदनशीलता का उत्पादन करते हैं। इस तरह के चुंबकीय क्षेत्र स्रोत के विकास में प्रमुख चुनौती है - इसके चुंबकों का निर्माण, जो अपने विशाल आकर्षक/प्रतिकारक बलों का सामना करते (इस मामले में लगभग 2500 N) हैं। इसलिए, चुंबकीय क्षेत्र स्रोत को संयोजित करने के लिए एक विशिष्ट यांत्रिक उपकरण तैयार किया गया है और संख्यात्मक संगणना का उपयोग करके एक मजबूत संयोजन तकनीक तैयार की गई है। डिज़ाइन किया गया चुंबकीय क्षेत्र स्रोत 50 mm × 50 mm के पोल क्रॉस सेक्शन में 0.78 T के एक शीर्ष चुंबकीय क्षेत्र का उत्पादन करता है।

इटर के लिए एक भारतीय टीबीएम शील्ड मॉड्यूल के डिज़ाइन का समर्थन करने के लिए एक न्यूट्रॉनिक प्रयोग: पोर्ट इंटर-स्पेस क्षेत्रों में विकिरण डोज को सीमित करने के लिए इटर मशीन में एक शील्ड मॉड्यूल को भारतीय टेस्ट कंबल मॉड्यूल (TBM) के साथ जोड़ा गया है। शील्ड मॉड्यूल स्टेनलेस स्टील प्लेट और पानी के चैनलों से बना है। इसकी विकिरण जोखिम नियंत्रण कार्यक्षमता के कारण विकिरण सुरक्षा के लिए इसे एक महत्वपूर्ण घटक के रूप में पहचाना जाता है। विकिरण सुरक्षा वर्गीकरण से घटक के डिज़ाइन का अधिक आश्वासन मिलता है। शील्ड मॉड्यूल के डिज़ाइन को प्रामाणिक और सत्यापित करने के लिए, एक न्यूट्रोनिक प्रयोगशाला-पैमाने पर प्रयोग को डिज़ाइन और निष्पादित किया गया है। न्यूट्रॉन स्रोत 14 MeV के तहत विकिरण और उत्पाद 10^{10} n s^{-1} को ध्यान में रखते हुए योजना बनाई गई है। स्टील और लीड सामग्री के संयोजन से न्यूट्रॉन स्रोत स्पेक्ट्रम के अनुकूलन के माध्यम से इटर टीबीएम शील्ड मॉड्यूल के संदर्भ न्यूट्रॉन स्पेक्ट्रम को प्राप्त किया गया है। न्यूट्रॉन स्पेक्ट्रम और फ्लक्स को क्रमशः मल्टी फॉइल सक्रियण तकनीक और न्यूट्रॉन डोज़-दर मीटर LB 6411 (पॉलीथिलीन के साथ He-3 प्रोटॉन रिकोइल काउंटर) का उपयोग करके मापा जाता है। MCNP5 और FENDL 2.1 क्रॉस सेक्शन डेटा का उपयोग करके न्यूट्रोनिक डिज़ाइन सिमुलेशन का मूल्यांकन किया जाता है।

A.4.4 रिमोट हैंडलिंग और रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी

इन-वेसल निरीक्षण प्रणाली (आईवीआईएस): आईवीआईएस प्रणाली, प्लाज़्मा शॉट्स के बीच अल्ट्रा-हाई वैक्यूम के तहत एसएसटी -1 जैसे चैंबर के भीतर इन-सर्विस दृश्य निरीक्षण करने में सक्षम है। इन-वेसल निरीक्षण प्रणाली (आईवीआईएस) और स्टोरेज वैक्यूम चैंबर (एसवीसी) के सभी प्रमुख घटकों को विक्रेता की साइट पर निर्मित और एकीकृत किया जा रहा है। विभिन्न आईवीएस घटक जैसे वैक्यूम संगत मोटर्स, गियरबॉक्स, एनकोडर और गेट वाल्व आईपीआर में प्राप्त किए गए हैं और विभिन्न परीक्षण जैसे कि आउटगैसिंग, वैक्यूम के तहत लोड परीक्षण, गति नियंत्रण आदि चल रहे हैं। हाइब्रिड बीयरिंग के साथ एक प्रोटोटाइप रोटरी जोड़ का विकास और परीक्षण किया गया है। आईवीआईएस परीक्षण और योग्यता के लिए एक टेस्ट चैंबर निर्माणाधीन है। पूरी आईवीआईएस प्रणाली जल्द ही सुपुर्द किए जाने की संभावना है।

आभासी वास्तविकता सुविधा का विकास: आईपीआर एक इमर्सिव 3-पक्षीय इंटरैक्टिव वीआर सुविधा विकसित कर रहा है, जिसके लिए विभिन्न उप-प्रणालियों के लिए आदेश दिए गए हैं। वीआर सुविधा में किसी भी प्रणाली के पूर्ण इमर्सिव विज़ुअलाइज़ेशन की क्षमता होगी जैसे कि टोकामॅक, 3D CAD मॉडल का उपयोग करने वाले इन-वेसल घटक, हेप्टिक आर्म के साथ वास्तविक समय अंतर्क्रिया आदि। आईपीआर ने टोकामॅक आरएच, विज़ुअलाइज़ेशन आदि के लिए विभिन्न वीआर अनुप्रयोगों को पहले ही विकसित किया है, जिसे वीआर सुविधा के पूरा होने पर सीधे उसमें सम्मिलित किया जा सकता है।

A.4.5 न्यूट्रल बीम प्रौद्योगिकियाँ

संलयन प्लाज़्मा तापन प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी का स्वदेशी विकास: संलयन रिएक्टर प्लाज़्मा के लिए उच्च शक्ति वाली न्यूट्रल बीम इंजेक्शन (एनबीआई) प्रणालियों का विश्व भर में उपयोग किया जाता है। आयन स्रोत, एनबीआई प्रणाली का सबसे प्रमुख घटक है और जल-शीतलित बैक प्लेट (बीपी) इसके महत्वपूर्ण घटकों में से एक है। कई महत्वपूर्ण घटकों पर आवासित होने वाले बीपी का उपयोग, प्लाज़्मा से 2 MW/m^2 के उच्च ताप भार को भी नियंत्रित करने के लिए होता है। जिससे इसके निर्माण में काफी तकनीकी चुनौतियां है।



चित्र A.4.5.1 एनबीआई सोर्स के लिए वॉटर कूल्ड बैक प्लेट

काफी अनुसंधान और विकास के बाद भारत में पहली बार इस तरह के बीपी को बनाया गया है और आईपीआर में 2.5 MW/m^2 तक की उच्च ताप प्रवाह परीक्षण सुविधा (एचएचएफटीएफ) पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया है। अतः इस महत्वपूर्ण घटक को अब भारत में कम लागत पर निर्मित किया जा सकता है।

नेगेटिव आयन आधारित न्यूट्रल बीम इंजेक्टर प्रोग्राम के लिए विकसित विभिन्न डायग्नोस्टिक्स के प्रदर्शन का मूल्यांकन: एक नेगेटिव हाइड्रोजन आयन (H-) स्रोत की विशेषताएं और इसकी न्यूट्रलाइजेशन दक्षता एक नेगेटिव आयन आधारित न्यूट्रल बीम इंजेक्टर (NNBI) के प्रदर्शन को निर्धारित करती है। इसलिए एनएनबीआई प्रणाली के सुरक्षित संचालन के लिए, एक व्यवस्थित लक्षण वर्णन प्रक्रिया के माध्यम से आयन स्रोत और इसके बीम के प्रदर्शन की निगरानी करना आवश्यक है। इलेक्ट्रिकल, ऑप्टिकल और थर्मल प्रकारों और कैलोरीमीटर तकनीक सहित विभिन्न डायगनॉस्टिक्स के विवेकपूर्ण चयन की आवश्यकता है। इस संबंध में, भारतीय परीक्षण सुविधा (INTF) में एनएनबीआई अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम के तहत कई डायगनॉस्टिक्स विकसित किए जा रहे हैं। ये डायगनॉस्टिक्स अपने कार्यकारी सिद्धांतों के संदर्भ में प्रकृति में बहुमुखी हैं और उन्हें स्थापित करने और उन्हें परिचालन उपयोग के लिए तैयार करने के लिए स्वतंत्र प्रोटोटाइप प्रयोगात्मक प्रयास किए गए हैं। विद्युतीय प्रोब (ईपी), प्रकाशिकी उत्सर्जन स्पेक्ट्रोस्कोपी और कैविटी रिंग डाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी (सीआरडीएस) मुख्य रूप से आयन स्रोत प्लाज़्मा लक्षण वर्णन के लिए परिकल्पित हैं। इसके अतिरिक्त, शक्ति की आपूर्ति की निगरानी के लिए आरएफ और डीसी बिजली आपूर्ति सर्किट में मानक विद्युत माप पहले से ही प्रचालन प्रयोगात्मक सेटअप, रॉबिन और हेलन-आई में नियमित उपयोग में हैं। डॉपलर शिफ्ट स्पेक्ट्रोस्कोपी (DSS) और ऑप्टिकल उत्सर्जन टोमोग्राफी (TOMO) को डाइवर्जेंस, स्ट्रिपिंग और बीम प्रोफाइल के संदर्भ में बीम लक्षण वर्णन के लिए विकसित किया गया है। इनमें से कुछ का अलग-अलग प्रोटोटाइप प्रयोगों पर लक्षण वर्णन किया गया है और पहले से ही एकीकृत किया हैं तथा उपलब्ध प्रचालन प्लाज़्मा प्रयोगात्मक सेटअप: रॉबिन और हेलन-आई में परीक्षण किया गया है। दृष्टि रेखा (LOS) (नीली-शिफ्ट और लाल-शिफ्ट) से युक्त डीएसएस प्रणाली, रॉबिन सेटअप में एकीकृत है और सीआरडीएस को हेलन-I में योजनाबद्ध किया गया है। TOMO तकनीक का उपयोग हाइड्रोजन बीम उत्सर्जित बामर लाइन की तीव्रता से पुंज शक्ति घनत्व प्रालेख का पता लगाने के लिए किया जाता है। बीम उत्सर्जन विकिरण के कारण एक न्यूट्रल बीम के प्रकाश की चमक का प्रालेख बीम, शक्ति घनत्व के आनुपातिक है। इस संबंध में अधिकतम एन्ट्रापी के आधार पर एक टोमोग्राफी कोड बीम की चमक की अभिन्न दृष्टि रेखा (एलओएस) का क्रम बदलकर आईएनटीएफ बीम के 2 डी ऑप्टिकल उत्सर्जन प्रालेख को फिर से बनाने के लिए विकसित किया गया है। इस कोड को गणितीय कार्यों के प्रतिनिधित्व के रूप में सिम्युलेटेड INTF बीम शक्ति घनत्व प्रालेख के साथ मान्य किया गया है।

A.4.6 विशाल आयतन क्रायोप्लांट प्रणालियाँ

क्रायोप्लांट के उपयोग के लिए स्वदेशी हीलियम कंप्रेसर: क्रायोप्लांट में हीलियम कंप्रेसर प्रमुख घटकों में से एक है, जिसको सामान्यतः आयात किया जाता है। स्वदेशीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उद्योग-पैमाने पर एक एयर कंप्रेसर को सफलतापूर्वक हीलियम कंप्रेसर में बदल दिया गया है। एक बंद लूप में इसे 60 g/s के हीलियम प्रवाह दर और 14.5 bar डिलीवरी दाब के साथ जिसमें 100 PPB (भाग प्रति बिलियन) से नीचे कम्प्रेस्ड हीलियम में तेल की अशुद्धियों और एक स्थानीय रिसाव दर ~ 10^{-5} mbar लिटर/सेकंड है, लगातार 24 घंटे के लिए सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। ऐसे कंप्रेसर की लागत आयातित कंप्रेसर की तुलना में कई गुना कम है।

--!!--



चित्र A.4.6.1एयर कंप्रेसर से परिवर्तित हीलियम कंप्रेसर

A.5 सैद्धांतिक, मॉडलिंग और कम्प्यूटेशनल प्लाज़्मा भौतिकी

संस्थान में प्लाज़्मा प्रणालियों हेतु सैद्धांतिक विश्लेषण और कंप्यूटर सिमुलेशन से जुड़ा एक उत्साहपूर्ण कार्यक्रम है। इसमें मूलभूत अनुसंधान के साथ-साथ प्लाज़्मा अनुप्रयोग भी सम्मिलित है। लंबे समय से हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए आईपीआर ने अब 1 पेटाफ्लॉप एचपीसी सुविधा सेटअप की है।

A.5.1 हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग (एचपीसी, 1 पेट फ्लॉप्स) सिस्टम...27
A.5.2अरेखीय प्लाज़्मा सिद्धांत एवं अनुकरण 31
A.5.3 टोकामॅक एवं संलयन रिएक्टर अध्ययन 32
A.5.4 मूलभूत प्लाज़्मा अध्ययन 32
A.5.5 लेज़र प्लाज़्मा अंतर्किया...35

A.5.1 उच्च-प्रदर्शन कम्प्यूटिंग (एचपीसी, 1 पेटा फ्लॉप) सिस्टम

आईपीआर ने एक उच्च प्रदर्शन कम्प्यूटिंग (HPC) सिस्टम स्थापित किया है जो 1 पेटाफ्लॉप (PF) का उच्चतम सैद्धांतिक प्रदर्शन करती है। ANTYA (संस्कृत में जिसका अर्थ है 10^{15}) नाम के इस सिस्टम में 10,000 से अधिक कोरस है, जो प्रति सेकंड 10^{15} फ्लोटिंग-पॉइंट ऑपरेशन (FLOPS) कर सकते हैं। ANTYA का संस्थापन, परीक्षण और कमीशनिंग जुलाई 2019 में सफलतापूर्वक पूरा किया गया। संस्थान के अनुसंधान एवं विकास समूह द्वारा ANTYA का उपयोग किया जा रहा है, जो जटिल कार्यों का समाधान करने के लिए समानांतर कंप्यूटिंग की शक्ति का उपयोग करते हैं। मशीन की पूरी क्षमताओं का उपयोग करके ओपन-सोर्स कोड (LAMMPS और PLUTO) के व्यापक स्केलिंग अध्ययनों को पूरा किया गया है। इन उच्च स्केलेबल ओपन-सोर्स कोड के लिए 10000 कोरस तक की स्केलिंग का प्रदर्शन किया गया है। ANTYA पर इन-हाउस विकसित कोड और साथ ही सहभागिता आधारित कोड सफलतापूर्वक इन्स्टॉल किये गये हैं ताकि अलग-अलग वातावरण में इसे चलाया जा सके। बहुत अधिक इस्तेमाल किए गए वाणिज्यिक इंजीनियरिंग अनुप्रयोगों को भी ANTYA पर सफलतापूर्वक पोर्ट किया गया है।

ANTYA सीपीयू और जीपीयू नोड्स पर अलग-अलग निष्पादित कोड के स्केलिंग अध्ययन: LAMMPS (बड़े पैमाने का परमाणु / आणविक व्यापक समानांतर सिम्युलेटर) और PLUTO ओपन सोर्स जनरल पब्लिक लाइसेंस (GPL) कोड हैं जिनका उपयोग आईपीआर के शोधकर्ताओं द्वारा क्रमशः आणविक गतिशीलता (एमडी) एवं कम्प्यूटेशनल एस्ट्रोफिजिक्स सिमुलेशन में किया जाता है। ANTYA पर, LAMMPS को MPI संस्करण (LAMMPS CPU) और GPU संस्करण (LAMMPS GPU) दोनों के लिए स्थापित किया गया है। चित्र A.5.1.1a लेनर्ड-जोंस प्रकार के संभावित माध्यम से लगभग 2 बिलियन परमाणुओं के साथ क्रिस्टल संतुलन के लिए ANTYA में किए गए LAMMPS स्केलिंग अध्ययन को दर्शाता है। LAMMPS GPU के लिए चित्र A.5.1.1b में केवल स्केलिंग अध्ययन दिखाया है, 10.5 मिलियन परमाणुओं को GPU मेमोरी सीमा



चित्र A.5.1.1a 2 बिलियन से अधिक परमाणुओं के लिए ANTYA CPU नोड्स पर LAMMPS CPU के लिए वास्तविक गति वर्धन बनाम आदर्श गति वर्धन प्राप्त किया



चित्र A.5.1.1b 10.5 मिलियन परमाणुओं के लिए ANTYA GPU नोड्स पर LAMMPS GPU के लिए वास्तविक गति वर्धन बनाम आदर्श गति वर्धन प्राप्त किया



चित्र A.5.1.1c: PLUTO के लिए आदर्श गति वर्धन के साथ 512/812 ग्रिड आकार के समाधानों की गति वर्धन के साथ तुलना

के आधार पर चयन किया गया है। PLUTO स्केलिंग अध्ययन के लिए, RMHD ब्लास्ट समस्या पर विचार किया गया, जहाँ RMHD समीकरणों का उपयोग करके औसत मैक संख्या का अनुमान लगाया जाता है। 3-डी गणना के दो सेट 512 और 812 ग्रिड आकार पर किए गए हैं। चित्र A.5.1.1c इन दो समस्याओं के गति बढ़ाने की तुलना आदर्श गति वर्धन के साथ करता है। 812 ग्रिड आकार की समस्या में प्राप्त गति वर्धन 512 ग्रिड की समस्या से बेहतर है। स्केलिंग रन प्रदर्शन के लिए कुल 230 नोड्स का उपयोग किया गया है। इसके अलावा कई अन्य ओपन-सोर्स कोड जैसे OpenFOAM, NAMD, Darknet-YOLO, Bout ++ आदि को डेटा विश्लेषण और विज़ुअलाइज़ेशन अनुप्रयोगों जैसे VisIt, ParaView के साथ इनस्टॉल किया गया है और ANTYA पर परीक्षण किया गया है।निम्नलिखित तालिका उन कोड (स्वदेशी/वैज्ञानिक और वाणिज्यिक) को सूचीबद्ध करती है जिन्हें ANTYA में पोर्ट किया गया है और जो नियमित उपयोग में हैं।

इन-हाउस विकसित/सहभागिता कोड		
कोड का नाम	**ववरण**	**कोड का प्रकार (CPU/GPU)**
GMHD3D	आईपीआर में विकसित मल्टीपल टाइम सॉल्वर्स के साथ स्यूडोस्पेक्ट्रल विधि का उपयोग करते हुए एक समानांतर 3-डी कम्प्रेसिबल विसकस रेसिसटिव MHD कोड।	GPU
EPPIC	प्लाज़्मा की भौतिकी का विस्तृत चुंबकीय क्षेत्र में अध्ययन करने के लिए 1D-3V-MCC और 2D-3V-MCC कोड्स का एक नया सूट, जिसे एक्सपैंडिंग प्लाज़्मा PIC या EPPIC सॉल्वर कहा जाता है, को इन-हाउस विकसित किया गया है।	CPU और GPU
PEC2PIC PEC3PIC	समानांतर इलेक्ट्रोस्टैटिक कार्टेशियन 2D/3D पार्टिकल-इन-सेल एक 2D/3D, इलेक्ट्रोस्टैटिक, पीआईसी कोड है जो इन-हाउस विकसित किया गया है।	CPU
GTS	जायरोकाइनैटिक सिमुलेशन कोड एक पूर्ण-ज्यामिति कोड है, जो PPPL (δf परटरबेटिव) में विकसित δf PIC कोड के बड़े पैमाने पर समानांतर है। इस कोड का उपयोग आईपीआर के रिसर्च स्कॉलर्स द्वारा कोड डेवलपर्स, PPPL के साथ एक शैक्षणिक समझौते के तहत किया जा रहा है।	CPU
CPD	चार्ज्ड पार्टिकल डायनेमिक्स (CPD) 3-डी आपेक्षिकीय, विद्युतचुंबकीय, पार्टिकल-इन-सेल कोड है।	CPU
MPMD-2D & 3D	ANTYA में अपग्रेडड मल्टी-GPU MPMD कोड स्थापित किया गया है।	CPU और GPU
Osiris4.0	प्लाज़्मा-आधारित त्वरक की मॉडलिंग के लिए एक 3-डी, आपेक्षिकीय, ऑब्जेक्ट-ओरिन्टेड PIC कोड। इस कोड का उपयोग आईपीआर के रिसर्च स्कॉलर्स द्वारा UCLA के साथ एक शैक्षणिक समझौते के तहत किया जा रहा है।	CPU

वाणिज्यिक लाइसेंस से युक्त अनुप्रयोग		
कोड का नाम	**विवरण**	**संस्करण और प्रकार (CPU/GPU)**
ANSYS	HPC उपयोगकर्ता उपलब्ध ANSYS HPC लाइसेंस का उपयोग करके रिमोट सॉल्वर मैनेजर (RSM) के माध्यम से ANTYA में अपनी (क्लाइंट) मशीनों से जॉब सबमिट कर सकते हैं।	R2-2019, CPU एवं GPU
COMSOL	COMSOL को ANTYA में इंस्टॉल किया गया है और उपलब्ध वाणिज्यिक एचपीसी लाइसेंस का इस्तेमाल करके ANTYA पर रिमोट जॉब सबमिट करने के लिए क्लाइंट मशीनों का उपयोग किया जा सकता है।	5.4, CPU एवं GPU
CST	उच्च-प्रदर्शन 3D EM विश्लेषण सॉफ़्टवेयर स्थापित किया गया और उपलब्ध व्यावसायिक एचपीसी लाइसेंसों का उपयोग करके CPU एवं GPU दोनों के संचालन के लिए परीक्षण किया गया है।	2019, CPU एवं GPU
MATLAB	इसे ANTYA पर उपलब्ध लाइसेंस के लिए स्थापित और परीक्षण किया गया है।	2016, CPU एवं GPU
IDL	इसे ANTYA पर स्थापित और परीक्षण किया गया है।	8.7, CPU



चित्र A.5.1.2a: PLUTO कोड से रिकरंट और नॉन-रिकरंट फ्लो सिमुलेशन



चित्र A.5.1.2b एक टोकामॅक में Bout ++ का उपयोग करके ITG अस्थिरता पर फ्लो-शीयर का प्रभाव

ANTYA पर निष्पादित सिमुलेशन के नये परिणाम



चित्र A.5.1.2c टोकामॅक कॉम्प्लेक्स में जैविक डोज दर का नक्शा (इटर और IN-DA के बीच कार्य समझौते C74TD22FI के तहत इटर पर्यावरण में अत्यधिक जटिल विकिरण स्रोतों की मॉडलिंग की गई)



चित्र A.5.1.2d अपग्रेडड मल्टी GPU MPMD का उपयोग करके 1 मिलियन कणों से बड़े पैमाने पर एमडी सिमुलेशन



चित्र A.5.1.2e COMSOL का उपयोग करके लीक्विड ब्रीडर ब्लैंकेट में मैग्नेटो हाइड्रोडायनामिक प्रवाह

ANTYA पर निष्पादित सिमुलेशन के नये परिणाम



चित्र A.5.1.2f कृत्रिम बुद्धि पर आधारित सीसीटीवी अंतर्वेधन का पता लगाने वाला मॉडल ANTYA पर प्रशिक्षण



चित्र A.5.1.2g आदित्य-अपग्रेड टोकामॅक के लिए सीएसटी का उपयोग करते हुए निष्क्रिय सक्रिय मल्टीजंक्शन (पीएएम) लांचर का ई-फील्ड प्रोफ़ाइल



चित्र A.5.1.2h ANSYS-फ्लुइड का उपयोग कर प्लाज़्मा पायरोलिसिस रिएक्टर का डिज़ाइन - समय के साथ 200 किलोग्राम/घंटा प्लाज़्मा पायरोलिसिस रिएक्टर के मिडप्लेन पर द्रव तापमान (K)



चित्र A.5.1.2i कोंचास-स्प्रे कोड का उपयोग करके प्लाज़्मा ईंधन प्रणाली का सिमुलेशन, एक उच्च शक्ति (आमतौर पर 100 किलोवाट) वाले प्लाज़्मा आर्क को एक बेलनाकार ट्यूब में सेट किया गया है और इस आर्क से कोयला-वायु का मिश्रण गुजर सकता है।





चित्र A.5.1.2 j ANTYA में PEC3PIC कोड का उपयोग करके टोरोइडल उपकरण में शुद्ध इलेक्ट्रॉन प्लाज़्मा (a) SMARTEX-C ज्यामिति के 3D अक्षांकीय टोरोइडल ट्रैप में इलेक्ट्रॉन क्लाउड, (b) rz प्लेन पर इलेक्ट्रॉन क्लाउड घनत्व का 2D प्रक्षेपण, (c)भीतरी दीवार प्रोब करंट

A.5.2 अरेखीय प्लाज़्मा सिद्धांत एवं अनुकरण

मैग्नेटो-हाइड्रोडायनामिक प्लाज़्मा में सुसंगत अरेखीय दोलन : एकल तरल मैग्नेटो-हाइड्रोडायनामिक (एमएचडी) समीकरणों का छद्म वर्णक्रमीय विधियों के दो तथा तीन स्थानिक आयामों का उपयोग करके प्रत्यक्ष संख्यात्मक सिमुलेशन के माध्यम से अध्ययन किया गया है। अल्फवेन प्रतिध्वनि में गतिज और चुंबकीय परिवर्ती कारकों के बीच ऊर्जा का प्रतिवर्ती आवधिक विनिमय देखा जाता है। दोलनों को अरेखीय अप्रसारित अल्फवेन तरंगों के रूप में पहचाना जाता है जो पहले सैद्धांतिक आधार पर अनुमानित की गई हैं, लेकिन बड़े पैमाने पर संख्यात्मक सिमुलेशन में नहीं देखी गई हैं। विभिन्न प्रारंभिक स्थितियों और अल्फवेन वेगों की एक श्रृंखला के लिए उनकी उपस्थिति का एक व्यवस्थित अध्ययन किया गया। दो स्थानिक आयामों में असंगत एकल द्रव एमएचडी समीकरणों के एक फाइनाइट मोड प्रतिनिधित्व पर आधारित विश्लेषण इन दोलनों की आवश्यक विशेषताओं को पुन: प्रस्तुत करता है।

वैश्विक रूप से विलंब-युग्मित मिश्रित गिन्ज़बर्ग-लैंडौ दोलकों की सामूहिक गतिशीलता: वैश्विक स्तर पर युग्मित मिश्रित गिन्ज़बर्ग-लैंडौ दोलकों के सामूहिक व्यवहार पर समय-विलंबित युग्मन के प्रभाव की जांच की जाती है। विभिन्न सामूहिक अवस्थाओं पर समय की देरी के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक विस्तृत संख्यात्मक अध्ययन किया जाता है जिसमें समकालिक अवस्था, सामूहिक अवस्था, केयोस, आयाम-मध्यस्थता वाली कल्पनायें और असंगत अवस्थाएं शामिल हैं। यह पाया जाता है कि समय की देरी इन अवस्थाओं गतिशील गुणों में महत्वपूर्ण परिवर्तन ला सकती है जिसमें उनके अस्तित्व और स्थिरता के क्षेत्र भी शामिल हैं। सामान्य तौर पर, समय की देरी में वृद्धि से ऐसी अवस्थाओं की उपस्थिति के लिए युग्मन शक्ति के प्रभावसीमा में कमी पायी जाती है, और अस्तित्व क्षेत्र रैखिक प्रसार पैरामीटर के नकारात्मक मूल्यों की ओर स्थानांतरित होता है। जहां भी संभव हो, समय की देरी की उपस्थिति में इन अवस्थाओं के सटीक संतुलन और स्थिरता विश्लेषण द्वारा, संख्यात्मक निष्कर्षों में आगे की अंतर्दृष्टि प्रदान की जाती है।

श्यान- प्रतिरोधक व्यवस्थाओं में आंतरिक किंक मोड का अनुकरण: विभिन्न प्रकार के संतुलन प्लाज़्मा प्रवाह की उपस्थिति में (1,1) आंतरिक किंक मोड के अरेखीय विकास के संख्यात्मक सिमुलेशन परिणाम। वर्तमान अध्ययनों को दो द्रव मॉडल के ढांचे में किया जाता है ताकि कम मैग्नेटो-हाइड्रोडायनामिक (आरएमएचडी) मॉडल के साथ की गई हमारी पिछली जांच का विस्तार किया जा सके। दो-द्रव प्रभाव विभिन्न तरीकों से कई बार मोड की गतिशीलता को प्रभावित करते हैं। रैखिक अवस्था में, प्रवाह के साथ प्रतिचुम्बकीय प्रभाव के कारण एक सहक्रियाशील स्थिरिकरण प्रभाव उत्पन्न होता है, जो अरेखीय अवस्था तक प्रेषित हो जाता है। इसके अलावा रैखिक विकास दर और साथ ही मोड के अरेखीय संतृप्त प्रावस्थाओं में एक नयी समरूपता तोड़ने की परिघटना देखी जाती है। हमारा अध्ययन मोड विकास पर प्रबल श्यानता के प्रभाव की भी पड़ताल करता है और हमें रैखिक अवस्था में मोड की वास्तविक आवृत्ति में रोचक संशोधन प्राप्त हुए हैं।

चुम्बकीय संघट्य युग्म- आयन प्लाज़्मा में एकल तथा शॉक तरंगें: धनात्मक और ऋणात्मक आयनों से युक्त चुम्बकीकृत युग्म-आयन प्लाज़्मा में अरेखीय मैग्नेटो-सोनिक तरंग की गतिशीलता पर आयन--आयन संघट्टन के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। बाहरी चुंबकीय क्षेत्र तरंग प्रसार के लंबवत स्थित है। सकारात्मक और नकारात्मक आयनों की गतिशीलता का वर्णन करने के लिए दो द्रव मॉडल का उपयोग किया जाता है। लैग्रैनजियन रूपांतरण तकनीक का उपयोग करके रैखिक और अरैखिक विश्लेषण किया जाता है। रैखिक विश्लेषण से युग्म- आयन प्लाज़्मा में मैग्नेटो-सोनिक तरंग के प्रसार संबंध उत्पन्न होते हैं। छोटी आयाम सीमा में, Korteweg-de Vries Burgers'(KdVB) समीकरण ने मैग्नेटो-सोनिक तरंग के अरेखीय प्रसार को परिभाषित किया है। आयन- आयन संघट्टन प्रणाली में अपव्यय का स्रोत हैं, और KdVB समीकरण में बर्गर टर्म की उत्पत्ति का भी। KdVB समीकरण में यह बर्गर टर्म युग्म-आयन प्लाज़्मा में शॉक संरचनाओं का स्रोत है। विश्लेषणात्मक और संख्यात्मक विश्लेषण से पता चलता है कि तरंग संघट्टन की अनुपस्थिति में तरंग एकल तरंग का प्रदर्शन करती है। टक्करों की उपस्थिति में, लहर दोनों दोलक और मोनोटोनिक शॉक संरचनाओं को प्रदर्शित करती है, जो प्रणाली के फैलाव और अपव्यय के बीच संतुलन पर निर्भर करता है। प्रसार की तुलना में कमजोर अपव्यय के लिए, दोलक शॉक संरचना का गठन होता है और इसके विपरीत मामले में, अरेखीय तरंग मोनोटोनिक शॉक की तरंग का

प्रदर्शन करती है।

शीत प्लाज़्मा का वहन करने वाली एक सापेक्ष धारा में स्थिर लैंगम्यूर संरचनाएं: अरेखीय स्थिर संरचनाओं की, जो एक सापेक्ष इलेक्ट्रॉन पुंज की उपस्थिति में एक ठंडे प्लाज़्मा में स्थिर आयनों के साथ बनती हैं, टकराव रहित सीमा में विश्लेषणात्मक रूप से जांच की गई है। ये सापेक्षवादी बर्स्टीन-ग्रीन-क्रुस्कल (बीजीके) तरंगों के ठंडे प्लाज़्मा संस्करण हैं। अधिकतम स्थिरवैद्युत क्षेत्र ऊर्जा घनत्व तथा इलेक्ट्रॉन पुंज (k) की गतिज ऊर्जा घनत्व के अनुपात से संरचना प्रोफाइल नियंत्रित होती है। यह पाया जाता है कि, रैखिक सीमा ($\kappa<<1$) में, घनत्व, विद्युत क्षेत्र और वेग विस्तार में सामंजस्यपूर्ण रूप से भिन्न होते हैं, जबकि κ के बड़े मूल्यों के लिए, द्रव परिवर्ती कारक एक हार्मोनिक व्यवहार प्रदर्शित करते हैं।

A.5.3 टोकामॅक तथा संलयन अध्ययन रिएक्टर

ELM पर पेलेट इंजेक्शन के प्रभाव का संख्यात्मक सिमुलेशन: एड्ज लोकलाइज़्ड मोडों (ईएलएम) के गतिशील व्यवहार के संख्यात्मक सिमुलेशन अध्ययन पेलेट के पुनरावर्ती इंजेक्शन के प्रभाव में किए जाते हैं। हमारे अरेखीय 2-द्रव मॉडल में, ELM को परिसीमन क्षेत्र में एक कण स्रोत और एड्ज क्षेत्र में एक कण सिंक की शुरुआत करके उत्तेजित किया जाता है। पेलेट्स के इंजेक्शन को समय-समय पर एड्ज के घनत्व को एक स्पंदित तरीके से बढाते हुए सिमुलेट किया जाता है। हम पाते हैं कि जब एड्ज घनत्व को 1: 2 के ड्युटी चक्र (ऑन टाइम- ऑफ टाइम) के साथ सामान्य घनत्व से दोगुना बढाया जाता है, तो ईएलएम औसतन तेज गति से और कम आयामों के साथ उत्पन्न होते हैं। इन परिवर्तनों से प्लाज़्मा बीटा में महत्वपूर्ण सुधार होते हैं, जो पेलेट इंजेक्शन के कारण ऊर्जा परिसीमन में सुधार का संकेत है। इसी के साथ प्लाज़्मा घनत्व और तापमान प्रोफाइल भी काफी संशोधित हो जाते हैं। एड्ज घनत्व बढ़ाने के विभिन्न परिमाणों के लिए ईएलएम गतिकी की प्रकृति का एक तुलनात्मक अध्ययन किया जाता है। प्लाज़्मा तापमान, घनत्व, ईएलएम के स्थान में और ऊर्जा के अरेखीय वर्णक्रमीय हस्तांतरण के संदर्भ में परिवर्तन, पेलेट इंजेक्शन की तुलना में अनुनादी चुंबकीय क्षोभ से ईएलएम पर सापेक्ष प्रभाव का भी ध्यान रखा जाता है।

संलयन न्यूट्रॉन विकिरण के लिए टंगस्टन और लोहे में विस्थापन क्षति अध्ययन: TALYS-1.8 कोड और आणविक गतिशीलता सिमुलेशन का उपयोग करके टंगस्टन और लोहे में विस्थापन क्षति का अध्ययन किया जाता है। TALYS-1.8 कोड का उपयोग रिकॉइल के ऊर्जा स्पेक्ट्रा का पता लगाने के लिए किया जाता है। लोहे और टंगस्टन में फ्रेंकेल जोडे की संख्या का अनुमान लगाने के लिए LAMMPS कोड का उपयोग करके, 200 keV क्षति ऊर्जा के सेल्फ रिकॉइल के एमडी सिमुलेशन किए जाते हैं। रिक्तियों और अंतरालों के समय विकास का अध्ययन किया गया है। एमडी अनुकरण के परिणामों का उपयोग आर्क-dpa तरीके के स्थायी प्राचलों का अंशांकन करने के लिए किया जाता है। टंगस्टन और लोहे के विस्थापन क्षति क्रॉस सेक्शन की गणना एनआरटी और आर्क-dpa दृष्टिकोण के साथ 15 MeV ऊर्जा तक के न्यूट्रॉन विकिरण के लिए की जाती है। EU डेमो की पहली भित्ति के स्थान पर dpa (Arc-dpa) का मान लोहे और टंगस्टन में क्रमशः 1.19 dpa / FPY और 0.93 dpa / FPY तक पहुंचता है। इसी तरह, एनआरटी और Arc-dpa तंत्र का उपयोग करके विभिन्न न्यूट्रॉन क्षेत्रों में लोहे और टंगस्टन में dpa मानों की भविष्यवाणी की जाती है।

वैश्विक टोरोइडल ज्यामिति में गतिज कण सिमुलेशन : क्षेत्र-संरेखित कण-ग्रिड प्रक्षेपों के साथ विभाजक पर कोर और स्क्रैप-ऑफ परत क्षेत्रों को युग्मित करके ग्लोबल सिमुलेशन के लिए जाइरोकाइनेटिक टोरॉइडल कोड को अपग्रेड किया गया है। उच्च आवृत्ति तरंगों (आयन साइक्लोट्रॉन आवृत्ति और उससे आगे) के लिए एक पूरी तरह से गतिज कण ढकेलनेवाला और कम आवृत्ति तरंगों के लिए एक मार्गदर्शक केंद्र पुशर एक ग्लोबल टॉरॉयडल ज्यामिति में बेलनाकार निर्देशांक का उपयोग करके लागू किया गया है। दो इंटीग्रेटर्स कण कक्षाओं को अच्छी प्रकार से पकड़ कर रखते हैं, जिससे ऊर्जा और प्रामाणिक कोणीय गति का संरक्षण होता है।इस नई क्षमता के सत्यापन और आवेदन के रूप में एकल नल चुंबकीय सेप्राट्रिक्स निर्वहन के लिए DIII-D टोकमॅक के किनारे पर आयन कक्षा के क्षय का अध्ययन करने के लिए आयन मार्गदर्शक केंद्र सिमुलेशन किए गए हैं। आयन हानि की स्थिति की जाँच एक रेडियल विद्युत क्षेत्र के साथ और बिना के लिए पिच कोण के एक कार्य के रूप में की जाती है। सिमुलेशन पिछले सैद्धांतिक परिणामों और प्रयोगात्मक रूप से देखी गयी विशेषताओं के अनुरूप हैं जिसमें आयन अपवाह कक्षाओं के साथ उच्च ऊर्जा आयन बाहर निकलते हैं और फिर डायवर्टर प्लेट्स से टकराते हैं। आयन प्रत्यक्ष कक्षा हानि अंश की माप से पता चलता है कि प्रारंभिक वेग स्थान में DIII-D के लिए आयन ऊर्जा के साथ हानि अंश बढ़ता है। अंत में, नए कोड की क्षमता के एक और सत्यापन के रूप में, DIII-D टोकामक के मुख्य क्षेत्र में आंचलिक प्रवाह के आत्म-सुसंगत अनुकरण किए गए। सभी DIII-D अनुकरण प्रक्षोभ की अनुपस्थिति में किए गए थे।

A 5.4 मूलभूत प्लाज़्मा अध्ययन

अत्यधिक आवृत्ति वाले संधारित्र के निस्सरण में विद्युत क्षेत्र का तंत्विकरण: संतुलित, संघट्य रहित, अत्यधिक आवृत्ति, संधारित्र युग्मित प्लाज़्मा में अस्थायी विद्युत् क्षेत्र के निर्माण और उसकी प्रकृति पर निस्सरण वोल्टेज के प्रभाव का अध्ययन स्व-संगत प्रकोष्ठ-में-कण (पार्टिकल इन सेल अर्थात PIC) अनुकार कोड द्वारा किया गया। साठ मेगाहर्ट्ज़ की परिचालक आवृत्ति और 5 मिलिटोर दबाव वाली आर्गन गैस में निस्सरण वोल्टता को 10V से 150V तक स्थिर अन्तराल पर बदला गया। यह पाया गया कि निस्सरण वोल्टता में बढ़ाव के कारण क्षणिक विद्युत् क्षेत्र का तंत्विकरण होता है और विस्तृत प्लाज़्मा में अनेक उच्च गुणित स्वर उत्पन्न होते हैं। निस्सरण धारा में इसके संगत,

उच्च गुणित, सातवें गुणांत को देखा गया। निस्सरण वोल्टता के बढ़ने पर उच्च गुणतो में उर्जा में वृधि होती है। निस्सरण वोल्टता के कारण प्लाज़्मा घनत्व में निरंतर वृद्धि होती है परन्तु यह वृधि अरैखिक होती है, इसके सापेक्ष विस्तृत इलेक्ट्रान तापमान घटता जाता है। इसी दौरान निम्न निस्सारण वोलता पर इलेक्ट्रान उर्जा वितरण फलन एकल मैक्स्वेलियन से उच्च निस्सरण वोल्टता पर द्वि- मैक्स्वेलियन हो जाता है ।

अपवाह तरंग का कणिक ध्वनि तरंग के साथ युग्मनः एक अपवाह तरंग असमांग घनत्व वाले चुम्बकित प्लाज़्मा का प्रमुख रूप है। यह कणों, व्यापक चुम्बकीय क्षेत्र के लम्बवत उर्जा और संवेग के परिवहन (स्थानांतरण) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस रूप की आवृत्ति संगत मापक्रम लम्बाई पर निर्भर करती है और यह आयन और इलेक्ट्रान वाले प्रारूपी समांग प्लाज़्मा से काफी कम होती है। इस कार्य में, इसी रूप का निम्न आवृत्ति के कणिक प्लाज़्मा माध्यम के साथ युग्मन की संभावना को सुविचारित किया गया है। मूलतः आयनों के अपवाह ध्रुवण के परिरक्षण के कारण कणिक जाति से कमजोर रूप से सहसम्बद्धित चुम्बकित प्लाज़्मा में अपवाह तरंग उच्च ky (लम्बवत तरंग संख्या) पर संतृप्त पायी गयी। हालाँकि, जब धूलित कण घनिष्टता से सहसम्बद्ध होते हैं, तो अपवाह तरंग उच्च ky पर एक अनुप्रस्थ अपरुपी तरंग में बदल जाती है ।

भँवर विलयन द्वारा क्षणिक छिद्र स्वरूप और अर्ध-स्थिर भँवरों पर संपीड्यता पर प्रभावः भँवर विलयन प्रक्रिया में संपीड्यता के प्रभाव की चर्चा की गयी। भूतकाल में, असम्पीड्य सीमाओं में, यह पाया गया कि चक्राकार भंवरों के बाहर, संरूपित तीव्र बिन्दुवत भंवरों के समूह का विलयन अरैखिक विलयन क्रिया द्वारा, अर्ध-स्थिर भँवर भाग और भँवर भाग में क्षणिक छिद्र स्वरूप की ओर ले जा सकता है जिससे भँवर क्रिस्टल बने। कमजोर संपीड्यता के कारण समाश्या में प्रकृतिक ध्वनी मापक्रम देखे गए। हमने पाया कि प्रकृतिक रूप बिन्दुवत भंवरों की संख्या से पर निर्भर नहीं करता और आयाम संपीड्यता के साथ रैखिक रूप से बढ़ता है। इसका अलावा, यह भी ज्ञात हुआ की विलयन के पश्चात् निकाय उसके गुणित पर एक और प्राकृतिक आवृत्ति पर दोलन करता है। आवृत्ति की ऊर्जा मैक नंबर M-2 पर मापित होती है। इसके आलावा, जैसे-जैसे संपीड्यता को M=0 से 0.5 तक बढाया जाता है, बने हुए भँवर क्रिस्टल अधिक तीव्रता से "पिघलते" हैं।

संघट्ट-रहित अति उच्च आवृत्ति के संधारित्र निस्सरण में क्षणिक विद्युत् क्षेत्र पर चयन निस्सरण प्रचाल का प्रभावः क्षणिक विद्युत् क्षेत्र बनने के लिए निस्सरण विभव, परिचालक आवृत्ति, और इलैक्ट्रोड अन्तराल का प्रभाव जांचने के लिए, स्व-संगत कोष्ठ-में-कण (PIC) अनुकरण किये गए। इलेक्ट्रोन उर्जा वितरण फलन की आकृति को 27.12 से 80 मेगा हट्र्ज सीमा में विस्तृत प्लाज़्मा और प्लाज़्मा घनत्व में परिवर्तन की प्रकृति के लिए प्रस्तुत किया गया है। अभी के परिणाम को हमारे भूतकाल में किये गए अध्ययन को संयोजन, जिसमें संघट्टरहित संधारित्र आर्गन निस्सरण की केवल परिचालक आवृत्ति की निर्भरता को ध्यान में रखा गया था, के साथ ऐसे निस्सरण का बहु-प्राचाली संक्रिया क्षेत्र में गतिकी का एक व्यापक और विस्तृत अवलोकन प्रस्तुत करते हैं।

द्वि-विमीय बेलनाकार सममित प्रसारी चुंबकीय क्षेत्र में प्लाज़्मा प्रवाह साम्यः प्रसारी चुंबकीय क्षेत्र मेंस्थिर अवस्था प्लाज़्मा प्रवाह का द्वि-विमीय कोष्ठ-में-कण (PIC) संख्यात्मक अनुकरण द्वारा अध्ययन किया गया । प्रतिप्रवाही, एकसमान चुम्बकीय क्षेत्र विस्तार में सीमित प्लाजमा स्रोत परिमाण और उससे सम्बंधित क्षणिक प्लाज़्मा माप में परिवर्तन को भौतिक विस्तार की स्थिति से विशिष्ट, परावैद्युत प्लाज़्मा स्रोत विस्तार के विभिन्न अक्षीय अनुकरण के द्वारा परीक्षण किया गया । विभिन्न अरीय (त्रिज्यीय) स्थान पर अक्षीय विभव वर्णन, अक्षीय विभव गिरावट में पदशः विवरण प्रदर्शित करता है, और सम्बंधित विस्तार में प्लाज़्मा (आयन) त्वरण उत्पन्न करता है। एक लम्बे पूर्व-विस्तारित सँकरे स्रोत क्षेत्र में, जहाँ आयन प्रावस्था-समष्टि प्रकीर्णन बद्धित विस्तार और अव्यवस्थित आयन प्रक्षेपपथ और आयन गर्माहट का संभावित पूर्व-विस्तारण प्रदर्शित करता है, उसमें गैर-एकदिष्टीय विभव परिवर्तन को पुनः प्राप्त किया गया। अध्ययन किये गए प्रवाह साम्य को अन्तरिक्ष प्रणोदन के लिए प्रणोद उत्पन्न करने में उपयुक्त होने को ध्यान में रखते हुए, अनुकरित विषय के लिए प्लाज़्मा प्रवाह से सम्बंधित प्रणोद मान के औपचारिक अनुमान लगाने में भी किया गया है।

प्रवाही प्लाज़्मा में बहु स्थिर अवस्था सह-घूर्णी धूलित भँवरः द्वि--विमीय भँवर-प्रवाही फलन द्रवगतिकी मॉडल को अबाधित और प्रवाही प्लाज़्मा में स्थिरवैद्युतीय सीमित धूल बादलों के ऊपर प्रयोग किया गया। बाधित प्रक्षेत्र में विभिन्न अभिमुखता अनुपात (ARs) के लिए आयतनिक चालित धूल बादल में भँवर प्रवाह की बनावट को व्यवस्थित रूप से रैखिक एवं अरैखिक सीमाओं में गतिक श्यानता श्रेणी के लिए विश्लेषण किया गया। परिणाम यह दर्शाते हैं कि धूलित भँवर प्रवाह में बनावटी परिवर्तन जडत्विक और विसरित अभिगमन के बीच होने वाली अन्योन्य क्रिया के कारण है, जिसके कारण असममिति उत्पन्न होती है और AR मान में एक पूर्णांक परिवर्तन के संगत देहली गतिक श्यानता में बनावट के द्विशाखन में एक नियमित अनुक्रम प्रदर्शित करता है। कई प्रयोगात्मक प्रक्षणों के साथ समानता की पुनः प्राप्ति हुई, जिनमें कई नए स्वः-समरूप, सह-घूर्णित भंवरों का निर्माण हुआ। प्रवाही क्षेत्र में AR पर आगामी बनावट संक्रमण की विशिष्ट निर्भरता का विश्लेषण संख्यात्मक हलों के गुणों के आधार पर किया गया। यह अरैखिक हल प्रयोगों में स्वः-समरूप, सह-घूर्णित भंवरों की आधारभूत अरैखिक विशेषता और उनकी स्वभावजन्य समरूपताओं के साथ विभिन्न उपयुक्त जटिल परिचालित-क्षयिक प्राकृतिक प्रणालियों को समझने में मदद करते हैं |

त्रि-विमीय PIC अनुकरण द्वारा टोरोइडल विशुद्ध इलेक्ट्रॉन प्लाज्मा की गतिकी का अध्ययन: कम अभिमुखता अनुपात (AR) वाले, अक्षीय सममित उपकरण में टोरोइडल चुम्बकीय क्षेत्र का प्रयोग करके टोरोइडली सीमित, प्रारंभिक शीतल, संघट्य रहित विशुद्ध इलेक्ट्रान प्लाज्मा की अरैखिक गतिकी का अध्ययन 3D3V PIC कोड PEC3PIC द्वारा किया गया। ऊर्ध्व मध्यतल पर केंद्रीय अक्ष से परिवर्ती त्रिजीय दूरियों पर टोरोइडल इलेक्ट्रॉन बादलों पर तीन संकयात्मक प्रयोग किए गए, और इन तीन प्रयोगों में बादल की गतिकी और कणों के अभिगमन का विकास का एक तुलनात्मक विश्लेषण किया गया। प्रत्येक प्रयोग में, बादल को टोरोइडल डायोकोट्रोन दोलन शुरू करते हुए पाया गया जिनके निम्नलिखित रोचक लक्षण हैं: (i)प्रारम्भिक अरैखिक पुनर्रचना और घनत्व की शिखरन,(ii) टोरोइडल अनुदैर्ध्य काट में दीर्घव्रत्तीय कक्षपथ में भरे हुए इलेक्ट्रॉन बादलों की चिर्प अथवा घूर्णन आवृत्ति गतिकी और शिखरन घनत्व का बढ़ना और घटना, (iii) पार क्षेत्र अभिगमन एवं कणों का क्षय एवं (iv) मापे गए दीवार खोज संकेत, प्रयोगात्मक संकेतों के साथ काफी समानता प्रदर्शित करते हैं। यह प्रदर्शित किया गया की टोरोइडल विन्यास में इलेक्ट्रानों का सीमन प्रारंभिक प्लाज्मा को पात्र की भीतरी दीवार के नजदीक उर्ध्व मध्य तल पर प्रतिस्थापित करके बेहतर तरीके से किया जा सकता है, जो कि औसत--क्षेत्रीय सैद्धांतिक भविष्यवाणी का समर्थन करता है। सभी सन्दर्भों में, घनत्व वितरण वर्णन बेलनाकार निर्देशांक प्रणाली (r, θ, z) में (r, θ) और(r z) तलों में नियमित केन्द्रीय प्रालेख में घनत्व शिखर मिलता है। हिल्बर्ट-हुआंग परिवर्तन द्वारा दीवार जांच आंकड़ों के आधार पर और विंडो फूरियर परिवर्तन का प्रयोग करके प्राप्त गतिकी की प्रधान आवृत्ति की समय सापेक्षता, टोरोइडलिसिटी प्रेरित न्यून पोलोइडल अंक m (~1 - 12) की युग्मता और गतिक चर्पिंग निर्भरता सुझाती है।

दो-आयामी युकावा तरल पदार्थों में रेले-बेनार्ड संवहन में नकारात्मक एंट्रोपी-उत्पादन दर: स्थिर अवस्था उच्चावचन (एसएसएफटी) थर्मोडायनामिक्स के दूसरे नियम का उल्लंघन करते हुए छोटी संख्या की डिग्री ऑफ फ्रिडम की एक प्रणाली में घटना के घटने की सापेक्ष संभावना देता है। एक कार्यशील माध्यम के रूप में दो आयामी जटिल प्लाज्मा का उपयोग करते हुए, जिसमें तात्कालिक वेग और पदों का कण स्तर अवलोकन प्रयोगात्मक रूप से संभव हो सका है, हम बाहरी गुरुत्वाकर्षण और एक बाहरी तापमान की उपस्थिति में युकावा विभव का उपयोग करके "प्रथम-सिद्धांत" आणविक-गतिशीलता सिमुलेशन करते हैं। संतुलन वाले स्थिर स्थिति से दूर, एसएसएफटी का परीक्षण किया गया है। यह प्रदर्शित किया गया है कि एसएसएफटी अवलोकन समय τ के लिए किसी भी अतिरिक्त फिट पैरामीटर के बिना संतुष्ट है, अवलोकन के तहत प्रणाली से जुड़े प्रासंगिक सूक्ष्म समय तुलना में अधिक या उससे अधिक है।

चालित जोड़ी-आयन प्लाज़्मा (ड्रिवन पैर- आयन- आयन प्लाज़्मा) में पथ (लेन) का गठन: 2D ड्रिवेन पैर-आयन प्लाज़्मा में लेन फोरमेशन डायनेमिक्स की जांच अंडरडैम्प्ड मामलों में की गयी है। इस सिस्टम (प्रणाली) का समय के साथ स्थिर और बदलते विद्युत क्षेत्र की उपस्थिति मेंं विस्तार पूर्वक ब्रौनिनन डाइनामाइक्स सिमुलेशन (Brownian dynamics simulation) किया गया है। इस जांच में यह पाया गया है की जब प्लाज़्मा कण विद्युत क्षेत्र के साथ या विपरीत चलते हैं तब लेन बनती है। फेस के बदलाव का पता लगाने के लिए लेन ऑर्डर पैरामीटर लागू किया गया है। स्थिर बाहरी विद्युत क्षेत्र के साथ अन्वेषण करते समय, अलग अलग विद्युत क्षेत्र की क्षमता पर अव्यवस्था से लेन फोरमैशन की तरफ जाने का अध्ययन किया गया है। यह देखा गया है की जब विद्युत क्षेत्र का मूल्य एक निश्चित मूल्य (क्रिटिकल फील्ड) से ज़्यादा होता है तब ही लेन अलग से बनती है। दोलित विद्युत क्षेत्र की स्थिति में, उच्चावचन विद्युत क्षेत्र की आवृत्ति लेन बनाने की घटना को नियंत्रित करती है। यह देखा गया है की जब विद्युत क्षेत्र की आवृत्ति एक निश्चित मूल्य से बढ़ जाती है तब सिस्टम फिर से पहले की तरह अव्यवस्थित हो जाता है। निश्चित विद्युत क्षेत्र शक्ति की गणना के लिए एक सरल विधि से क्षेत्र शक्ति की गणना और सिम्युलेटेड मूल्यों के बीच मात्रात्मक समझौता प्राप्त हुआ है। दोलित विद्युत क्षेत्र के लिए क्रिटिकल फ्रिक्वेन्सी के लिए की गणना सिम्युलेटेड मूल्यों के साथ मेल खाती है।

प्लाज़्मा वेकफील्ड त्वरण में वेकफील्ड और ड्राइवर बीम डायनेमिक्स पर अनुप्रस्थ बीम आकार का प्रभाव: ठंडे सजातीय प्लाज़्मा में एक सापेक्ष इलेक्ट्रॉन बीम द्वारा संचालित वेकफील्ड्स को 2 डी द्रव सिमुलेशन तकनीक का उपयोग करके अध्ययन किया गया है। यह दिखाया गया है कि जब एक दृढ़ बीम का अनुप्रस्थ आकार अनुदैर्ध्य विस्तार से अधिक होता है, तो वेक तरंग विशुद्ध रूप से इलेक्ट्रोस्टैटिक रूप प्राप्त करती है। सिमुलेशन परिणाम पहले प्रकाशित 1 डी परिणाम के साथ एक अच्छा समझौता दिखाते हैं। दूसरे पक्ष में जब अनुप्रस्थ आयाम अनुदैर्ध्य विस्तार से बराबर या छोटे होते हैं, तो वेक तरंगें प्रकृति में विद्युत चुम्बकीय होती हैं, और 2 डी प्रभाव एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, एक दृढ़ द्वि-परवलयिक बीम के लिए 2 डी वेकफील्ड का एक रेखीय सिद्धांत विश्लेषण भी सिमुलेशन के साथ तुलना में किया गया है। यह भी दिखाया गया है कि ट्रांसफार्मर अनुपात, जो एक प्रमुख पैरामीटर है जो त्वरण की प्रक्रिया में दक्षता को मापता है, 1D प्रणाली (एक बीम के लिए अनुदैर्ध्य लंबाई की तुलना में एक बडा अनुप्रस्थ विस्तार) से 2D प्रणाली (अनुदैर्ध्य लंबाई की तुलना में एक छोटे अनुप्रस्थ विस्तार वाले बीम के लिए) के लिए अधिक हो जाता है। इसके अलावा, सिमुलेशन में चालक बीम के आत्म-सुसंगत विकास सहित, हमने देखा है कि प्लाज़्मा के अंदर फैलने वाला बीम अनुप्रस्थ पिंचिंग से गुज़रता है, जो अनुदैर्ध्य संशोधन की तुलना में बहुत पहले होता है। प्रणाली में अनुप्रस्थ आयामों की उपस्थिति के कारण, साहित्य में पहले दी गई 1D दृढ़ता सीमा संशोधित हो जाती है।

हमने ड्राइवर बीम के लिए संशोधित दृढ़ता सीमा को 2 डी बीम-प्लाज़्मा सिस्टम में भी प्रदर्शित किया है।

सापेक्ष प्रवाह वाले ठंडे प्लाज़्मा में स्थिर लैंगमुइर संरचनाएं: सापेक्षतावादी इलेक्ट्रॉन करंट बीम की उपस्थिति में स्थिर आयनों के साथ एक ठंडे प्लाज़्मा में गठित गैर रेखीय स्थिर संरचनाओं का टकराव की सीमा में विश्लेषणात्मक रूप से अध्ययन किया गया है। संरचना प्रोफ़ाइल इलेक्ट्रॉन बीम के अधिकतम इलेक्ट्रोस्टैटिक क्षेत्र ऊर्जा घनत्व और गतिज ऊर्जा घनत्व के अनुपात से नियंत्रित होती है $\kappa = E_m/(4\pi n_0 m_0 v_0^2)^{1/2}$ जहाँ, E_m गैर रेखीय संरचना से जुड़ा अधिकतम विद्युत क्षेत्र है और v_0 इलेक्ट्रॉन बीम वेग है। यह पाया जाता है कि, रैखिक सीमा में, $\kappa << \sqrt{2\gamma_0/(1+\gamma_0)}$) द्रव चल, जैसे घनत्व, विद्युत क्षेत्र और वेग अंतरिक्ष में सामंजस्यपूर्ण (हार्मोनिक) रूप से भिन्न होते हैं। यदि यहाँ बीम वेग (v_0) से जुड़ा लोरेंत्ज़ कारक है, तो रेंज $0 < \kappa \leq \kappa_c (=\sqrt{2\gamma_0/(1+\gamma_0)})$, द्रव चर हार्मोनिक व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। $\kappa_c < \kappa < +\infty$ के मूल्यों के लिए, विद्युत क्षेत्र विशिष्ट स्थानिक स्थानों पर परिमित विघटन दिखाता है जो इन स्थानों पर नेगेटिव आवेशित समतल के निर्माण का संकेत देता है। ।

अंडर दंप्ड बैकग्राउंड में सक्रिय ब्राउनियन प्रणाली में फेज़ ट्रांजिशन और सक्रिय तापमान का उद्‌भव:

लैंगविन डायनेमिक्स कंप्यूटर सिमुलेशन का उपयोग करके दो आयामों में एक अंडर दंप्ड बैकग्राउंड में डूबे सक्रिय ब्राउनियन कणों (एबीपी) के गुणों में जड़ता की भूमिका का पता लगाते हैं। एक संतुलन द्वि-आयामी निष्क्रिय अंतःक्रियात्मक कण प्रणाली के समान, एबीपी की प्रणाली युग्मन पैरामीटर में परिवर्तन के साथ प्रणाली प्रवाही रूप से घन स्वरूप में स्थानांतरित होती है। जो की बैकग्राउंड सॉल्वेंट के इंटरैक्शन पोटेंशियल एनर्जी और थर्मल एनर्जी का अनुपात है। पारंपरिक अतिव्यापी पृष्ठभूमि सीमा में पाए जाने वाले फेस ट्रांज़िशन की तुलना में गतिविधि की बढ़ती ताकत के साथ घन प्रवाही पेस ट्रांज़िशन में महत्वपूर्ण गुणात्मक और मात्रात्मक अंतर पाए गए हैं। अंडरडैम्प्ड पृष्ठभूमि में, अंतर्निहित गतिविधि को तापमान का संचालन करने के लिए पाया जाता हैं, जिसे सक्रिय तापमान कहा जाता है और एबीपी के औसत वेग उतार-चढ़ाव द्वारा परिभाषित किया जाता है, जो कि निश्चित पृष्ठभूमि विलायक तापमान से भिन्न होता है। सक्रिय शक्ति के एक फलन के रूप में सक्रिय तापमान के लिए एक नया स्केलिंग कानून घन-प्रवाही सीमा के पास पाया जाता है। सक्रिय तापमान, जो थर्मोडायनामिक संतुलन तापमान के समान व्यवहार करता है, सक्रिय कणों और पृष्ठभूमि के अपव्यय की ताकत के बीच परस्पर क्रिया की ताकत पर निर्भर करता है। पृष्ठभूमि के विघटन में वृद्धि के साथ, सक्रिय तापमान और पृष्ठभूमि विलायक तापमान के बीच का अंतर कम हो जाता है और अंतर अंततः अतिप्रवाह सीमा में गायब हो जाता है, गणना की शुद्धता का प्रदर्शन करता है।

1 डी कमजोर रूप से विघटित व्लासोव-पॉयजन प्रणाली में संचालित इलेक्ट्रोस्टैटिक फेज़ स्पेस भँवर: संचालित इलेक्ट्रोस्टैटिक फेज़ स्पेस भँवर पर टकराव के प्रभाव का विश्लेषण दो अलग-अलग मॉडल में यूलरियन सिमुलेशन के माध्यम से किया गया है। हाल ही में यह प्रदर्शित किया गया था कि टक्करों की अनुपस्थिति में, स्थिर फेज़ स्पेस भँवर कण वेग वितरण फलन के कणों के फंसने के कारण, मल्टिएक्सट्रिमा बृहत फेज़ स्पेस भँवर (PSVS) को समर्पित करते हुए कण वेग वितरण फलन के गुंजयमान क्षेत्र में एक पठार बनाने के लिए प्रकट होता है। लंबे समय से टकराव की उपस्थिति में यह मल्टीएक्सट्रिमा पठार को चिकना कर देता है, क्योंकि टकराव मैक्सवेलियन की ओर वेग वितरण को संचालित करते हैं, भले कितने भी कमजोर हो पर शून्य ना हो। इन स्थितियों में, गतिज प्रक्रियाओं और टकराव को प्रतिस्पर्धा में पाया जाता है, और प्लाज़्मा का विकास पाया जाता है, इसलिए, इन दो प्रभावों के संयुक्त संयोजन का परिणाम है। दो प्रकार के टकराव ऑपरेटरों के साथ इलेक्ट्रोस्टैटिक संचालित फेज़ स्पेस भँवर पर कमजोर टकराव के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए न्यूमेरिकल सिमुलेशन के माध्यम से एक प्रयास किया गया है: (1) भटनागर-ग्रीस-क्रूक (क्रूक) कॉलिजन ऑपरेटर, जहां टकराने वाले कणों को अलग-अलग जोड़े के रूप में माना जा सकता है और (2) फोकर-प्लैंक (एफपी) प्रकार के टकराव वाले ऑपरेटर (ज़ाखरोव-कार्पमैन) को एक आयाम में रखा जाता है, जहां कई कमजोर टक्करों से वेग स्थान में कण प्रसार होता है। यह दिखाया गया है कि इस्तेमाल किए गए टक्कर मॉडल के आधार पर, विशाल पीएसवी के वेग चौरसाई की प्रकृति गुणात्मक रूप से बहुत अलग फेज़ स्पेस संरचनाओं का परिणाम है। हालांकि, उपयोग किए गए टक्कर मॉडल के बावजूद, 10% से अधिक घनत्व अंश को बनाए रखा जाता है।

A.5.5 लेज़र-प्लाज़्मा इंटरेक्शन

कम-घनत्व वाले प्लाज़्मा में लेज़र प्रकाश से परंपरागत टकराव द्वारा अवशोषण: एक पार्टिकल-इन-सेल सिमुलेशन अध्ययन: एक कम-घनत्व वाले प्लाज़्मा में लेज़र प्रकाश के टकराव द्वारा अवशोषण का पार्टिकल-इन-सेल (पीआईसी) सिमुलेशन द्वारा मोंटे-कार्लो बाइनरी के साथ चार्ज कणों के बीच कोलम्बम टकराव का अध्ययन किया जाता है। एक दी गई प्लाज़्मा मोटाई के लिए जो 800 एन.एम. लेज़र की तरंग दैर्ध्य के कुछ गुण समान है, कूलम्ब टकराव (मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनों और आयनों के बीच) के कारण लेज़र प्रकाश के भिन्नात्मक अवशोषण (α) की गणना कुल वेग $v = (v_{th}^2 + v_0^2/2)1/2$ के साथ T_e विभिन्न इलेक्ट्रॉन तापमान पर की जाती है और यह कूलम्ब लॉगरिथम ln (v) पर निर्भर करता है, जहाँ v_{th} और v_0 एक इलेक्ट्रॉन के थर्मल और पॉन्डेरोमोटिव वेग हैं। कम-तापमान अवस्था (T_e 15 eV) में, यह पाया गया है कि α, लेज़र तीव्रता I_0 के साथ अधिकतम Ic तक बढ़ाता है, और फिर यह $\alpha \sim I{-3/20}$ की पारंपरिक स्केलिंग का पालन करके (लगभग) गिर जाता है

जब $I_0 > I_c$ रहता है। कम तीव्रता वाली स्थिति में I_0 के साथ α की ऐसी गैर-पारंपरिक वृद्धि पहले प्रयोगों में प्रदर्शित की गई हैं, और हाल ही में पारंपरिक और क्वांटम मेकानिक द्वारा समझाया गया है। यहाँ पहली बार हमने पीआईसी सिमुलेशन द्वारा इस गैर-पारंपरिक लेज़र अवशोषण को पाया है और इस प्रकार मॉडल, सिमुलेशन और प्रयोगात्मक निष्कर्षों के बीच के अंतर को जोड़ा है। इसके अलावा, लेज़र इंटरैक्शन (पीआईसी सिमुलेशन में) के दौरान स्वाभाविक रूप से निकलने वाले इलेक्ट्रॉन ऊर्जा वितरण की प्रकृति को अनिसोट्रोपिक और गैर-मैक्सवेलियन पाया गया है, जो पहले के विश्लेषणात्मक पूर्वानुमानों से कुछ अलग है।

एक बाहरी चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में प्लाज़्मा में केडीवी मैग्नेटोसोनिक सोलिटन्स की उत्तेजना: बाहरी चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में भारी आयन प्रजातियों को सीधे लेज़र ऊर्जा युग्मन के लिए एक नये तरीके का वर्णन किया गया है। उच्च आयाम पर यह दिखाया गया है कि आयन की अशांति से मैग्नेटोसोनिक सॉलिटॉन बनाती है। इस घटना के लिए एक बाहरी चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में एक उच्च घने प्लाज़्मा के नार्मल से लेज़र बीम के लिए एक 2 डी पार्टिकल-इन-सेल सिमुलेशन किया गया है। बाहरी चुंबकीय क्षेत्र को इस तरह से चुना जाता है कि भारी आयन असमान रहते हैं लेकिन लेज़र फ्रिक्वेंसी पर लाइटर इलेक्ट्रॉन प्रजातियाँ चुंबकित हो जाती हैं। एक ~ 1 माइक्रो मीटर सूक्ष्ममापी तरंग दैर्ध्य के पारंपरिक लेज़र के लिए ऊपर बतायी गई स्थिति को पाने के लिए कई सैकड़ों किलो टेस्ला चुंबकीय क्षेत्र की आवश्यकता होती है। ~ 10 माइक्रो मीटर सूक्ष्ममापी के तरंग दैर्ध्य के साथ CO_2 स्पंदित लेज़र के लिए यह आवश्यकता 1/10 से नीचे जाती है। वर्तमान में, पहले से ही प्रयोगशाला में कई किलो टेस्ला का चुंबकीय क्षेत्र बनाया जा चुका है। इसे ध्यान में रखते हुए, स्पंदित co_2 लेज़र मापदंडों के लिए सिमुलेशन किया गया है। यह दिखाया गया है कि बाहरी चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में आयन हीटिंग काफी बढ़ जाता है। इसके अलावा, यह दिखाया गया है कि लेज़र की उच्च तीव्रता पर, आयन की गड़बड़ी उच्च आयाम वाले Korteweg – de Vries मैग्नेटोसोनिक सॉलिटॉन को उत्तेजित करती है। जैसा कि अपेक्षित था, यह सॉलिटोन कई हजारों आयान प्लाज़्मा घूर्णन अवधि के लिए संतुलित रूप से प्रसारित होता है। हालांकि, बाद में यह देखा गया अनुप्रस्थ उतार-चढ़ाव विकसित होता है, जो समय के साथ बढ़ते हैं।

लेज़र चालित क्लस्टर नैनो-प्लाज़्मा में से असममित इलेक्ट्रॉन बादल: एक फेम्टो-सेकंड स्पंदित जिसका तरंगदैर्ध्य क्लस्टर आकार की तुलना में बड़े हैं, इस्तेमाल करके एक नैनो-क्लस्टर को आयनित किया जाता है जो आयन बादल के साथ में दोलन करता है। प्रयोगों में, एक रैखिक रूप से ध्रुवीकृत पंप पल्स द्विध्रुवीय सेट करता है और एक निश्चित समय के बाद आने वाली जांच पल्स का ध्रुवीकरण करता है जिसको बदला जाता है, और मापे गये अवशोषण में अंतर पर्मिटिविटि के विषमता और अण्डाकारता का सीधा माप देता है। हम पूरी तरह से सापेक्ष द्वि-आयामी इलेक्ट्रो-मैग्नेटिक पार्टिकल-इन-सेल सिमुलेशन करते हैं और हमारे परिणाम बताते हैं कि ऑर्थोगोनली पोलराइज्ड पंप-प्रोब पल्सों रेखिक प्लाज़्मा रेजोनेंस के शिखर पर समानांतर मामले की तुलना में लगभग 18% कम अवशोषित करते हैं जो टीआईएफआर में प्रयोगों को समर्थन करते हैं।

सापेक्षकीय स्व-केन्द्रित स्व-संचालित (सेल्फ-गाइडिंग) लेज़र पल्स: प्लाज़्मा में लेज़र पल्स का प्रसार उसकी महत्वपूर्ण ऊर्जा P_c द्वारा निर्धारित किया जाता है। जब लेज़र पल्स की ऊर्जा इस सीमा P_c से अधिक हो जाती है, तो यह इलेक्ट्रॉन को अपने पथ में निष्कासित कर देता है। जिससे इलेक्ट्रॉन घनत्व में (मॉड्यूलेशन) उतार-चढ़ाव होता है। बदले में इलेक्ट्रॉन घनत्व मॉड्यूलेशन प्लाज़्मा के अपवर्तक सूचकांक को इस तरह से बदल देता है कि सापेक्ष स्व-केन्द्रित और स्व-संचालन संभव हो जाता है। बहुत बार लेज़र और प्लाज़्मा घनत्व के लिए इस मापदंड को लेज़र वेकफील्ड त्वरण के माध्यम से मोनोएनेरजेनिक इलेक्ट्रॉन बीम के लिए अनदेखा किया जाता है। हालांकि, हाल के प्रयोगों ने, $3TW$ पल्स (a_0=1) और उच्च घनत्व, $5.8x10^{19}cm^{-3}$ प्लाज़्मा का उपयोग करक मोनोएनरजेटिक, 35MeV इलेक्ट्रॉन गुच्छे के उत्पादन का प्रदर्शन किया है। आश्चर्यजनक रूप से संकीर्ण ऊर्जा इलेक्ट्रॉन गुच्छा के उत्पादन के लिए जिम्मेदार विभिन्न भौतिक तंत्रों (विशेष रूप से प्रत्यक्ष लेज़र त्वरण) की भूमिका को समझने के लिए इस प्राचल क्षेत्र में OSIRIS PIC अनुकरण किए गए हैं।

लेज़र जनित प्लाज़्मा प्लूम का अनुकूल MHD सिमुलेशन: तीन आयामी अनुकूल मैग्नेटोहाइड्रोडायनामिक्स समीकरणों का उपयोग कर बाहरी चुंबकीय क्षेत्र (0.13T) के लंबवत दिशा में बहने वाले स्पंदित लेज़र उत्पन्न प्लाज़्मा प्लूम के अनुकरण संख्यात्मक विकास का अध्ययन करने के लिए किया गया है। प्रयोगों में देखा गया है कि एक जेट बीम में कैविटी के गठन और कैविटी के पतन जैसी सकल विशेषताएं सिमुलेशन में अच्छी तरह से पुनः प्रस्तुत की जाती हैं। अनुकरण से पता चलता है कि शुरू में जब प्लाज़्मा का डायनामिक बीटा अधिक होता है, तो प्लाज़्मा का विस्तार अप्रभावित रहता है और चुंबकीय क्षेत्र को प्रवाह के साथ बदल दिया जाता है। प्लाज़्मा के फैलाव से, प्लाज़्मा प्लूम की सीमा पर बाहरी चुंबकीय क्षेत्र लाइनों का संपीड़न और बंकन होता है। प्लाज़्मा प्लूम की सीमा पर बढ़ता चुंबकीय दबाव, प्लूम के फैलाव को धीमा कर देता है और प्रवाह में एक विपरीत झटका देता है। यह झटके वाले प्लाज़्मा के खोल से घिरा हुआ कैविटी बनाता है। रेडियल फैलाव तब रुक जाता है जब प्लाज़्मा दबाव और चुंबकीय दबाव तुलनीय हो जाता है। अंत में, कैविटी एक जैट प्रवाह की तरह ढह जाती है।

--!!--

अध्याय B

इटर-भारत की गतिविधियाँ

पिछली रिपोर्ट के बाद से इटर-भारत ने भारत के उन 9 पैकेजों के विकास और सुपुर्दगी में महत्वपूर्ण प्रगति की है जो इटर संगठन के लिए भारत की प्रतिबद्धता का एक हिस्सा हैं। इनमें क्रायोस्टैट, जल शीतलन प्रणाली, भीतरी-दीवार की शील्ड, क्रायोलाइन्स और क्रायोवितरण बॉक्स, आयन साइक्लोट्रॉन तापन (आईसीआरएच) पैकेज के लिए 9+1(अतिरिक्त) आरएफ स्रोत, इलेक्ट्रॉन साइक्लोट्रॉन तापन (ईसीआरएच) पैकेज के लिए 2 जायरोट्रॉन और संबंधित असेंबली, डायग्नोस्टिक न्यूट्रल बीम (डीएनबी) लाइन, आईसीआरएच,ईसीआरएच और डीएनबी से संबंधित शक्ति आपूर्ति और डायग्नोस्टिक्स का कुछ हिस्सा शामिल हैं।

इसके समानांतर में इटर साइट पर निर्माण और कमीशनिंग गतिविधियाँ तेजी से आगे बढ़ रही हैं। वर्तमान में कई ठेकेदार सिविल कार्यों, पाइपिंग नेटवर्क और प्लांट-सिस्टम का कार्य पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। टोकामॅक परिसर के अंदर गतिविधियाँ शुरू हो गई हैं। पाइपिंग, उपकरण और अन्य प्रणालियों/घटकों की स्थापना शुरू हो गई है। क्रायोस्टेट बेस सेक्शन की स्थापना मई, 2020 के मध्य तक करने की योजना है। इटर परिषद ने परियोजना के कार्यों की समीक्षा करने के लिए नवंबर 2019 में बैठक आयोजित की। जनवरी 2020 के अंत तक 68.7% पदार्थ संबंधी प्रगति सूचित की गई जो पहले प्लाज़्मा के लिए आवश्यक गतिविधियों को पूरा करने से संबंधित है। पूरी परियोजना के लिए प्रगति 54.5% है। भारतीय इन-काइंड सुपुर्दगी के लिए प्राप्त क्रेडिट अब 95361 IUA है।

इटर-भारत द्वारा आईओ(इटर संठगन) को सुपुर्दगियाँ सुनिश्चित करने और विभिन्न पैकेजों से संबंधित प्रगति की संक्षिप्त जानकारी निम्नलिखित खंडों में दी गई हैं:

B 1. क्रायोस्टेट

इटर संगठन की कार्यसूची के अनुरूप 29.3 मीटर लंबे और 28.6 मीटर चौड़े 4000 टन के क्रायोस्टेट से संबंधित प्रगति को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं। क्रायोस्टेट असेंबली में बेस सेक्शन, लोअर सिलिंडर, अपर सिलिंडर और एक टॉप लिड होता है। इस खंड में से प्रत्येक कई सेक्टरों की एक असेंबली है। भारत में इसका विनिर्माण और उसके बाद इटर संगठन में ट्रांसपोर्ट को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव को चुना गया है। क्रायोस्टेट के बेस सेक्शन और लोअर सिलेंडर को पूरा करना और जुलाई 2019 में इटर संगठन को इसे सौंपना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी।

भारत की ओर से इस महत्वपूर्ण आयोजन का प्रतिनिधित्व परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अनिल काकोडकर के नेतृत्व में किया गया। डॉ. काकोडकर के अलावा इटर संगठन के महानिदेशक डॉ. बर्नार्ड बिगोट ने इस समारोह को संबोधित किया। फ्रांस में भारतीय राजदूत श्री विजय मोहन क्वात्रा और इटर संगठन तथा इटर भारत के कई सहयोगियों ने इसमें भाग लिया। अब बेस सेक्शन को टोकामॅक

चित्र B.1 जुलाई 2019 में इटर में क्रायोस्टेट बेस सेक्शन का सुपुर्दगी समारोह। डॉ. अनिल काकोडकर सभा को संबोधित करते हुए

चित्र B.2 भारत के हज़िरा में पूरा होने वाले शीर्ष ढक्कन के हिस्सों का विनिर्माण

पिट में स्थापित करने से पहले असेंबली हॉल में ले जाया गया है। इसके अलावा, पिछले वर्षों में किए गए कार्यों को जारी रखते हुए इस वर्ष के दौरान एलएंडटी में निर्मित अपर सिलेंडर से संबंधित सेक्टरों को अंतिम संयोजन और स्वीकृति परीक्षणों के लिए इटर संगठन की साइट पर स्थित क्रायोस्टेट कार्यशाला में भेजा गया और आईओ को सुपुर्द किया गया। शीर्ष ढक्कन का निर्माण एलएंडटी में पूरा होने वाला है। इस वर्ष की गतिविधियों ने क्रायोस्टैट पैकेज का 80% कार्य, वांछित गुणवत्ता और मानकों के साथ पूरा करना सुनिश्चित किया है।

B.2 शीतलन जल प्रणाली

इटर की शीतलन जल प्रणाली में कई बंद हीट ट्रांसफर लूप के साथ एक खुला-लूप हीट रिजेक्शन सिस्टम (एचआरएस) सम्मिलित हैं। प्रचालन के दौरान उत्पन्न गर्मी को टोकामेंक शीतलन जल प्रणाली (टीसीडब्ल्यूएस) के माध्यम से मध्यवर्ती घटक शीतलन जल प्रणाली (सीसीडब्ल्यूएस), और एचआरएस में स्थानांतरित किया जाता है, जो अंत में वातावरण में गर्मी को फेंकती है। शीतलित जल प्रणाली (सीएचडब्ल्यूएस) एचवीएसी प्रणालियों और कुछ घटकों को शीतलित जल प्रदान करती है। सीसीडब्ल्यूएस, जो 5700 kg/s प्रति लूप की प्रवाह दर के साथ 1000 मेगावाट ऊर्जा को नियंत्रित करने में सक्षम है, सीएचडब्ल्यूएस और 500 मेगावाट को नियंत्रित करने में सक्षम एचआरएस, भारत के कार्य-क्षेत्र में हैं। इन प्रणालियों की कुल पाइपिंग की लंबाई 18 किलोमीटर है जिसका कुल वज़न 1100 टन है। इस वर्ष के दौरान प्रतिबद्धता के साथ उत्कृष्ट प्रगति करते हुए 95% कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया है। इटर साइट पर की गई सुपुर्दगियों में सहायक उपकरणों के साथ चार मॉड्यूल में ई-हाउस (22m L x 8m W x 4 m H) , प्लेट टाइप के 9 हीट एक्सचेंजर जिसमें प्रत्येक की क्षमता 70 मेगावाट है, 18 और 7 की संख्या में क्रमशः धात्विक और अधात्विक बैलोज, 6 एयर रिलिज सह वैक्यूम ब्रेकर वाल्व, 6 स्ट्रेनर

चित्र B.3 बेस सेक्शन क्रायोस्टैट वर्कशॉप से असेंबली हॉल बिल्डिंग में स्थानांतरित किया गया। टोकमॅक पिट में इसका संस्थापन और वेल्डिंग गतिविधियाँ जल्द ही शुरू की जाएगी।



चित्र B.4 इटर-भारत द्वारा चिलर और पॉलिशिंग युनिट, CWS कूलिंग टॉवर, ई-हाउस इटर साइट पर भेजे गये और इनका संस्थापन किया जा रहा है

और 4 जल की चालकता और पानी में घुलित ऑक्सीजन की मात्रा को नियंत्रित करने के लिए 4 वाटर पॉलिशिंग यूनिट शामिल हैं। इन सुपुर्दगियों में 21 हीट एक्सचेंजर्स, 24 क्षैतिज और 12 ऊर्ध्वाधर पंप, 4 में से दो रासायनिक डोजिंग प्रणाली, इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन और कंट्रोल यूनिट एवं विभिन्न व्यास के पाइपिंग स्पूल शामिल हैं। इटर भारत की सहायता से इटर संगठन के उत्तरदायित्व के अंतर्गत साइट संस्थापन गतिविधियाँ जारी हैं।

B.3 निर्वात पात्र भीतरी दीवार परिरक्षण

इटर टोकामॅक की भीतरी दीवार के परिरक्षण में बोरेटेड और फेरिटिक स्टेनलेस स्टील प्लेट से बने मॉड्यूलर ब्लॉक का इस्तेमाल होगा, जिससे पात्र संरचना की दोहरी दीवारों के बीच की जगह को भरा जाएगा। इन निवेशनों का मुख्य कार्य न्यूट्रॉन परिरक्षण प्रदान करना और टोरॉइडल क्षेत्र के रिपल को कम करना है। जल प्रवाह चैनल, सामग्री को वांछित

चित्र B.5 कोरियाई घरेलू एजेंसी में वेसल सेक्शन में आईडब्ल्यूएस ब्लॉकों का संस्थापन



चित्र B.7 IWS ब्लॉक विनिर्माण पूर्ण करने हेतु रोज़ आरेख।(हरा - पूर्ण)

चित्र B.6 विनिर्मित ब्लॉक असेंबली

शीतलन प्रदान करते हैं। चूंकि आईओ को वेसल सेक्टरों की आपूर्ति करने का दायित्व कोरिया और यूरोपीय संघ की राष्ट्रीय एजेंसियों के बीच विभाजित है, इसलिए निर्मित किये गये आईडब्ल्यूएस ब्लॉकों की सुपुर्दगी का कार्य का दायरा उनके अंतर्गत है। पिछले वर्षों में किए गए कार्यों की निरंतरता में, इस वर्ष हुई प्रगति ने इस पैकेज के तहत कुल सुपुर्दगियों का 90% विनिर्माण और शिपिंग सुनिश्चित किया है, जिसमें 9 सेक्टर घटकों में से 4 को पूरा करना शामिल है। 9 सेक्टरों में से 8.5 का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और 8 सेक्टरों को भेजा जा चुका है। कोरिया को सभी घटकों की सुपुर्दगी की जा चुकी हैं और सुपुर्द किए गए ब्लॉकों का एक हिस्सा वैक्यूम वेसल सेक्टर में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। यूरोपीय स्वदेशी एजेंसी के दायित्व के अंतर्गत 5 वेसल सेक्टरों में से 4.5 के लिए ब्लॉकों का अधिकांश हिस्सा भी पूरा हो चुका हैं।

B.4 क्रायोलाइन और क्रायो-वितरण प्रणाली

इटर मशीन के चुंबको ं को 4 K (-269 ^{0}C) पर सुपरक्रिटिकल हीलियम से ठंडा करने की आवश्यकता होती है, ताकि वांछित चुंबकीय क्षेत्र, 5T पर प्रचालन को सक्षम किया जा सके, जो प्लाज़्मा के परिरोधन और स्थिरीकरण के लिए आवश्यक है। वे क्रायोस्टैट और 80 K पर हीलियम के एक प्रणोदित प्रवाह के साथ एक सक्रिय रूप से शीतलित ऊष्मीय शील्ड से घिरे हुए हैं। इटर क्रायोप्लांट आवश्यक शीतलन शक्ति का उत्पादन करता है, और क्रायोलाइन एवं कोल्ड बॉक्स के एक जटिल प्रणाली के माध्यम से वितरित करता है जो क्रायो-वितरण प्रणाली हैं। भारतीय के आपूर्ति के दायरे में 5.75 km की क्रायोलाइनें (4K, 50 K और 80 K), 5.5 km की वार्म लाइनें (सामान्य तापमान) और 7 क्रायोजेनिक वितरण बॉक्स शामिल हैं। इस पैकेज पर कार्य में प्रगति होने से सफलतापूर्वक वितरण किया गया और प्रारंभिक वितरण क्रायोलाइन से संबंधित पीए(प्रोक्यूरमेंट अरेंजमेंट) बंद कर दिया गया है (PA 3.4.P2.IN.01)। इसके अलावा सभी क्रायोलाइन और वार्मलाइनों की फाइनल डिज़ाइन समीक्षा पूरी हो गई है। ग्रूप X (एक क्रायोलाइन में 3 से 7 मल्टी-प्रोसेस पाइप से युक्त) और ग्रूप Y (एक क्रायोलाइन में 3 मल्टी प्रोसेस पाइप तक) में क्रायालाइन के कई लॉट विनिर्माण के अधीन हैं और उनमें से कई आईओ को सौंप दिये गये हैं। क्रायोलाइन के पहले बैच की स्थापना टोकामक बिल्डिंग (बी 11) बेसमेंट -2 (बी 2) लेवल में की जा रही है, जो कि इटर टोकामॅक भवन के अंदर की जानी वाली पहली प्रणाली की स्थापना है। इसके अलावा, क्रायोप्लांट

चित्र B.8 इटर साइट पर वार्म लाइन और क्रयोलाइन का संस्थापन

बिल्डिंग (B51, B52 , एवं क्षेत्र 53) में इंटरफेस के कनेक्शन के बिना क्रायोलाइन्स (ग्रुप-Y) और वार्मलाइन का संस्थापन पूरा हो गया है। क्रायोप्लांट टर्मिनेशन कोल्ड बॉक्स (सीटीबीसी) इटर साइट पर पहुंचा दिया गया है और यह क्रायोप्लांट बिल्डिंग B52 में स्थित है। शीत संचारकों ने कारखाना स्वीकृति परीक्षणों को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है और आगे के एकीकरण के लिए आईओ को सुपुर्द किया गया है।

B.5 डायग्नॉस्टिक न्यूट्रल बीम

इटर में डायग्नोस्टिक न्यूट्रल बीम का उपयोग ऑपरेशन के डीटी चरण के दौरान चार्ज एक्सचेंज रीकंबिनेशन स्पेक्ट्रोस्कोपी का उपयोग करके प्लाज़्मा में हीलियम की राख की मात्रा का निदान करना है। डायवर्जन <7 mrad के साथ 100 keV~ 20A H^0 बीम देना डायग्नोस्टिक न्यूट्रल बीम लाइन का मुख्य कार्य है । इंजेक्टर एक 8 ड्राइवर आधारित आरएफ ऋणात्मक आयन स्रोत का उपयोग करता है जिसे 100 keV 60 A H- बीम का उत्पादन करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जो 100 keV Ho बीम मे परिवर्तित होता है। यह निष्क्रिय गैस सेल मे विद्यमान ऊर्जा का 60% होता है। इटर प्लाज़्मा के लिए 21 मीटर की दूरी पर परिवहन के दौरान बीम अंतर्निहित विचलन और पुन: आयनीकरण के कारण सीधे अवरोधन की वजह से और ह्रास से गुज़रती है, क्योंकि ~ 20%, अनुमानित दबाव प्रोफ़ाइल के लिए बैक ग्राउंड गैस परमाणुओं के साथ इसकी अंतर्क्रिया होती है यह मानकर की सक्रिय (गैस स्रोत में आयन फीड, न्यूट्रलाइज़र और टोकामॅक से गैस) और असक्रिय (गैस ट्रांसपोर्टेशन के कारण बीम इंटरएक्शन के कारण गैस डिसॉर्पशन) गैस पर ध्यान रखते हुए बीम लाइन में गैस का स्रोत 106 l/s की पंपिंग गति के साथ क्रायोपम्प का उपयोग करके पंप किया गया है ।

वर्ष के दौरान बीम स्रोत (बीएस) और बीम लाइन घटकों (बीएलसी) के निर्माण में पर्याप्त प्रगति इस पैके की सफल गतिविधियों में सम्मिलित है। यह ध्यान देने योग्य है कि इस वर्ष सामान्य तापमान से लेकर 150^{o}C तक के तापमान पर कॉपर इलेक्ट्रोनिक्षेपित परतों के लक्षण वर्णन और उच्च तापमान (150^{o}C) एवं उच्च दाब (25 bar) पर इलेक्ट्रोनिक्षेपित घटकों पर गर्म हीलियम रिसाव परीक्षण (एचएचएलटी) के सफल क्रियान्वयन के संदर्भ में यह इस तरह की पहली गतिविधियाँ हैं। इसने सक्रिय रूप से ठंडे/गरम इलेक्ट्रोडनिक्षेपित घटकों के लिए बहुत आवश्यक डेटाबेस प्रदान किया है जो अक्सर फ्यूज़न मशीनों में उपयोग किए जाने वाले घटकों पर व्यापक रूप में उपयोग होता हैं। एचएचएलटी को चार में से तीन प्लाज़्मा ग्रिड सेगमेंट पर पर सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया गया और एक्सट्रैक्टर के बायस प्लेट सेगमेंट एवं एक्सलरेटर सिस्टम को बीम स्रोत से युग्मित किया है। इसके अलावा एक्सट्रैक्टर ग्रिड के 4 कोणों वाले खंडों का निर्माण पूरा हो चुका है। एक अन्य महत्वपूर्ण पहला स्वदेशी विकास किया है जो दूर से संचालित लिप सील लेज़र वेल्डिंग से संबंधित है, जो इटर के बड़े वैक्यूम वेसल के लिए उच्च वैक्यूम लिप सील्स के लिए महत्वपूर्ण इनपुट प्रदान करता है।



चित्र B.9 प्लाज़्मा ग्रिड के 3 विद्युत-जमाव वाले खंडों और बायस प्लेटेड 5 खंडों के लिए गर्म हीलियम रिसाव का सफल परीक्षण

चित्र B.10 एक नए प्रकार का वाइड-बैंड हाइब्रिड मेगावट स्तर का निरंतर तरंग रेडियो आवृत्ति संयोजक/ स्प्लिटर

संलयन प्रौद्योगिकी विकास गतिविधियों के अन्य क्षेत्रों में और डीएनबी घटकों के लिए उपयुक्त गतिविधियों में इलेक्ट्रॉन बीम वेल्डिंग द्वारा CuOF सामग्री पर अधिक मोटाई (> 25 mm) वाले पूर्ण पेनीट्रेशन वेल्ड का उत्पादन और क्लैडिंग प्रौद्योगिकियों जैसे एक्सप्लोसिव बॉन्डिंग के लिए विकास सिद्धांत का प्रमाण (टीबीआरएल के सहयोग से) एवं कॉपर/कॉपर मिश्र धातु पर मोटी (~ 1 mm) मोलिब्डेनम लगाने के लिए लेज़र योज्य निर्माण (आरआरकैट के सहयोग से) शामिल है।

B.6 आयन साइक्लोट्रॉन अनुनाद आवृत्ति तापन स्रोत

अभिजीत सेन ने "आदित्य-30: अ लुक बैक एंड सम थॉट्स ऑन द फ्यूचर" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

पी.आई.जॉन ने "आदित्य: द बिगनिंग्स" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।
वाय.सी.सक्सेना ने "आदित्य-कमिशनिंग, ऑपरेशन्स एंड रिजल्ट" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

आर.श्रीनिवासन ने चआदित्य अपग्रेडेशन विथ डायवर्टर कॉन्फिगरेशनछ पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

जॉयदीप घोष ने "आदित्य अपग्रेड टोकामॅक" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

प्रबल के चट्टोपाध्याय ने "आरएफ एक्सपरिमेंट इन आदित्य एंड आदित्य-यू" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

बालकृष्णन वी नायर ने "ओवरव्यू ऑफ पल्स्ड पावर सिस्टम्स (एप्स) फॉर आदित्य/आदित्य-यू टोकामॅक" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

एस.बी.भट्ट ने "वैक्यूम सिस्टम आदित्य/आदित्य टोकामॅक-अपग्रेड" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

भरत दोशी ने "आदित्य/आदित्य-यू सपोर्ट स्ट्रक्चर एंड मैक्हैनिक्स" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

हर्षद डी पुजारा ने "आदित्य डाटा एक्वीसिशन एंड इलेक्ट्रॉनिक्स" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

के. सत्यनारायण ने "आदित्य-इलेक्ट्रिकल सबसिस्टम्स" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

बृज किशोर शुक्ला ने "प्री-आयनाइज़ेशन एंड स्टार्ट-अप सिस्टम्स (28GHz & 42GHz ECRH) इन आदित्य एंड आदित्य-यू टोकामॅक" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

एस.वी.कुलकर्णी ने "एक्सपरिमेंट्स ऑन टोकामॅक आदित्य यूज़िंग इण्डिजिनियसली डेवलप्ड 20-40 MHz, 1 MW आईसीआरएच

सिस्टम" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

प्रमोद के. शर्मा ने "लोअर हाइब्रिड करंट ड्राइव सिस्टम ऑन आदित्य" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

इन्द्रनील बंद्योपाध्याय ने "आदित्य मॉडलिंग स्टडिज़ यूज़िंग टीएससी" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

निर्मल बिसाई ने "इंप्योरिटी गैस इंजेक्शन स्टडीज" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

सी.वी.श्रीनिवास राव ने "आदित्य डायग्नॉस्टिक्स प्रोगेस" पर आमंत्रित व्याख्यान दिया।

E 5. आईपीआर में प्रतिष्ठित आगंतुकों द्वारा दिये गये व्याख्यान

डॉ. पी एन माया, यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रेफ़्स्वल्ड, जर्मनी ने 30 अप्रैल 2019 को "रोल ऑफ फ्यूज़न-प्लाज़्मा सर्फ़ेस इन्टरैक्शनस इन टोकामॅकः रिसेंट रिज़ल्टस एंड इमर्जिंग एरीयास" पर व्याख्यान दिया।

श्री प्रवीण कुमार तिवारी, डिपार्टमेंट ऑफ फिज़िक्स, यूनिवर्सिटी ऑफ इलाहाबाद, ने 1 मई 2019 को "एलीमेंटल एनालिसिस युसिंग स्पेक्ट्रल एमिशन फ्रम लेज़र प्रोड्यूस्ड प्लाज़्मा" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. अर्कप्रवा दास, इंटर-यूनिवर्सिटी एक्सलरेटर सेंटर, न्यू दिल्ली, ने 2 मई 2019 को "फेस ट्रांसफ़ोरमेशन स्टडीस फॉर CdO बेस्ड थिन फिल्म्स एंड नैनो-कोम्पोज़िट्स" पर व्याख्यान दिया।

श्री योगेश शर्मा, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी, वाराणसी ने 10 मई 2019 को "स्टडीस ऑन डिस्पर्शन कैरैक्टेरिस्टिक्स ऑफ इलेक्ट्रोमेग्नेटिक वेव्स इन मैग्नेटाइज्ड वन डाइमेन्शनल फ़ेर्राइट फोटोनिक क्रिस्टल्स" पर व्याख्यान दिया।
डॉ. सुनीता नेगी, अमिटी स्कूल ऑफ अप्लाइड साइन्सेज, हरियाणा, ने 20 मई 2019 को "एप्लीकेशन ऑफ कार्बन नैनोटूब्स इन कोंबिनेशन विथ प्रोटिन्स फॉर नेनो-डेलीवरी सिस्टम्स" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. जानकी शाह, सरदार वल्लभभाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी, सूरत, ने 7 जून 2019 को "मोर्फोलोजिकल एंड थर्मोफ़िज़िकल प्रॉपर्टीस ऑफ मेटल-ऑक्साइड नैनोफ़्लूइड्स" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. रुद्रोदीप मजूमदार, आईआईटी बॉम्बे, ने 17 जून 2019 को "मॉडलिंग ऑफ फ्लो पैटर्न्स ऑफ इंप्यूरिटी पर्टिकुलेट्स फॉलोइंग अ डिस्रप्शन इन द फ्यूज़न रिऐक्टर चेम्बर" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. ललिता, डिपार्टमेंट ऑफ फ़िज़िक्स, आईआईटी दिल्ली, ने 28 जून 2019 को "सेल्फ-फोकसिंग एंड फ्रिक्वेन्सी शिफ्ट ऑफ सुपर--गौस्सियन लेसर बीम इन अ प्लाज़्मा" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. पी जे भूयन, सीपीपी-आईपीआर, असम, ने 3 जुलाई 2019 को "NDOT-1D: अ MATLAB कोड फॉर प्रिपरेशन एंड एक्सिक्युशन ऑफ मोंटे कार्लो ट्रांसपोर्ट कोड इनपुट फाइल्स फॉर 1-D रेडियल मॉडल ऑफ फ्यूज़न रिएक्टर्स" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. बॉबी जोसेफ, एलेट्रा सिंक्रोट्रोन रेडिएशन फैसिलिटी, इटली, ने 9 जुलाई 2019 को "प्रेशर ट्यूनिंग ऑफ मेटीरियल प्रोपर्टीसः सेलेक्टेड एक्साम्पल्स फ्रम द हाइ प्रेशर पाउडर डिफ्रैक्शन बीमलाइन "एक्सप्रेस" एट एलेट्रा सिंक्रोट्रोन रेडिएशन फेसिलिटी, त्रिसटी" पर व्याख्यान दिया।

प्रो अविनाश खरे, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ सिक्किम, ने 10 जुलाई 2019 को "थर्मोडाइनामिक्स एंड सिमुलेशन्स ऑफ ग्रविटेटिंग सिस्टम्स" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. अर्कप्रवा बॉक्शी, यूनिवर्सिटी ऑफ यॉर्क, यूके, ने 25 जुलाई 2019 को "टूवर्ड्स अण्डरस्टैंडिंग द ओरिजिंस ऑफ स्माल ELMs एंड रोटेशन रिवर्सल्स इन टोकामॅक प्लाज़्मास" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. अंकिता गौर, M.L.V. टेक्स्टाइल एंड इंजीनियरिंग कॉलेज, भीलवारा, राजस्थान, ने 29 जुलाई 2019 को "स्टडीस ऑन मल्टी-मोड एर्बियम डोप्ड फाइबर एम्प्लिफायर्स" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. प्राची बी ऑरपे, निरमा यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद, ने 2 अगस्त 2019 को "द स्टडी ऑफ मैग्नेटिक नैनोस्ट्रक्चर्स इन रिलेशन टु इट्स अटॉमिक ऑरडरिंग एंड ओक्सीडेशन स्टेट" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. डेबराज मण्डल, ऐक्स-मर्सेल्ले यूनिवर्सिटी, PIIM लेबोरेटरी, मर्सेल्ले, फ्रांस, ने 9 अगस्त 2019 को "क्रॉस-फील्ड कियोटिक ट्रांसपोर्ट ऑफ एलेक्ट्रोन्स भै E u B एलेक्ट्रोन ड्रिफ्ट इंस्टबिलिटी हाल थ्रस्टर" पर व्याख्यान दिया ।

डॉ. दीपक भौमिक, वीईसीसी, कोलकत्ता, ने 12 सितंबर 2019 को "सरफेस एंड इंटरफेस मोडिफ़िकेशन बाय लो एनर्जी आयन बीम्स" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. ओमकांत झा, I.Sc., बीएचयू., वाराणसी, ने 16 सितंबर 2019 को "स्ट्रक्चरल एंड वाइबरेशनल इंवेस्टिगेशन्स ऑफ सम न्यूरो ट्रांसमीटर मोलिक्युल्स" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. शांतनु बनर्जी, डिपार्टमेंट ऑफ फ़िज़िक्स, विलियम एंड मेरी, विल्लियमस्बर्ग, यूएसए, ने 25 सितंबर 2019 को "इफैक्ट ऑफ ईसीआरएच ऑन ईएलएम डाइनामिक्स एंड पेडेस्टल बिहेवियर इन DIII-D" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. सैकत घोष, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी, कानपुर, ने 27 सितंबर 2019 को "नॉनलिनियर डायनामिक्स ऑफ ऑटोमिकली थिन ग्रेफेन ओसिल्लेटर्स" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. सुबीर बिस्वास, इंस्टीट्यूट ऑफ एडवान्स्ड स्टडी इन साइन्स एंड टेक्नालजी, गुवाहाटी, असम, ने 24 अक्टूबर 2019 को "स्पेक्ट्रोस्कोपिक मेज़रमेंट्स ऑफ इलैक्ट्रिक एंड मेगनेटिक फील्ड डिस्ट्रीब्यूशन इन ए रेलेटीवीस्टिक सेल्फ-मगनेटिक-पिंच डायोड" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. प्रोमित मोइत्र, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइन्स एजुकेशन एंड रिसर्च (IISER), मोहाली, ने 25 अक्टूबर 2019 को "डायनामिक्स ऑन स्पेशियली एक्स्टेंडेड सिस्टम्स पर व्याख्यान दिया।

डॉ. पर्णिका दास, वेरियबल एनर्जी साईक्लोट्रोन सेंटर, कोलकता, ने 30 अक्टूबर 2019 को प्रेसीशन मास मेज़रमेंट यूसिंग पेन्निग आयन ट्रॅप एट वीईसीसी पर व्याख्यान दिया।

प्रो. विनोद कृष्णन, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, बैंगलोर, ने 13 नवम्बर 2019 को "थ्री फ्लुइड एफ़ेक्ट्स इन मैग्नेटिक फील्ड जनरेशन" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. गायत्री धामले, बीएआरसी, मुंबई, एंड पुणे यूनिवर्सिटी, पुणे, ने 15 नवम्बर 2019 को "थर्मल प्लाज़्मा सिन्थिसिस ऑफ नैनोपार्टिक्ल्स: सिमुलशन एंड एक्सपेरिमेंटल बेस्ड स्टडी" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. बसंता कुमार परिदा, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी, रोपर, पंजाब, ने 10 दिसम्बर 2019 को "लो एनर्जी आयन बीम नैनो पैटर्निग ऑफ CoxSi1-x सरफेसेज़" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. श्रीनिवास राव बुक्कुरु, आंध्रा यूनिवर्सिटी, विशाखपट्नम, ने 13 दिसम्बर 2019 को "मॉलिक्युलर ड्यनामिक्स स्टडी ऑफ डिफ़ेक्ट ड्फियूशनछ पर व्याख्यान दिया।

डॉ. फाल्गुनी जी भभोर, नवजीवन साइन्स कॉलेज, दाहोद, गुजरात, ने 16 दिसम्बर 2019 को "सिन्थिसिस, करेक्टरइज़ेशन एंड बायोलोजिकल इवैलुएशन ऑफ सम नाइट्रोजन बेज्ड हेटीरासाइक्लिक कॉम्पाउंड्स" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. क्रिसचन होप्फ़, मैक्स प्लांक इंस्टीट्यूट फॉर प्लाज़्मा फिज़िक्स, जर्मनी, ने 10 जनवरी 2020 को "टूवड्र्स स्टडी-स्टेट टोकामॅक ऑपरेशन: रिसेंट करंट ड्राइव एक्सपेरिमंट्स ऑन ASDEX अपग्रेड एंड चैलिन्जेस फॉर न्यूट्रल बीम करंट ड्राइव ऑन डेमो एंड बीयॉण्ड" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. नागेश्वरा राव एपूरु, फिज़िकल रिसर्च लैबोरेटरी, अहमदाबाद, ने 10 जनवरी 2020 को "लेसर इंड्यूस्ड प्लाज़्मा स्पेक्ट्रोस्कोपिक स्टडीज़ ऑफ नाइट्रोजोल्स, ब्रास एंड रॉक्स" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. परमिता पात्रा, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी (IIT), खरगपुर, ने 21 जनवरी 2020 को चअसेस्मेंट ऑफ थर्मल स्पाइक मॉडल वाया स्विफ्ट हैवि आयन मिक्सिंग" पर व्याख्यान दिया।

सुश्री सोनाक्षी सचदेव, चेन्नई मैथेमैटिकल इंस्टीट्यूट, तमिलनाडु, ने 29 जनवरी 2020 को "कन्जरवेटिव रेगुलराइज़ेशन ऑफ आइडियल फ्लुइड्स एंड प्लाज़्माज़" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. दीपा वर्मा, एलएसपीएम-सीएनआरएस, फ्रांस, ने 31 जनवरी 2020 को "टेरा हर्टज् जेनरेशन फ्रम ए कल्लेक्टिव प्लाज़्मा ड्यनामिक्स इन ए थिन सेमीकंडक्टर गैप" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. अरूप सरकार, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइन्स एजुकेशन एंड रिसर्च (IISER), बेरहामपुर, ने 11 फ़रवरी 2020 को "सरफेस प्रोपर्टिस ऑफ अल्ट्राथीन फिल्म्स" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. अभिजीत बोरुआ, इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी इन साइन्स एंड टेक्नॉलोजी, गुवाहाटी, असम, ने 20 फ़रवरी 2020 को "वेव एक्सपेरीमेंट्स इन स्ट्रॉन्गली कपल्ड डस्टी प्लाज़्मा" पर व्याख्यान दिया।

डॉ. पल्लबी पाठक, इंस्टीट्यूट ऑफ एडवान्स्ड स्टडी इन साइन्स एंड टेक्नॉलोजी, गुवाहाटी, असम, ने 26 फ़रवरी 2020 को "आयन अकॉस्टिक रोग वेव्स" पर व्याख्यान दिया।

E.6 आईपीआर में प्रस्तुत वार्तालाप

डॉ. आर जेहदीस, आईजीकार, कलपक्कम, ने 11 जुलाई, 2019 को "साइन्टिफिक कम्प्यूटिंग इन्फ्रस्ट्रक्चर एंड रिलेटेड आर एंड डी एक्टिविटीस एट आईजीकार" विषय पर व्याख्यान दिया (वार्तालाप # 295)

डॉ. सुरोजित गुप्ता, युनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ डकोटा, नेदरलैंड, ने 12 जुलाई, 2019 को "हाइ परफॉर्मेंस नैनोलेमिनेट्स बेस्ड फंक्शनल मेटेरियल्स फॉर हाइ टेम्परेचर एंड मल्टीफंक्शनल एपलिकेशंस" विषय पर व्याख्यान दिया (वार्तालाप # 296)

प्रो. अमित रॉय, फॉरमर डाइरेक्टर, इंटर-यूनिवर्सिटी एक्सिलरेटर सेंटर, न्यू दिल्ली, ने 20 सितंबर, 2019 को "केन वन प्लान टू डू ग्रेट रिसर्च?" विषय पर व्याख्यान दिया (वार्तालाप # 297) प्रो. फ्रेडरिक्क जे राब, एसोशिएट डाइरेक्टर फॉर ऑब्ज़र्वेटरी ऑपरेशन्स, लीगो लैबोरेटरी, कैलिफॉर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी, कैलिफॉर्निया, ने 18 दिसंबर, 2019 को "दी ब्राइट फ़्यूचर ऑफ ग्रैविटेशनल-वेव एस्ट्रॉनॉमी" विषय पर व्याख्यान दिया (वार्तालाप # 298)

प्रो. कुशाल के शाह, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइन्स एजुकेशन एंड रिसर्च (IISER), भोपाल, ने 20 दिसंबर, 2019 को "केन इर्गोडिसिटी इंपीड स्टटिस्टिकल इकुइलिब्रेशन, एंड नॉन-इर्गोडिसिटी सपोर्ट इट?" विषय पर व्याख्यान दिया (वार्तालाप # 299)

डॉ. दीपांजन मित्रा, एनसीआरए-टीआईएफ़आर, पूणे, ने 21 जनवरी, 2020 को "रेलेटीवीस्टिक चार्ज सोलिटन्स कौस्ड ड्यू टु नॉनलिनीयर लैंडऊ डम्पिंग: एन एक्सिलन्ट कैंडिडेट फॉर एक्स्प्लेनिंग दी कोहेरेंट रेडियो एमिशन फ्रम पलसर्स" विषय पर व्याख्यान दिया (वार्तालाप # 300)

प्रो. बी के दत्ता, होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट, ने 5 फरवरी, 2020 को "मैक्हैनिकल प्रोपरटीस ऑफ ओएफ़ई कॉपर सबजेक्टेड टु इलेक्ट्रॉन इर्रेडिएशन" विषय पर व्याख्यान दिया (वार्तालाप # 301)

प्रो. ब्रूस टी सुरूतानी, पासदेना रिसर्च एसोशीएट्स, कैलिफोर्निया, यूएसए, ने 21 फरवरी, 2020 को "फ्रम दी सन: सोलर फ़्लेर्स, अरोरास, मैग्नेटिक स्ट्रोम्स एंड दी वान एलेन रेडिएशन बेल्ट्स: अ जनरल सम्मरी ऑफ स्पेस वेदर" विषय पर व्याख्यान दिया (वार्तालाप # 302)

E 7. आईपीआर द्वारा आयोजित वैज्ञानिक बैठकें

उच्च निष्पादन कम्प्यूटिंग पर प्रशिक्षण

आईपीआर ने हाल ही में एक 1 पेटाफ्लॉप हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग सिस्टम को सेटअप किया है जिसमें 236 कंप्यूट नोड्स, 22 कंप्यूट नोड्स जीपीयू सहित, 2 हाई मेमोरी नोड और 1 विज़ुअलाइज़ेशन नोड हैं। कंप्यूटेशन और सिमुलेशन अध्ययनों में शामिल आईपीआर के विभिन्न समूहों के उपयोगकर्ताओं के लाभ के लिए इस एचपीसी प्रणाली पर एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया था। उद्योग के विशेषज्ञों द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया था। कंप्यूटर प्रभाग के प्रमुख डॉ.आर. गणेश ने नये सिस्टम का संक्षिप्त विवरण दिया। आईपीआर के 50 से अधिक स्टाफ सदस्य और पीएच.डी. स्कॉलर्स ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।

उच्च आवृत्ति संरचना सिम्युलेटर (एचएफएसएस) पर संगोष्ठी

19 जुलाई, 2019 को आईपीआर में इलेक्ट्रोमैग्नेटिक सॉल्वर्स पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया था। अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, अहमदाबाद के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ.एस. शर्मा ने इस विषय से संबंधित तीन व्याख्यान दिये गये। उन्हें साधारण और एंटीना इंजीनियरिंग में विद्युत चुम्बकीय मॉडलिंग और माइक्रोवेव इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 34 साल का शैक्षणिक और विविध अनुसंधान एवं विकास का अनुभव है। अंतरिक्ष अनुसंधान में उनका प्रमुख योगदान, इसरो के उपग्रह संचार और रिमोट सेंसिंग प्रोग्राम के लिए जमीन आधारित, हवाई और अंतरिक्ष जनित एंटीना सिस्टम में था।

स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए प्लाज़्मा प्रौद्योगिकियाँ (पीटीएचएस-2019)

आईपीआर में 29 नवंबर 2019 को "स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए प्लाज़्मा प्रौद्योगिकियाँ (पीटीएचएस -2019)" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया था। विभिन्न स्वास्थ्य क्षेत्रों (अस्पतालों, अनुसंधान एवं विकास केंद्रों, शैक्षणिक संस्थानों और निजी उद्योगों और चिकित्सकों) से लगभग 120 प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. सुदीप गुप्ता (निदेशक ACTREC, TMC मुंबई), डॉ. श्रीकांत प्रसाद त्रिपाठी (निदेशक NIRT, नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च इन ट्यूबरक्लोसिस, चेन्नई), डॉ. शरत चंद्र (AIIMS, नई दिल्ली) इस समारोह के विशिष्ठ अतिथि थे। पीटीएचएस-2019 सेमिनार के आयोजन का उद्देश्य भारतीय समुदाय के चिकित्सकों, जैव प्रौद्योगिकी, जैव-शोधकर्ताओं और जैव-उद्योगों को प्लाज़्मा चिकित्सा के क्षेत्र में वर्तमान विकास और विशेष रूप से इस दिशा में प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर) के प्रयासों से परिचित कराना था। इस संगोष्ठी के संयोजक डॉ. मुकेश रंजन और सह-संयोजक श्री अक्षय वैद थे। पीटीएचएस-2019 में, प्रतिभागियों को एफसीआईपीटी केंद्र का भ्रमण कराया गया और प्लाज़्मा अनुप्रयोगों के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास कार्य की एक झलक दिखाई गई।

आईपीआर में आयोजित इटर-भारत उद्योग बैठक

इटर-भारत उद्योग की पहली बैठक 21 दिसंबर 2019 को आईपीआर में आयोजित की गई, जिसमें 25 उद्योगों के 40 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। श्री उज्ज्वल बरुआ ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और इटर संगठनों की प्रत्यक्ष प्रापणों की प्रतिस्पर्धी बोली में भारतीय उद्योगों को भाग लेने के लिए जागरूकता पैदा करने और प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रो. शिशिर देशपांडे ने परमाणु संलयन, इटर परियोजना और इटर-भारत के प्रापण पैकेजों में की गई प्रगति के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया। अन्य वक्ता श्री अजित कुमार, श्री दिलशाद सुलेमान और श्री मलय वोरा ने अब तक इटर परियोजना के साथ भारतीय उद्योगों का जुड़ाव, आगामी अवसर, इटर परियोजना से जुड़ने के विभिन्न तरीकों और बोली प्रक्रिया के दौरान शामिल चरणों के बारे में बात की। डॉ. सर्जियो ओरलैंडी ने अपनी दूरस्थ प्रस्तुति में इटर

साइट पर हुई प्रगति, आगामी अवसरों, इटर की निविदा प्रक्रियाओं को समझाया, साथ ही बोली दस्तावेज़ों की अपेक्षित गुणवत्ता पर जोर दिया। श्री अरुण चक्रवर्ती ने अपने व्याख्यान में सभी पहलुओं से बोली को तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री अरुण चक्रवर्ती ने परस्पर चर्चा सत्र का नेतृत्व किया, जिसमें उद्योगों के प्रतिभागियों ने इटर-भारत के साथ निरंतर संपर्क में रहने का अनुरोध किया और साथ ही उन्होंने संयुक्त बोली के लिए भारत में और / या विदेश में सहयोग करने वाले उद्योगों का पता लगाने की अपनी इच्छा जाहिर की। भविष्य की कार्रवाइयों के लिए इटर-भारत द्वारा किये जाने वाले कार्य की पहचान की गई है, जिसमें औद्योगिक संपर्क अधिकारी को नामित करना, उद्योगों की सूची को उनकी विशेषज्ञता के साथ समेकित करना, भारतीय उद्योगों को ज्ञात यूरोपीय उद्योगों से भविष्य में तालमेल के लिए परिचित कराना, इत्यादि शामिल हैं। इसके अलावा इटर-भारत ने अनुबंध के नियमों एवं शर्तों, निविदा बजट के आकलन, पात्रता मानदंड, बोली प्रस्तुत करने आदि पर अधिक स्पष्टीकरण लाने के लिए इटर के साथ संलग्न होने पर सहमति व्यक्त की गई। उद्योग के प्रतिनिधियों की सामान्य अपेक्षा थी की भारतीय उद्योगों की अधिक सफलता के लिए समय-समय पर इसी तरह की कार्यशालाओं का आयोजन किया जाए। प्रतिभागियों को आदित्य टोकमॅक, एसएसटी -1, और इटर-भारत प्रयोगशालाओं में भी जाने का अवसर मिला। अंत में श्री उज्ज्वल बरुआ ने प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया और एक बड़े फोरम पर इसी तरह की बैठक आयोजित करने की आशा व्यक्त की।

आदित्य टोकामॅक के 30 साल

आईपीआर ने भारत में पहले स्वदेशी टोकामॅक के सफल संचालन के 30 साल पूरे होने पर (NSC30AT2020), उद्यमिता विकास संस्थान (EDI) गांधीनगर में 27 जनवरी - 28, 2020 के दौरान "आदित्य और उसका उन्नयन" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य 30 वर्षों के दौरान आदित्य की वैज्ञानिक गतिविधियों का उत्सव मनाना - उसके ऐतिहासिक विकास का पता लगाना, उसकी वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियों पर प्रकाश डालना, आदित्य के नवीनतम अवतार के प्रायोगिक कार्यक्रम (उन्नत आदित्य) पर चर्चा करना और अंत में कार्यक्रम के संभावित भविष्य की वैज्ञानिक और तकनीकी योजना पर चर्चा करना था । बैठक का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. अनिल काकोडकर (पूर्व अध्यक्ष, एईसी), माननीय अतिथि डॉ. आर. बी. ग्रोवर (होमी भाभा चेयर, पऊवि, एचओडी इटर काउंसिल), डॉ. एस. चतुर्वेदी (निदेशक, आईपीआर) और डॉ. एस. देशपांडे (अध्यक्ष, NSC30AT) ने पारंपरिक द्वीप प्रज्वलन से किया । पूरे देश से 300 से अधिक प्रतिभागियों ने इस संगोष्ठी में भाग लिया। उद्घाटन सत्र के दौरान, डॉ. एस. चतुर्वेदी ने एकत्रित सभा का स्वागत किया और आदित्य की शुरुआती दिनों की अपनी यादें साझा की। डॉ. अनिल काकोडकर ने उद्घाटन भाषण दिया और इस अवसर पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। डॉ. आर. ग्रोवर और प्रो. ए. सेन ने मुख्य भाषण दिए। डॉ. ग्रोवर ने भारत मे बढ़ती बिजली की मांग पर जोर दिया और बिजली उत्पादन के आर्थिक पहलुओं पर विचार व्यक्त किए और प्रो. ए. सेन ने आदित्य टोकामॅक का उद्भव कैसे हुआ और भारत में संलयन कार्यक्रम की बढ़ोतरी की दिशा में किए गए प्रयास पर विचार-विमर्श किया । दो दिवसीय संगोष्ठी में आईपीआर के प्रख्यात वक्ता और साथ ही पऊवि की इकाइयों और अन्य संस्थानों से 23 आमंत्रित वार्ताएं प्रस्तुत की गई। "पैनल चर्चा"आयोजित की गई थी जिसका विषय था - देश के भीतर विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्रों को टोकामॅक अनुसंधान पर व्यावहारिक अनुभव प्रदान के लिए आदित्य अपग्रेड टोकामॅक को कैसे एक राष्ट्रीय सुविधा बनाया जा सकता है। एक पोस्टर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें कुल 55 पोस्टर प्रस्तुत किये गये। 27 जनवरी, 2020 की शाम को प्रतिभागियों को आदित्य अपग्रेड का दौरा कराया गया, इसके बाद, एन एस सी 30 ए टी(NSC30AT) की स्थानीय प्रबंधन समिति द्वारा आईपीआर में स्वागत भोज का आयोजन किया गया।

आईपीआर में प्लाज़्मा सिमुलेशन सम्मेलन (सीपीएस)

23-24 जनवरी, 2020 के दौरान प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में प्लाज़्मा सिमुलेशन सम्मेलन (सीपीएस) आयोजित किया गया था। सम्मेलन में कई वैज्ञानिकों ने भाग लिया और इस सम्मेलन में प्रस्तुत वैज्ञानिक सामग्री काफ़ी ज्ञान वर्धक थी। दो-दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 22 आमंत्रित वार्ताएं और 52 पोस्टर प्रस्तुतियां हुईं। देश भर के 23 से अधिक विभिन्न विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों से प्रतिभागियों ने इस सम्मेलन में भाग लिया था। उनके अनुसंधान रूचि और योगदानों ने प्लाज़्मा विज्ञान की एक विस्तृत श्रृंखला को सम्मिलित किया जैसे कि चुंबकीय और जड़त्वीय संलयन, अंतरिक्ष और खगोल भौतिकी प्लाज़्मा, प्लाज़्मा सतह अंतर्क्रिया, प्लाज़्मा के औद्योगिक अनुप्रयोग, प्लाज़्मा आधारित प्रणोदन उपकरण, प्लाज़्मा आधारित कण त्वरक आदि। अनेक सिमुलेशन मॉडल और तकनीक जैसे कि जायरो-काइनेटिक एवं जायरो द्रव्य मॉडल, एम एच डी मॉडल, द्रव और पीआईसी सिमुलेशन पर चर्चा की गई। यह सम्मेलन आईपीआर, डीएईबीआरएनएस और एसईआरबी द्वारा समर्थित था।

विक्रम साराभाई शताब्दी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

परमाणु ऊर्जा विभाग के संस्थापक के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आईपीआर ने अपने मुख्य परिसर में 1-2 फरवरी 2020 के दौरान विक्रम साराभाई शताब्दी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक, आईपीआर डॉ. शशांक चतुर्वेदी और श्री रवि शंकर, एजीएम, एसबीआई क्षेत्रीय व्यापार कार्यालय -1, गांधीनगर द्वारा किया गया। इस शताब्दी समारोह में डॉ. विक्रम साराभाई पर कई पोस्टर और वीडियो प्रदर्शित किये गये। इस

आयोजन में गुजरात राज्य के दोनों शहरी और ग्रामीण स्कूलों के 900 से अधिक छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सेंट जेवियर्स कॉलेज, अहमदाबाद के बीएससी फिजिक्स के छात्रों के सहयोग से कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे प्रश्नोत्तरी, भाषण, नाटक और साथ ही स्कूलों और आईपीआर स्टाफ द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। दिसंबर महीने में स्कूली छात्रों के लिए पोस्टर और निबंध लेखन जैसी ऑफ़लाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। स्कूल के शिक्षकों के लिए आयोजित अभिनव शिक्षण सहायक प्रतियोगिता में कलापी विनय मंदिर, लाथी के श्री एच. के. गोहिल ने पहला पुरस्कार जीता। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शनी और ओपन हाउस देखने के लिए 3000 से अधिक आगंतुक आईपीआर आए थे। 3 फरवरी को समापन सत्र आयोजित किया गया, जिसमें डीन आर एंड डी, डॉ. पी.के. आत्रेय द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कार दिये गये। कई स्पर्धाओं में पुरस्कार जीतने वाले स्कूलों में पोद्दार इंटरनेशनल स्कूल, अहमदाबाद, सेंट मैरी स्कूल, अमरेली, दिव्यपथ साइंस स्कूल, अहमदाबाद, जीके ढोलकिया स्कूल, राजकोट, न्यू एरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वडोदरा, आदि हैं।
सीपीपी-आईपीआर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

सीपीपी-आईपीआर में 28 फरवरी, 2020 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। सीपीपी-आईपीआर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में आसपास के 20 विभिन्न स्कूलों के लगभग 350 छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। भाग लेने वाले छात्रों के लिए चार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण और चित्रकला प्रतियोगिता। कार्यकारी केंद्र निदेशक प्रो बी के सैकिया ने इस एक दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.बी. भट्टाचार्यजी, विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, गौहाटी यूनिवर्सिटी ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और छात्रों को वैज्ञानिक प्रवृत्ति जगाने के लिए प्रोत्साहित किया। सीपीपी-आईपीआर के सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. एम. डे ने भी छात्रों के साथ बातचीत की और डॉ. विक्रम साराभाई के जीवन और कार्यों पर एक व्याख्यान दिया। इस वर्ष के विज्ञान दिवस की थीम (विज्ञान के क्षेत्र में महिलाएँ) के साथ संस्थान की विभिन्न गतिविधियों की विशेषता वाले पोस्टर और ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियाँ प्रदर्शित की गईं।

आईपीआर में 3-दिवसीय बूटकैंप

ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू), उच्च निष्पादन और बड़े पैमाने पर समानांतरीकरण प्रदान करते हैं, लेकिन जीपीयू के निष्पादन का पूर्ण रूप से लाभ उठाने के लिए वैज्ञानिक अनुप्रयोग/कोड लिखना एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण और मुश्किल काम हो सकता है। आईपीआर के एचपीसी उपयोगकर्ताओं को ANTYA एचपीसी क्लस्टर के जीपीयू नोड्स पर अपने कोड को चलाने में बाधा को कम करने में मदद करने के लिए, आईपीआर के कंप्यूटर प्रभाग ने NVIDIA के साथ भागीदारी की और आईपीआर में 12 -14 फरवरी, 2020 के दौरान अपना पहला जीपीयू बूटकैंप रखा। कर्मचारी, पीएचडी स्कॉलर् और पीडीएफ सहित कुल 40 प्रतिभागियों ने इस बूटकैम्प में भाग लिया।

पहले दिन यह कार्यक्रम उन सभी के लिए रखा गया, जिनके पास OpenACC निर्देशों या जीपीयू प्रोग्रामिंग के बारे में पिछला कोई अनुभव नहीं था, और अंतिम दो दिन केवल आईपीआर की पंजीकृत टीम के लिए यह कार्यक्रम रखा गया, जिसमें प्रत्येक टीम के पास एक कोड था। पहले दिन प्रतिभागियों को उपलब्ध लाइब्रेरी, प्रोग्रामिंग मॉडल और प्लेटफार्मों से परिचित किया गया और ओपनएसीसी प्रोग्रामिंग मॉडल का उपयोग करके नमूना कोड के आधार पर विस्तृत व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से जीपीयू प्रोग्रामिंग की मूल बातें सिखाई। कार्यक्रम के लिए कई अच्छे गुणवत्ता वाले कोड (क्रमिक और समानांतर) स्पैनिंग कम्प्यूटेशनल फ्लूड डायनेमिक्स (सीएफडी), मॉलिक्यूलर डायनामिक्स(एमडी) और पार्टिकल-इन-सेल (पीआईसी) डोमेन प्राप्त किए गए थे। दूसरे और तीसरे दिन 13 पंजीकृत टीम में से 7 टीम, जिसमें प्रत्येक टीम में 3-5 सदस्य हैं, ने जीपीयू--प्रोग्रामिंग विशेषज्ञता वाले NVIDIA के परामर्शदाताओं के साथ काम किया।

आईपीआर की टीमों ने मुख्य रूप से जीपीयू प्रोग्रामिंग के बारे में जानकारी और विशेषज्ञता प्राप्त की और उस सूचना को पोर्ट पर लागू किया और ANTYA GPU नोड्स पर अपने वैज्ञानिक कोड की गतिवृद्धि की। प्रतिभागी निम्नलिखित रूप में लाभान्वित हुए,
प्रदर्शन में अवरोध या हॉटस्पॉट्स का पता लगाने के लिए अपने कोड को प्रोफाइल करना सीखा।
OpenACC का मूल कौशल अर्जित किया, जिसे पूर्ण कोड पर लागू किया जा सकता है।
अनुभवी परामर्शदाताओं की मदद से टीम के कुछ सदस्यों को अपने कोड में विभिन्न अंतर्दृष्टि मिली जिससे उन्हें अपने कोड के पुनर्गठन में मदद मिली।

7 कोड में से 6 कोड सफलतापूर्वक जीपीयू पर पोर्ट किए गए और उनमें से कुछ ने गतिवृद्धि भी प्राप्त की। जिस कोड को पोर्ट नहीं किया जा सका, उसके पुनर्गठन की आवश्यकता है, उस कोड में लिगसी मुद्दों को हल करने के बाद पोर्ट किया जाएगा।
इस बूट-कैंप में भाग लेने वाले लगभग 40 आईपीआर कर्मचारियों को जीपीयू में अपने कम्प्यूटेशनल काम को पोर्ट करने के संभावित लाभ सीखने को मिले।

--!!--

F. अन्य गतिविधियाँ

F.1 आउटरिच

- इस अवधि के दौरान आउटरीच कार्यक्रम के एक भाग के रूप में 26 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों के 1100 से अधिक छात्रों और 60 शिक्षकों ने आईपीआर का दौरा किया। उन्हें आईपीआर के मुख्य परिसर और एफसीआईपीटी में विभिन्न प्रयोगशालाएं एवं विस्तार प्रयोगशालाएँ दिखाई गईं। अहमदाबाद और गुजरात के अन्य शहरों/कस्बों और पड़ोसी राज्यों के इंजीनियरिंग और साइंस कॉलेजों तथा स्कूलों के छात्र और शिक्षक, तथा इसरो से भी आगंतुक इनमें शामिल थे।

- **आईपीआर ने पऊवि तथा अन्य संस्थाओं द्वारा आयोजित/समर्थित निम्नलिखित प्रदर्शनियों/आयोजनों में भाग लिया**

o 17 जून-2019 को मुंबई के अणुशक्ति नगर में डीएई-सीआईआई कार्यक्रम "परमाणु एक्सपो -2019"

o 18 जून, 2019 को खारघर, नवी मुंबई में रामसेठ ठाकुर पब्लिक स्कूल में 12वीं कक्षा के विज्ञान के छात्रों के साथ वैज्ञानिक आउटरीच, तथा विचार विमर्शा

o 5-9 अगस्त, 2019 के दौरान आरएपीएस, रावतभाटा में डीएई-एनजेयू कार्यशाला और प्रदर्शनी

o 12 अगस्त 2019 को अहमदाबाद में डॉ. विक्रम साराभाई शताब्दी प्रदर्शनी

o 30 अगस्त, 2019 को एलडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, अहमदाबाद में "तरंग- 2K19- स्पेस साइंस फेस्ट" आयोजित किया गया।

o17-18 अक्टूबर, 2019 के दौरान पऊवि द्वारा डीएई कन्वेंशन सेंटर, मुंबई के अणुशक्ति नगर में आयोजित डॉ. विक्रम साराभाई शताब्दी समारोह।

02-03 दिसंबर 2019 के दौरान गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, जबलपुर (MP) में "जिज्ञासा-2019" वैज्ञानिक आउटरीच गतिविधि कार्यक्रम जो कि उन्मेष ज्ञान विज्ञान विचार संगठन द्वारा आयोजित एवं पऊवि आउटरीच द्वारा समर्थित किया गया था।

o 2-दिसंबर, 2019 को आर.के. युनिवर्सिट, राजकोट में प्लाज़्मा विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर वैज्ञानिक आउटरीच गतिविधि आयोजित।
o 107 वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस, "प्राइड ऑफ इंडिया" प्रदर्शनी, बेंगलुरु, में 3-7 जनवरी, 2020 को आयोजित।
o आईपीआर में 1-2 फरवरी, 2020 को विक्रम साराभाई शताब्दी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में 900 से अधिक छात्रों, शिक्षकों तथा ~ 3000 आगंतुकों ने भाग लिया।
o 34वाँ गुजरात विज्ञान कांग्रेस, गणपत विश्वविद्यालय, मेहसाणा 8-9 फरवरी, 2020 के दौरान आयोजित।

o एम जी साइंस कॉलेज, अहमदाबाद में 13-14 फरवरी, 2020 के दौरान दो-दिवसीय "प्लाज़्मा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा परमाणु संलयन से ऊर्जा पर जागरूकता कार्यक्रम"।

- पऊवि, डीएसटी और एनसीएसएम द्वारा आयोजित "विज्ञान समागम", मेगासाइंस प्रदर्शनी में इटर सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन निम्नलिखित स्थानों पर किया गया, जिसमें प्लाज़्मा और उसके अनुप्रयोगों पर लोकप्रिय व्याख्यान एवं व्यावहारिक प्रयोग प्रदर्शित किये गये।

o नेहरू विज्ञान केंद्र, मुंबई, 20-26 मई, 2019

o विश्वेश्वरैया औद्योगिक और प्रौद्योगिकी संग्रहालय, बेंगलुरु, 20-24 अगस्त, 2019

o साइंस सिटी, कोलकाता, 12-16 नवंबर, 2019

o राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली, 03-07 मार्च, 2020

आईपीआर में आगामी प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी केंद्र में उपयोग के लिए निम्नलिखित स्पर्श-इंटरैक्टिव सामग्री तैयार की
o पऊवि की विभिन्न इकाइयाँ, विस्तृत, इंटरैक्टिव जानकारी सहित
o आईपीआर द्वारा विकसित विभिन्न प्रौद्योगिकियां
o छात्र आगंतुकों के लिए प्लाज़्मा पर टच स्क्रीन आधारित प्रश्नोत्तरी।

- शैक्षिक भ्रमण पर आने वालों के लिए आईपीआर में प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी-सह-आगंतुक व्यावहारिक प्रयोग हॉल स्थापित किया गया।

NFC
प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
IPR
प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
IPR

Nuclear Power Corporation of India Limited

ITER-India

F.2 राजभाषा कार्यान्वयन

संस्थान में राजभाषा के सुचारू कार्यान्वयन हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इस अवधि के दौरान राजभाषा नीति का अनुपालन करते हुए कई उपलब्धियाँ प्राप्त की गई।

इस दरमियान राजभाषा के क्षेत्र में पूर्ण की गई गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है:

- परमाणु ऊर्जा विभाग एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, गांधीनगर को हिंदी तिमाही/छमाही प्रगति रिपोर्टें समय पर भेजी गई। राजभाषा विभाग के ऑनलाइन पोर्टल में सभी तिमाही रिपोर्ट निर्धारित समय में भरी गई।
- 26 अप्रैल, 2019 को उपनिदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, मुंबई द्वारा संस्थान का हिंदी के प्रगामी प्रयोग की स्थिति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक ने संस्थान में राजभाषा कार्यान्वयन की सराहना की एवं आगे और प्रगति करने हेतु सुझाव दिये।
- नराकास, गांधीनगर की 13वीं छमाही बैठक दिनांक 16 अक्टूबर, 2019 को प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान में आयोजित की गई। इस बैठक में डॉ. सुस्मिता भट्टाचार्य, उप निदेशक (कार्यान्वयन)-राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, मुंबई, श्री पंकज एम जानी, अध्यक्ष नराकास एवं प्रमुख बड़ौदा एपेक्स अकादमी, गांधीनगर एवं नराकास गांधीनगर में स्थित केन्द्र सरकारी कार्यालयों/बैंकों के प्रमुख, प्रतिनिधि, राजभाषा अधिकारी एवं हिंदी प्रभारी उपस्थित हुए।
- संस्थान नराकास की गतिविधियों में हमेशा से सक्रिय भूमिका निभाता आ रहा है। इस वर्ष नराकास, गाँधीनगर के तत्वावधान में संस्थान ने 6 अगस्त, 2019 को ऑनलाइन वर्ग पहेली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में नराकास गांधीनगर के सदस्य कार्यालयों/बैंकों के कुल 33 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।
- हिंदी सेमिनार: आईपीआर की राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा दिनांक 7 मई, 2019 (मंगलवार) को तकनीकी/वैज्ञानिकी विषय पर एक दिवसीय हिन्दी सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न तकनीकी/वैज्ञानिकी विषयों पर कुल 11 पावर पॉइंट प्रस्तुतियाँ दी गई। इस अवसर पर राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु पिछली छमाही (जुलाई-दिसम्बर, 2018) के लिए अंतर अनुभागीय चल राजभाषा शील्ड लेखा अनुभाग को प्रदान की गई। लेखा अनुभाग के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप टैली सॉफ्टवेयर के सभी वाउचर हिंदी में जनरेट किये जा रहे हैं, जो कि एक विशेष उपलब्धि है।
- हिंदी पखवाड़ा समारोह: संस्थान में 3 सितंबर, 2019 से 17 सितंबर, 2019 तक हिंदी पखवाड़ा समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 11 प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई - नारा लेखन, निबंध लेखन, हिंदी टाइपिंग, टिप्पण एवं अनुवाद, तकनीकी/प्रशासनिक लेख लेखन, प्रश्नोत्तरी, चाय पर चर्चा, समाचार वाचन, वादविवाद, तात्कालिक भाषण एवं स्वरचित कविता-पाठ, जिसमें लगभग 160 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- हिंदी व्याख्यान: दिनांक 8 अगस्त, 2019 को संस्थान में ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटड (ओएनजीसी) की गतिविधियों पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। ओएनजीसी, अहमदाबाद के महाप्रबंधक डॉ. उमेश पांडे को इस विषय पर व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया था।
- अनुभाग का आंतरिक निरीक्षण: दिनांक 6 नवंबर, 2019 को प्रशासन अनुभाग-3 का हिंदी प्रयोग संबंधी आंतरिक निरीक्षण किया गया एवं इसकी रिपोर्ट निदेशक, आईपीआर के समक्ष प्रस्तुत की गई।
- विश्व हिंदी दिवस समारोह: 10 जनवरी, 2020 को विश्व हिंदी दिवस समारोह के अवसर पर हिंदी वक्तव्य हेतु अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, इसरो अहमदाबाद के डॉ.बी.एस.मुंजाल, वैज्ञानिक/इंजीनियर--जी को आमंत्रित किया गया। उन्होंने इस अवसर पर "हिंदी की दुनिया- एक कवि, शायर और कलाकार के अंदाज में... " पर अपने विचार व्यक्त किये। इसके पश्चात् संस्थान के सदस्यों के लिए हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- अटॉलिस प्रोत्साहन योजना: पऊवि की अटॉलिस प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत संस्थान में 1 अप्रैल, 2019 से तीनों प्रोत्साहन योजनाएँ लागू की गई है। सरकारी कार्य हिंदी में करने हेतु प्रोत्साहन योजना में कर्मचारी/अधिकारी काफी उत्सुकता से भाग ले रहे हैं एवं नकद पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं।
- हिंदी प्रशिक्षण: संस्थान पूरी निष्ठा से हिंदी प्रशिक्षण देने हेतु प्रयास करता है। इस वित्तीय वर्ष के दौरान हिंदी शिक्षण योजना, अहमदाबाद के तहत 4 कर्मचारियों ने प्राज्ञ परीक्षा उत्तीर्ण की एवं 2 कर्मचारियों ने कंप्यूटर पर हिंदी टाइपिंग परीक्षा उत्तीर्ण की।
- हिंदी कार्यशाला: इस अवधि में प्रत्येक तिमाही में कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित करने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। कर्मचारियों को राजभाषा नीति संबंधी

संवैधानिक प्रावधान, राजभाषा नियम आदि से परिचित कराया गया। कंप्यूटर पर हिंदी में काम करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया और उन्हें हिंदी सॉफ्टवेयर, वॉयस टाइपिंग, टेक्स्ट टू स्पीच आदि से भी अवगत कराया गया था। डेस्कटॉप से डेस्कटॉप वर्कशॉप का भी संचालन किया गया था। संस्थान में स्थापित नये कंप्यूटरों में हिंदी भाषा को सक्रिय किया गया एवं कर्मचारियों को राजभाषा विभाग के हिंदी ई-टूल्स से परीचित कराया गया।

- हिंदी पत्रिका: संस्थान की हिंदी गृह पत्रिका प्लाज़्मा ज्योति का 27वाँ अंक इस वित्तीय वर्ष में प्रकाशित किया गया।
- अनुवाद कार्य: वार्षिक प्रतिवेदन, गतिविधि रिपोर्ट, पऊवि से प्राप्त सामग्री, अनुभागों से प्राप्त दस्तावेज़, पत्रों, फॉर्म आदि का अनुवाद कार्य पूरा किया गया।
- हिंदी अधिकारी ने 16 नवंबर से 18 नवंबर, 2019 तक एएमडी, हैदराबाद में पऊवि द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया।
- 27 से 31 जनवरी, 2020 के दौरान प्रशासनिक प्रशिक्षण संस्थान(ATI), परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई द्वारा विभिन्न यूनिटों के हिंदी पदाधिकारियों के लिए संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आईपीआर के डॉ.सूर्यकान्त गुप्ता, वैज्ञानिक अधिकारी-जी ने आमंत्रित वक्ता के रूप में आईपीआर की गतिविधियों पर व्याख्यान दिया एवं विस्तार पूर्वक चर्चा की।
- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस: 1 एवं 2 फरवरी, 2020 को विक्रम साराभाई राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर गुजरात राज्य के स्कूलों के छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएँ जैसे विज्ञान नाटिका, विज्ञान मॉडल, प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, भाषण, पोस्टर आदि अंग्रेजी, हिंदी एवं गुजराती भाषा में आयोजित की गई।
- राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह: मार्च, 2020 में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान नारा लेखन एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता हिंदी में भी आयोजित की गई।

उपलब्धियाँ:

- नराकास, गांधीनगर स्तर पर उपलब्धियाँ: 26 अप्रैल, 2019 को बड़ौदा एपैक्स अकादमी, गांधीनगर में आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, गांधीनगर की बारहवीं छमाही बैठक में राजभाषा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्यनिष्पादन हेतु वर्ष 2018 के लिए प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान को प्रथम पुरस्कार के रूप में शील्ड और प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। नराकास(TOLIC) के तत्वावधान में निफ्ट(NIFT), गांधीनगर द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता के लिए संस्थान की सुश्री प्रतिभा गुप्ता, वैज्ञानिक अधिकारी - एफ को प्रथम पुरस्कार के रूप में 5,000 रुपये एवं श्रीमती शिल्पा खंडकर, वैज्ञानिक सहायक - सी को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 2,500 रुपये प्रमाण पत्र सहित प्रदान किये गये। जनगणना कार्यनिदेशालय, गांधीनगर द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के लिए श्री वृषांक मेहता, वैज्ञानिक अधिकारी-डी को द्वितीय पुरस्कार एवं श्री हिमांशु त्यागी, वैज्ञानिक अधिकारी-डी को प्रोत्साहन पुरस्कार पुरस्कार प्रमाण पत्र सहित प्रदान किये गये। मुख्यालय तटरक्षक क्षेत्र द्वारा 10 जुलाई, 2019 को आयोजित हिन्दी आशुभाषण प्रतियोगिता के लिए सुश्री हिरल जोशी को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान द्वारा 06 अगस्त 2019 को आयोजित ऑनलाइन वर्ग पहेली प्रतियोगिता के लिए श्रीमती ज्योति अग्रवाल को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 25 सितम्बर 2019 को आयोजित कविता प्रतियोगिता के लिए श्री कौशलेंद्र सिंह, को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्यालय तटरक्षक क्षेत्र द्वारा 27 सितम्बर 2019 को आयोजित राजभाषा नीति हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के लिए श्री अनुज कुमार गर्ग को प्रथम एवं श्री रजनीकांत भटासना को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया।
- परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय, (एएमडी), हैदराबाद में 15 नवम्बर, 2019 को आयोजित पऊवि के 20वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा सरकारी कार्यों में राजभाषा के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए आईपीआर को ये पुरस्कार प्रदान किये गये हैं: 1) वर्ष 2018-19 के लिए पऊवि की सहायता प्राप्त संस्थान श्रेणी के अंतर्गत राजभाषा शील्ड(उपविजेता), 2) वर्ष 2018-19 के लिए पऊवि की सहायता प्राप्त संस्थान श्रेणी के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ राजभाषा गृह पत्रिका पुरस्कार(विजेता), 3) डॉ. प्रवीण कुमार आत्रेय, डीन (आर एंड डी) व वैज्ञानिक अधिकारी - एच तथा श्री हरीश चन्द्र खण्डूरी, प्रशासनिक अधिकारी-1 को राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में रचनात्मक एवं उत्कृष्ट योगदान देने के लिए परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा वर्ष 2018-19 के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान कर हिंदी सेवी सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- विज्ञान नाटिका: प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान की विज्ञान नाटिका "विज्ञान मंथन" को हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद्, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, मुंबई द्वारा अणुशक्तिनगर, मुंबई में 28-30 नवंबर, 2019 के दौरान अखिल भारतीय हिंदी विज्ञान सम्मेलन में परमाणु ऊर्जा विभाग की विभिन्न इकाइयों के बीच आयोजित हिंदी में एक विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में श्रेष्ठ मनोरंजक नाटक का पुरस्कार प्राप्त हुआ।

F.3 सूचना का अधिकार

रिपोर्ट अवधि 19-20 के दौरान कुल 63 आरटीआई आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 53 नए आरटीआई आवेदन थे, जबकि अन्य 10 अपील थी। सभी आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर संबंधित लोक सूचना अधिकारी और अपीलीय प्राधिकारी द्वारा निपटा दिया गया है।

F4 परिसर में अन्य गतिविधियाँ

आईपीआर में योग दिवस

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, सामान्यतः और अनौपचारिक रूप से योग दिवस के रूप में जाना जाता है, जिसे वर्ष 2015 में 21 जून को इसके सूत्रपात के बाद से प्रतिवर्ष मनाया जाता है। आईपीआर में 21 जून 2019 को आईपीआर परिसर के लॉन में योग सत्र का आयोजन किया गया। योग विशेषज्ञ श्री विवेक शर्मा (आर्ट ऑफ लिविंग) ने आईपीआर स्टाफ के हित हेतु इस सत्र का संचालन किया, जिसमें आईपीआर के कई कर्मचारियों ने भाग लिया।

आईपीआर में "स्वच्छता ही सेवा" (एसएचएस) अभियान -2019

11 सितंबर से 2 अक्टूबर 2019 के दौरान आईपीआर और इसके विभिन्न परिसरों में "स्वच्छता ही सेवा" (एसएचएस) अभियान, 2019 बड़े जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की एक पहल है। इस अभियान के तहत, आईपीआर के कर्मचारियों को अपने कार्यालय और प्रयोगशाला स्थानों को साफ करने के लिए प्रेरित किया गया और प्लास्टिक व अन्य अवांछित सामग्रियों को भी हटाया गया। आईपीआर के सभी कर्मचारी इस अभियान के दौरान सामूहिक सफाई गतिविधियों में प्रभावी रूप से शामिल हुए। अवांछित वस्तुओं (प्लास्टिक, कागज, धातु, गैर-धातु, और विभिन्न अन्य अपशिष्टों) को हटाने के लिए सभी कार्यालयों, प्रयोगशालाओं, कैंटीन, गेस्ट हाउस, रसोई और शौचालयों की सफाई के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान स्वच्छता के महत्व को दर्शाते हुए विभिन्न पोस्टरों, बैनरों, नारों को नोटिस बोर्ड और आईपीआर के अन्य कई स्थानों पर प्रदर्शित किया गया। आईपीआर में "स्वछता ही सेवा (एसएचएस) अभियान - 2019" पर एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई है। स्वछता ही सेवा (SHS) अभियान, 2019 को जारी रखने के लिए कई कार्य योजनाएं भी शुरू की गई हैं

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2019 (28 अक्टूबर - 2 नवंबर 2019) का अनुपालन करते हुए डॉ. शशांक चतुर्वेदी, निदेशक सहित आईपीआर स्टाफ ने 30 अक्टूबर 2019 को प्रातः 11.00 बजे अखंडता शपथ ग्रहण की। डॉ. अनीता वी.पी. मुख्य सर्तकता अधिकारी ने शपथ की अगुवाई की। 1 नवंबर 2019 को आईपीआर के सेमिनार हॉल में श्री निरंजन कुमार, एकीकृत वित्त सलाहकार, भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस), मुख्यालय दक्षिणी कमांड, पुणे ने "अखंडता - जीवन जीने का तरीका" विषय पर व्याख्यान दिया। श्री ए. ई. हार्वे ने 6 नवंबर, 2019 को आईपीआर में "सतर्कता, अखंडता और आचरण नियमों" पर व्याख्यान दिया और इसके बाद कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। आईपीआर की मुख्य सर्तकता अधिकारी ने इस संबंध में एक छोटा सा वीडियो भी दिखाया।

आईपीआर में 49 वाँ राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह - 2020

आईपीआर में 49 वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 4-10 मार्च 2020 के दौरान मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान संस्थान के कर्मचारियों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाने हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। निर्धारित थीम के आधार पर आईपीआर, एफसीआईपीटी और इटर-भारत के कर्मचारियों के लिए गुजराती, हिंदी और अंग्रेजी में नारा लेखन एवं सुरक्षा पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। आईपीआर में कर्मचारियों के साथ-साथ सुरक्षाकर्मियों के लिए विभिन्न अग्निशमन उपकरणों का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 9 मार्च को आयोजित समापन सत्र में श्री देवेंद्र मोदी ने स्वागत भाषण दिया, जिसके बाद श्री राज सिंह ने "मानव शरीर पर आरएफ और माइक्रोवेव विकिरणों का प्रभाव - तथ्य और मिथ्या" पर व्याख्यान दिया। डॉ. प्रवीण कुमार आत्रेय, डीन (आर एंड डी) ने निदेशक, आईपीआर की ओर से सुरक्षा संदेश पढ़ा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया की व्यक्तिगत रूप से योगदान देकर ही अपने सहयोगियों और हितैषियों की सुरक्षा का ख्याल रखा जा सकता है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि सुरक्षा का संबंध सही काम करने से है, यद्यपि ऐसा करते हुए आपको कोई नहीं देख रहा हो। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं और आईपीआर के सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा समन्वयकों को भी बधाई दी। समारोह में विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए। डीन (आर एंड डी) ने कर्मचारियों को सुरक्षा शपथ दी। श्री डी. मोदी ने दर्शकों के लिए एक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी आयोजित की। श्री सुनील कुमार, अध्यक्ष-सुरक्षा समिति ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

आईपीआर में स्वच्छता-पखवाड़ा का आयोजन

आईपीआर में "स्वच्छता-पखवाड़ा" 16-28 फरवरी 2020 के दौरान मनाया गया। यह कार्यक्रम पऊवि के सभी संस्थानों सहित सभी सरकारी

संस्थानों में मनाया गया। आईपीआर के सभी स्टाफ सदस्यों ने इस अभियान में सक्रियता पूर्वक भाग लिया। स्वच्छ पखवाड़ा के दौरान की जाने वाली गतिविधियों में शामिल हैं;

- कार्यालयों, प्रयोगशालाओं और संस्थान के अलग-अलग खुले स्थानों से एकत्र किए गए सभी अवांछित अपशिष्ट पदार्थों को हटाना, उन्हें सही तरीके से अलग करना और निपटाना।
- सही तरीके से सफाई और कचरे के निपटान की जांच करने के लिए सभी कार्यालयों, प्रयोगशालाओं, कैंटीन, अतिथिगृह, रसोई, और शौचालयों का सर्वेक्षण।

--!!--

31 मार्च 2020 को लेखा परीक्षित खाता

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

पंजीकरण संख्या GUJ/88/गाँधीनगर

टी.एन.शाह एवं कंपनी
चार्टर्ड अकाउन्टेंट
दूरभाषः +91 079 23222152
फैक्सः +91 079 23241432
फर्म रेजि. नं.109802/W
C. एवं A.G.रेजि. नं. WR/0534
ई-मेल : tnshahincometax@gmail.com

सीए एन.बी.शाह, बी.कॉम, एफ.सी.ए.
सीए टी.एन.शाह, बी.कॉम, एफ.सी.ए. डीआईएसए

स्वतंत्र लेखाकार का प्रतिवेदन

वित्तीय विवरणों पर प्रतिवेदन

1. हमारे द्वारा **प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, भाट, गाँधीनगर - 382 428** के 31 मार्च, 2020 का पक्का-चिट्ठा, साथी ही इस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय तथा प्राप्ति एवं भुगतान खाते का लेखा परीक्षा कार्य किया गया।

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबन्धन का दायित्व

2. ये वित्तीय विवरण संस्थान के प्रबंधन का दायित्व है। इन दायित्वों में वित्तीय विवरण की तैयारी एवं प्रस्तुति से संबंधित आंतरिक नियंत्रण का अभिकल्पन, कार्यान्वयन एवं वित्तीय विवरण का प्रस्तुतीकरण शामिल है जो सही और उचित दृष्टिकोण देते हैं एवं किसी भी प्रकार के छल या त्रृटि के कारण पदार्थ का गलत विवरण नहीं देतें।

लेखा परीक्षक का दायित्व

3. हमारा दायित्व हमारे लेखा परीक्षण पर आधारित, इन वित्तीय विवरणों के संबंध में अपना विचार प्रस्तुत करना है।
   हमने लेखा परीक्षण का कार्य भारत में सामान्यतः मान्य लेखा मानक के आधार पर किया है, जो इंस्टिट्यूट ऑफ चारटर्ड अकाउन्टेन्ट्स द्वारा दिये गये हैं। इन मानकों के लिए अपेक्षित नैतिक आवश्यकताओं का हम अनुसरण करते हैं एवं योजना बनानी होती है तथा लेखा परीक्षण करना होता है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वित्तीय विवरण पदार्थ अविवरण से मुक्त है या नहीं। एक लेखा परीक्षा के अंतर्गत वित्तीय विवरणों में राशि और प्रकटीकरण के बारे में लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने की प्रक्रियाएँ शामिल हैं। चयन की गई प्रक्रियाएँ लेखा परीक्षक के निर्णय पर निर्भर है जिसमें वित्तीय विवरण का पदार्थ अविवरण, चाहे दोष या छल के कारण हो, के जोखिम का निर्धारण भी शामिल है। इन जोखिमों का निर्धारण करने में लेखा परीक्षक लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं का अभिकल्पन करने के लिए कंपनी की वित्तीय विवरण की तैयारी एवं सही प्रस्तुतिकरण से संबंधित आंतरिक नियंत्रण को ध्यान में लेता है, जो परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त है। जाँच के आधार पर वित्तीय विवरण में व्यक्त रकम एवं उद्‌बोधनों के सहायक प्रमाणों का परीक्षण लेखा परीक्षण में शामिल होता है। लेखा परीक्षण में प्रयुक्त लेखा सिद्धातों के मूल्यांकन का औचित्य तथा प्रबंधन द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण अनुमानों एवं संपूर्ण वित्तीय प्रस्तुति का मूल्यांकन भी शामिल होता है। हम यह मानते हैं कि हमारा लेखा परीक्षण जो हमने पर्याप्त एवं उचित प्राप्त किया है, हमारे विचारों हेतु मुख्य आधार प्रस्तुत करता है।

मत या विचार

4. हमारे विचार एवं उपलब्ध सूचना तथा हमें दी गई व्याख्या के आधार पर, भारत में स्वीकृत लेखा सिद्धांतों की पुष्टि में वित्तीय विवरण अपेक्षित रूप में अधिनियम द्वारा अपेक्षित सूचना सहित स्वच्छ एवं सत्य रूप दर्शाता है:

   (a) 31 मार्च, 2020 तक संस्थान की गतिविधियों के पक्का चिट्ठा की स्थिति में;
   (b) इस तिथि को समाप्त वर्ष की व्यय से ज्यादा आय को आय एवं व्यय लेखा की स्थिति में एवं
   (c) इस तिथि को समाप्त वर्ष की प्राप्तियों एवं भुगतानों के प्राप्ति-भुगतान खाते की स्थिति में।

कृते टी एन शाह एवं कं
राजपत्रित लेखा कार
फर्म पंजीकरण सं 109802/W

स्थान : गांधीनगर

दिनांक : 21/08/2020

(तुषार एन शाह)
भागीदार
सदस्यता सं. 042748
UDIN : 19042748AAAAAM2129

कार्यालयः 503, 5वीं मंजिल, अभिषेक बिल्डिंग, होटल फॉर्च्युन इन हवेली के सामने, सेक्टर-11, गांधीनगर-382 011.

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
भाट, गांधीनगर-382428
(परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार , मुंबई द्वारा प्रायोजित)
पंजीकरण सं.GUJ/88/गांधीनगर

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए शेष पत्रक

संग्रहित/पुँजीगत निधि एवं देनदारियाँ	SCH.	2019-2020	2018-2019
संग्रहित/पुँजीगत निधि	1	6,81,51,49,605.00	5,99,27,03,773.00
आरक्षित एवं आधिक्य	2	21,13,18,18,650.00	18,41,89,10,816.00
चिह्नित/प्रत्याभूत निधि	3	41,26,17,103.00	38,22,51,748.00
वर्तमान देनदारियाँ एवं प्रावधान	4	4,52,97,59,463.00	2,97,52,74,041.00
कुल		**32,88,93,44,821.00**	**27,76,91,40,378.00**

पूँजी			
अचल पूँजी	5	10,51,14,54,405.00	10,03,26,27,977.00
वर्तमान पूँजी, ऋण, अग्रिम राशि आदि	6	22,37,78,90,416.00	17,73,65,12,401.00
कुल		**32,88,93,44,821.00**	**27,76,91,40,378.00**
व्यय से अधिक आय		-	-
प्रमुख लेखा नियमावली	13		
आकस्मिक देनदारियाँ एवं लेखा विभाग हेतु नोट	14		

हमारी अमुक तिथि की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

कृते टी एन शाह एवं कं
राजपत्रित लेखाकार
फर्म पंजीकरण सं.109802/W

(डॉ. शशांक चतुर्वेदी)	(डॉ. शिशिर देशपांडे)	(फाल्गुनी शाह)	(तुषार एन शाह)
निदेशक	डीन	लेखा अधिकारी-I	भागीदार
			सदस्यता सं.042748

स्थान : गांधीनगर
दिनांक : 17/08/2020

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
भाट, गांधीनगर-382428
(परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार , मुंबई द्वारा प्रायोजित)
पंजीकरण सं.GUJ/88/गांधीनगर

31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित आय-व्यय खाता

A.आय	SCH.	2019-2020	2018-2019
परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार से अनुदान	7	8,40,20,00,000.00	6,74,79,00,000.00
अर्जित ब्याज	8	12,74,22,420.00	16,79,17,587.00
अन्य आय	9	19,40,092.00	72,90,203.00
संपतियों की बिक्री पर लाभ		-	-
कुल (A)		**8,53,13,62,512.00**	**6,92,31,07,790.00**
B. व्यय			
स्थापना व्यय (सेवानिवृत्ति लाभ प्रावधान सहित)	10	3,02,84,86,460.00	1,57,61,90,877.00
अन्य प्रशासनिक व्यय	11	66,20,02,437.00	76,18,07,199.00
अमूर्त संपत्ति के मूल्य ह्रास एवं ऋणमुक्ति	12	49,67,02,900.00	44,88,47,645.00
कटौती : संग्रहित/पुंजीगत निधि से स्थानांतरित		-49,67,02,900.00	-44,88,47,645.00
पूंजीगत परिसंपत्ति/बट्टे खाते के निपटान पर हानि		35,65,634.00	-14,18,606.00
इटर आईओ को नकद अंशदान		46,46,14,840.00	97,08,90,000.00
कुल (B)		**4,15,86,69,371.00**	**3,30,74,69,470.00**
व्यय से अधिक आय /(आय से अधिक व्यय)		4,37,26,93,141.00	3,61,56,38,320.00
चल तथा अचल सम्पत्ति के अतिभार का संचित निधि में अंतरण		1,32,32,79,396.00	45,76,83,113.00
अवर्णित चल तथा अचल संपतियों के लिए संग्रहित निधि से अंतरण		41,30,664.00	39,74,256.00
